■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 337
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
12 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1459:** जोधपुर की स्थापना हुई।
**1666:** छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे।
**1689:** इंग्लैंड और हॉलैंड ने लीग ऑफ आग्सबर्ग बनाया।
**1915:** क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा।
**1925:** उजबेकिस्तान व किर्गिजिस्तान स्वायत्त सोवियत गणराज्य बने।

**उदासियों की वजह तो बहुत है जिंदगी में पर बेवजह खुश रहने का मजा कुछ और है।**

## पाकिस्तान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सख्त चेतावनी

# वहां से गोली चली तो यहां से गोला चलेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा सीमा पर पाकिस्तान की कायराना हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर सीमा पार से गोली चलेगी तो भारत गोलों से उनका जवाब देगा। सूत्रों के मुताबिक रविवार को पीएम मोदी ने कहा कि वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा। वहीं पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का दावा करने वाले अमेरिका को भी समझा दिया है। पीएम मोदी ने कहा है कि अगर पाकिस्तान की तरफ से कोई भी हमला किया जाता है तो इसका अंजाम ठीक नहीं होगा और पाकिस्तान को इसके परिणाम भुगतने होंगे। सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं। पीएम ने कहा है कि अगर पाकिस्तान की ओर से गोली चलती है, तो यहां से गोलों से हमले होंगे। उन्होंने पहलगाम हमले के बाद आतंकियों के खात्मे के लिए शुरू किए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर यह भी कहा है कि बीते कुछ दिनों में आतंकी ठिकानों पर हुए हवाई हमले निर्णायक साबित हुए हैं। सरकार के सूत्रों के हवाले से यह भी स्पष्ट किया गया है कि कश्मीर के मुद्दे पर भारत किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं चाहता है और कश्मीर में भारत के लिए एक ही मुद्दा बचा है, और वह है-पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके की वापसी। बता दें कि रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका कश्मीर के मुद्दे पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करवा सकता है। अब भारत ने इस बयान पर अमेरिका को स्पष्ट कर दिया है कि भारत इस मसले को घसीटना नहीं चाहता और वह अपने तरीके से पाकिस्तान को जवाब देने में सक्षम है। वहीं भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से किए गए संघर्ष विराम उल्लंघन के बाद सैन्य कमांडर्स को किसी भी जवाबी हमले के लिए खुली छूट दे दी है।

# 148 बालू घाटों की होगी ई-नीलामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खान एवं भू-तत्व विभाग ने पटना जिले में गंगा नदी के साथ ही पुनपुन, सोन और दरधा नदियों के बालू घाटों की ई-नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। संबंधित नदी घाटों की नीलामी पांच वर्ष के लिए होगी। फिलहाल विभाग की योजना 148 घाटों की नीलामी की है। खान एवं भू-तत्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस नीलामी में पीला और सफेद दोनों किस्म का बालू शामिल है। इस पूरी प्रक्रिया का मकसद पटना जिले में निर्माण कार्यों के लिए आसानी से और उचित कीमत पर बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। सरकार के इस निर्णय से राजस्व में वृद्धि भी होगी। ई-नीलामी के लिए निविदा दस्तावेज 15 मई को सुबह 11 बजे से ऑनलाइन डाउनलोड किए जा सकेंगे। निविदा प्रक्रिया 12 जून अपराह्न चार बजे तक संपन्न होगी। विभाग के सूत्रों ने बताया कि जिले में मौजूद चारों नदियों किनारे



के इन बालू घाटों को पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है। पटना जिले की सर्वेक्षण रिपोर्ट में भी इन बालू घाटों की नीलामी का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर इन नदियों के बालू घाटों को पांच एकड़ तक के छोटे टुकड़ों में बांटा गया है। इसमें सोन और गंगा नदियों के बालू घाट प्रमुखता से शामिल हैं। पुनपुन और दरधा नदियों के कुछ बालू घाटों की नीलामी पहले भी की गई थी। नीलामी प्रक्रिया में सफल होने वाले बंदोबस्तधारी नवंबर 2025 से बालू खनन प्रारंभ कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के बसही पंचायत के सकरौली गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस को गांव के पास मिल्की बहियार में एक शव मिला जिसकी पहचान गांव के ही रहने वाले रामशंकर शर्मा के 32 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार शर्मा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। शव को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

### फंदे से लटका मिला छात्रा का शव

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के बरारी थाना क्षेत्र के खंजरपुर के एसएम कॉलेज रोड स्थित एक लॉज में रह रही 24 वर्षीय छात्रा का शव रविवार को मिला। पल्लवी कुमारी का शव उसकी सहेली के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि उसने आत्महत्या कर ली है। घटना के वक्त उसकी सहेली ट्यूशन पढ़ने गई हुई थी, जिससे कमरा खाली था। जब वह वापस लौटी तो कमरे में पल्लवी को फंदे पर झूलते देख तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### सड़क हादसे में अमीन की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सिकरहटा थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार के पास रविवार को ई-रिक्शा ने पैदल जा रहे प्राइवेट अमीन को जोरदार टक्कर मार दी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव निवासी ललन राम के रूप में की गयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बीएसएल जीएम के पिता की चाकू से गोदकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** बोकारो की रिहायशी कॉलोनी बीएस सिटी थाना अंतर्गत को-ऑपरेटिव कॉलोनी में रविवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने 80 वर्षीय बुजुर्ग कालिका राय की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक बीएसएल के जीएम (एसआइजीएस) विनय सिंह के पिता थे। आवास से बाहर खून बहने पर पड़ोसियों को दोपहर तीन बजे के बाद इसकी जानकारी मिली। पड़ोसियों की सूचना पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन के साथ बीएस सिटी थाना की टीम पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, डॉक स्क्वॉयड के सहारे जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। फिलहाल हत्या करने वालों का सुराग पुलिस को नहीं मिला है। घर के अंदर की स्थिति का मुआयना पुलिस कर रही है। पड़ोसियों ने बुजुर्ग कालिका राय के घर से खून की धार बाहर बहते देखा तो आसपास के लोग आवास के समीप जमा हो गये। सूचना सिटी डीएसपी सहित बीएस सिटी थाना को दी गयी। पुलिस ने देखा कि बाहर और अंदर से दरवाजे की सिटकिनी लगी है। पिछला दरवाजा सटाया हुआ है। धकेलने पर दरवाजा खुल गया। खून करने के बाद हत्यारों ने हत्या करने के बाद बेसिन में हाथ धोया है। पुलिस आवास के सभी स्थलों की फोटोग्राफी के साथ जांच कर रही है।

# सीएम नीतीश ने लिया कई सड़कों का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को चिलचिलाती धूप में पटना जिलान्तर्गत विभिन्न पथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाथीखाना मोड़ से चांदमारी तक के पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का जायजा लिया। यह पथ तुरहा टोली, कुही मोड़, खिरनीचक मोड़, रघुरामपुर पुल, डीपीएस स्कूल एवं लोदीपुर, चांदमारी होते हुए उसरी-छितनावां पथ को जोड़ता है। इस दौरान उनके साथ पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने हाथीखाना मोड़ से चांदमारी तक के पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का जायजा लिया। यहां वह काम में लापरवाही को देखकर भड़क गए और अधिकारियों की क्लास लगा दी। बता दें कि यह सड़क तुरहा टोली, कुही मोड़, खिरनीचक मोड़, रघुरामपुर पुल, डीपीएस स्कूल एवं लोदीपुर, चांदमारी होते हुए उसरी-छितनावां पथ को जोड़ती है। उसरी छितनावां पथ का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा पटना



जिला की प्रगति यात्रा के दौरान किया गया था। हाथीखाना मोड़ से चांदमारी तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य होने से उसरी छितनावां, शिवाला, नौबतपुर, बिक्रम, पाली, जहानाबाद एवं आरा की ओर जाने के लिए लोगों को अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने शिवाला आरओबी का निरीक्षण किया। साथ ही शिवाला मोड़ के पास निर्माण कराए जाने वाले आरओबी पथ के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री चांदमारी गांव के पास रुककर पथ का जायजा लिया। मुख्यमंत्री सैनिक मोड़, दानापुर के पास भी रुके तथा सगुना मोड़ के पास निर्माण कराए जा रहे पटना मेट्रो रेल कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निर्मित पथों के मेंटनेंस को लेकर तथा निर्माणाधीन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निर्मित पथों के मेंटनेंस को लेकर तथा निर्माणाधीन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एलआइसी भवन में लगी आग के बावजूद सेवाएं यथावत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के एग्जीबिशन रोड स्थित एलआईसी बिल्डिंग के सर्वर रूम में रविवार की अल सुबह आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग को त्वरित रूप से सूचित किया गया और उनकी तत्पर कार्रवाई के परिणामस्वरूप आग पर शीघ्र ही काबू पा लिया गया। इस दुर्घटना में कोई भी मानवीय क्षति नहीं हुई है। कार्यालय परिसर में सभी कर्मचारी एवं कर्मी सुरक्षित हैं। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि एलआईसी बिल्डिंग के सर्वर रूम में रविवार की सुबह पांच बजे अचानक आग लग गई। जब बिल्डिंग से धुआं निकलने लगा तो लोगों का ध्यान उसपर गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली थाना और अग्निशमन विभाग के जिला नियंत्रण कक्ष को दी। सूचना मिलते ही दमकल की 17 टीमें वहां पहुंची। हाईड्रोलिक मशीन और सीढ़ियों के सहारे दमकलकर्मी सर्वर रूम तक पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। एलआइसी के अनुसार वर्तमान में सारी स्थितियां हमारे नियंत्रण में है। हमारे जितने भी पॉलिसीधारक है उनकी सेवाएं यथावत बहाल रहेंगी तथा उसमें कोई असुविधा नही होगी।

# गंडक नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** मधुबन थाना क्षेत्र के रुपणी पंचायत अंतर्गत जोगौलिया कस्बा गांव के पास बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गए तीन मासूमों में से दो की डूबने से मौत हो गई जबकि एक बच्चे को ग्रामीणों ने बचा लिया। मृत बच्चों की पहचान जोगौलिया वार्ड संख्या-12 निवासी अरमान और नासिर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रविवार दोपहर अरमान, नासिर और आयान नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान तीनों बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत आयान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन दो बच्चे पानी के भीतर चले गए। थोड़ी देर बाद अरमान का शव पानी में तैरता मिला जबकि नासिर के शव को गोताखोरों ने बरामद किया।

# जहानाबाद में पुलिसकर्मी ने खुद को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद में सिपाही ने आत्महत्या कर ली है। घटना के पीछे का कारण डिप्रेशन बताया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक पिछले दिनों उसकी पत्नी की मौत हो गई थी, जिस वजह से वह लगातार तनाव में था। शायद इसी वजह से उसने यह कदम उठाया होगा। शनिवार की रात पुलिस लाइन में अचानक गोली की आवाज से हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मियों ने देखा तो होश फाख्ता हो गए। पीटीसी विनोद चौधरी का शरीर खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था और पास में इंसास रायफल था। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मृतक की पहचान पीटीसी विनोद चौधरी के रूप में हुई है। वह गया जिले के परैया का रहने वाला था। घटना के पीछे उसका डिप्रेशन में होना बताया जा रहा है। मृतक की पत्नी का कुछ दिनों पूर्व कैंसर से निधन हो गया था और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। परिजनों ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद अचानक विनोद का ट्रांसफर सीतामढ़ी हो गया था। पत्नी का निधन और और बच्चों की देखभाल के साथ घर से दूर ट्रांसफर होने से वह काफी दुखी था और डिप्रेशन में चला गया था। इसी वजह से उसने अपनी जान दे दी। इस घटना की सूचना मिलते ही एसपी अरविंद प्रताप सिंह सहित वरीय अधिकारियों ने पुलिस लाइन पहुंचकर मामले की जानकारी ली। हालांकि पुलिस ने इस मामले में मीडिया को दूर रखा है। मीडिया को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। बता दें कि दो महीने में जिले में तीन पुलिसकर्मी की मौत हो चुकी है। इसमें दो ने जहां आत्महत्या की, वहीं एक की गंभीर बीमारी के कारण मौत हुई है।

# ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण को मिली गति, सीएम नीतीश आज करेंगे 6,938 पथों का कार्यारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी के संकल्प भवन में आज सोमवार 12 मई को आयोजित किए जा रहे एक समारोह में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन का कार्यारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। इसके तहत 6,938 पथों (जिनकी लंबाई: 12,105 किमी और कुल लागत 8,716 करोड़ है) सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम को एक नए अवयव के रूप में प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण सड़कों के नियमित एवं व्यवस्थित पुनर्निर्माण/ उन्नयन/ नवीनीकरण को सुनिश्चित करना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हुए कुल 14,087 पथों (लंबाई: 24,482 किमी) के सुदृढ़ीकरण हेतु 21,733 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत उन सभी ग्रामीण पथों को आगामी सात वर्षों तक मानक अनुरूप सेवा स्तर पर बनाए रखने की व्यवस्था की गई है, जो अपनी पंचवर्षीय अनुरक्षण/त्रुटि निवारण अवधि पूर्ण कर चुके हैं। इस अवधि के भीतर इन पथों पर दो बार कालीकरण (री-सर्फेसिंग) कार्य कराया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन के दौरान यदि सड़क में कोई तकनीकी त्रुटि पाई जाती है तो उसका समाधान तय समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसका उद्देश्य है कि ग्रामीणों को हमेशा एक मजबूत, सुरक्षित और आरामदायक सड़क सुविधा सतत मिलती रहे। इस कार्यक्रम से न केवल गांवों और शहरों के बीच की दूरी घटेगी, बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना को नया आयाम और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस महत्त्वाकांक्षी विजन को साकार करेगा, जिसके तहत राज्य के किसी भी सुदूरवर्ती क्षेत्र से भविष्य में मात्र 4 घंटे में राजधानी पटना तक की सुगम और निर्बाध यात्रा संभव हो सकेगी।

# मुख्यमंत्री ने दी बुद्ध पूर्णिमा की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध का जीवन हर किसी के लिये प्रेरणादायी है। उनके जीवन दर्शन से हमें प्रेम, शांति, सद्भाव, त्याग, अहिंसा एवं संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। भगवान बुद्ध के बताये हुये अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य सम्यक और संतुलित जीवन यापन करने में सक्षम हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कामना की है कि भगवान बुद्ध की शिक्षा को आत्मसात कर हम आपसी प्रेम और सद्भाव की भावना और मजबूत करें।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

आज शुभ उद्घाटन
Signify
फिलिप्स लाईट प्लस
(फिलिप्स एवं इको लिंक लाइट के उत्पादों के विस्तृत रेंज और पंखे)
अखिलेश्वर ट्रेडर्स
उद्घाटनकर्त्ता:-
श्री सुशील कुमार सिंह
माननीय पूर्व सांसद, औरंगाबाद
12 मई 2025 (सोमवार)
संध्या 5 बजे
आप सादर आमंत्रित हैं
ओल्ड जी टी रोड, सदर अस्पताल के सामने औरंगाबाद (बिहार)
विनीत:- अमिताभ सिंह (मुन्ना सिंह)
मो0-9431256329

## बिहार की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही सुहानी की 'सफलता' की कहानी

# राजगीर में जल्द बनकर तैयार होगा साइक्लिंग ट्रैक : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** देश में खेल संस्कृति की जड़ें मजबूत करने की दिशा में पहल करने वालों में पहले हरियाणा, पंजाब, ओडिशा और दक्षिण भारत के कुछ राज्य ही शामिल थे, लेकिन बीते दशकों में बिहार ने खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने भारत के खेल महाशक्ति बनने के सपने को साकार करना शुरू कर दिया है। इसकी एक बानगी राज्य की मेजबानी में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में देखने को मिल रही है। यहां के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से सिर्फ पदक नहीं, लोगों का दिल भी जीत रहे हैं। हाल ही में छपरा की रहने वाली सुहानी कुमारी ने इंडिविजुअल परस्यूट साइक्लिंग स्पर्धा में पदक जीतकर राज्य को गर्वित किया है। अन्य खेलों में भी मेजबान खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

**राज्य सरकार की मदद से तैयार हो रहे होनहार**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में खेल के क्षेत्र में बिहार ने बीते दो दशकों में काफी तेजी से प्रगति की है। राज्य सरकार ने अपनी खेल नीति को सुदृढ़ किया है और खिलाड़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं और उनका लाभ लेकर आज राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। साइक्लिस्ट सुहानी ने भी राज्य सरकार की सहायता से अपने खेल को बेहतर किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री खेल छात्रवृति योजना की प्रेरणा श्रेणी के तहत चुना गया है। इतना ही नहीं उनकी उत्कृष्ट साइक्लिंग प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें 11 लाख रुपए की साइकिल उपलब्ध कराई।

सनद रहे कि प्रेरणा छात्रवृत्ति योजना के तहत खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से प्रतिवर्ष 3 लाख रुपए की राशि दी जाती है।

**राजगीर में जल्द बनकर तैयार होगा साइक्लिंग ट्रैक**

खेल सुविधाओं के लिहाज से बीते कुछ वर्षों में बिहार ने काफी तरक्की कर ली है। अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से लेकर वर्ल्ड क्लास इंडोर स्टेडियम तक बनकर तैयार हैं। इतना ही नहीं एथलेटिक्स को बढ़ावा देने की दिशा में भी बिहार सरकार तेजी से काम कर रही है। खेल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक राजगीर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का साइक्लिंग ट्रैक जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है और यह शीघ्र ही खिलाड़ियों के लिए खोला जाएगा।

सुहानी की उपलब्धि न केवल उनके निरंतर अभ्यास और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह बिहार के युवाओं विशेषकर बेटियों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी बन गई है। उन्होंने यह दिखाया है कि यदि प्रतिभा को सही अवसर, उचित मार्गदर्शन, संसाधन और सरकार का साथ मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सकती हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स जैसे राष्ट्रीय आयोजन भारत के विभिन्न राज्यों के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देते हैं। बिहार की सक्रिय भागीदारी और पदक विजेताओं की संख्या यह संकेत देती है कि राज्य में खेल के प्रति नई जागरूकता और ऊर्जा का संचार हुआ है। सुहानी कुमारी की उपलब्धि इस बात का प्रतीक है कि बिहार की बेटियां अब आत्मविश्वास और संकल्प के साथ खेल के मैदानों में अपना लोहा मनवा रही हैं।

## पूर्व राज्यपाल डॉ. गोविंद नारायण सिंह की 20वीं पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी एवं काव्यांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत में पहली बार जनसंघ समर्थित संविदा सरकार बनाने वाले बिहार के पूर्व राज्यपाल एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. गोविंद नारायण सिंह की 20 वीं पुण्य स्मृति सभा का आयोजन विधान परिषद सभागार पटना में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया ने किया। उन्होंने गोविंद नारायण सिंह को भारत का एक महान राजनेता बताया। प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण सिंह यादव ने कहा कि डॉ. गोविंद नारायण सिंह के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने महान जेपी सेनानी कवि साहित्यकार विचारक पवन श्रीवास्तव जी को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। डॉ. गोविंद नारायण सिंह न्यास के अध्यक्ष और भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रवक्ता नीरज तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और न्यास की गतिविधियों की जानकारी दी।

### प्लास्टिक, जूट, एग्रो टेक्सटाइल के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार की पहल

## कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों से उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय वृद्धि, जल संरक्षण और फसल उत्पादकता में सुधार हेतु निरंतर आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में प्लास्टिक, जूट, एग्रो टेक्सटाइल मल्च अवयव के उपयोग को राज्य के सभी जिलों में लागू किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्लास्टिक मल्च को अपनाने हेतु किसानों को 40,000 (चालीस हजार) प्रति हेक्टेयर की एकमुश्त इकाई लागत पर 50% सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। मंत्री ने कहा कि मल्च तकनीक के माध्यम से खेतों में नमी बनाए रखने, खरपतवार नियंत्रण और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में सहायता मिलती है। यह तकनीक विशेष रूप से सब्जियों, फलदार वृक्षों और फूलों की खेती में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुई है। उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पहल किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने और फसल उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर राज्य को हरित क्रांति की नई दिशा देने के लिए कृतसंकल्प है।

**योजना का दायरा और क्रियान्वयन**

उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य के सभी जिलों में लागू की जाएगी जिससे हर क्षेत्र के किसान इसका लाभ उठा सकें। तकनीकी प्रशिक्षण, ऑन-फार्म डेमोंस्ट्रेशन और सहायता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को इस तकनीक को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। इस तकनीक के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही जल की खपत में कमी और फसल की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इससे किसानों की आय में सीधा लाभ होगा। साथ ही पर्यावरणीय संरक्षण को भी बल मिलेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गई यह पहल कृषि क्षेत्र को सशक्त, टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दो दिवसीय एशियाई जलपक्षी गणना की बैठक का समापन

### आर्द्रभूमि और प्रवासी पक्षी संरक्षण को मिला बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जलचरों और आर्द्रभूमियों के संरक्षण को लेकर आयोजित दो दिवसीय बैठक 'एशियन वॉटरबर्ड सेन्सस इंडिया कोऑर्डिनेटर्स मीटिंग' का रविवार को सफल समापन हुआ। कार्यशाला का आयोजन बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया तथा बिहार राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया। बैठक में बिहार सहित विभिन्न राज्यों, गोवा, कर्नाटक, झारखंड, मणिपुर, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, उत्तराखंड, केरल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शामिल प्रतिभागियों में राज्य स्तरीय समन्वयक, वन विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक, वेटलैंड विशेषज्ञ और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक में एडब्ल्यूसी डेटा की गुणवत्ता और मानकीकरण, नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने की रणनीति, नीतिगत निर्णयों में एडब्ल्यूसी डेटा का उपयोग, प्राथमिक आर्द्रभूमियों की राष्ट्रीय पहचान जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मीटिंग का उद्देश्य भारत में एशियन वॉटरबर्ड सेन्सस की वर्तमान स्थिति की समीक्षा, राज्यों के अनुभवों का आदान-प्रदान और एक समन्वित निगरानी रणनीति का विकास था।

## कांग्रेस का पोस्टरवार, हर कोई इंदिरा गांधी नहीं हो सकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद युद्ध काल में मोटे तौर पर देश में ठंडी पड़ी राजनीति फिर से गर्म होती दिख रही है, लेकिन इस बार सीजफायर को टारगेट करते हुए पटना में कांग्रेस की ओर से जगह-जगह पोस्टर लगाए गए हैं और इसमें वर्तमान केंद्र सरकार के नेतृत्व की तुलना भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की लीडरशिप से की गई है। बता दें शनिवार को पाकिस्तान के डीजीएमओ की अपील पर भारत सरकार ने युद्ध विराम पर अपनी सहमति जताई और सीजफायर लागू हो गया। अब इसको लेकर जहां कई राजनीतिक दल सही कदम बता रहे हैं, वहीं कई सियासी पार्टियां नरेंद्र मोदी सरकार को अपने टारगेट पर ले रहीं हैं। इनका कहना है कि पाकिस्तान को अभी और सबक सिखाया जाना था और सीज फायर नहीं करना था। यही नहीं, मामले में अपरोक्ष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका को आगे रखते हुए कई नेता और राजनीतिक पार्टियां केंद्र सरकार पर हमले कर रही है। पटना की कई जगहों पर लगाए गए पोस्टर में लिखा गया है कि मां तुझे सलाम, हर कोई इंदिरा गांधी नहीं हो सकता! जाहिर तौर पर यह कांग्रेस की ओर से वर्तमान केंद्रीय सरकार के नेतृत्व की ओर संकेत है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर तंज भरा कटाक्ष है। पोस्टर बिहार एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष के द्वारा लगाई गई है। इस पोस्टर में इंदिरा गांधी की बड़ी से तस्वीर है जिसमें वो चेतावनी देती हुई नजर आ रही हैं। इसके साथ ही पोस्टर में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार मौजूद हैं। इस पोस्टर में लिखा है कि 'मां तुझे सलाम'। इंदिया गांधी की तस्वीर के बगल में लिखा है कि 'हर कोई इंदिरा गांधी नहीं हो सकता...'। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी। इसके बाद से ही देशभर में गुस्सा था। वहीं जब भारत की ओर से पहलगाम हमले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान पोषित 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल अटैक किया गया तो इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों और आम नागरिकों को निशाने पर लेने की कोशिश की जिसका भारत की ओर से भी मुंह तोड़ जवाब दिया गया। इस दौरान दोनों देशों में युद्ध जैसे हालात कायम हो गए।

## भारत के पराक्रम से पस्त हुआ पाकिस्तान : डॉ. संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत तीन दिन की हुई जवाबी कार्रवाई से थर्राया पाकिस्तान को सीजफायर के लिए भारत से अनुरोध करने के लिए विवश होना पड़ा है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदले नया भारत का पराक्रम है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मिली खुली छूट के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' का आगाज कर भारतीय सेना ने न केवल घर में घुस कर पाकिस्तान के 9 आतंकी अड्डे को ध्वस्त किया बल्कि तीन दशक पुराने भारत में हुए कई आतंकी वारदातों के गुनाहगारों का खात्मा भी किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के पहले दिन जहां 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए, वही कंधार विमान हाईजैक के मास्टर माइंड रउफ के मारे जाने से भारत का पुराना बदला भी पूरा हुआ। इसके साथ ही आतंकी मसूद अजहर के खानदान के 14 लोगों का खात्मा हुआ।

डॉ. सुमन ने कहा कि विगत तीन दिनों में भारत ने कई पाकिस्तानी ड्रोन के परखच्चे उड़ाए। सीमा पर आतंकियों और घुसपैठियों को मार गिराने के साथ ही पाकिस्तान के पसरूर रडार सिस्टम को तबाह किया। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई कर पाकिस्तान के नूर खान, सियालकोट, मुरीद, रफिकी जैसे एयरबेस को तबाह कर उसकी कमर ही तोड़ दी।

## मनीष पासवान को राजेश राम और जिग्नेश मेवाणी ने दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय दलित अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष युवा नेता मनीष पासवान ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम और गुजरात प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवाणी के समक्ष अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में युवा नेता मनीष पासवान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवाणी के समक्ष अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मनीष पासवान युवा हैं और लगातार दलित अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उनके आने से पार्टी का वंचित समाज में जनाधार बढ़ेगा। हमारे नेता राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी ने दलित अधिकारों के लिए बिहार में अभियान छेड़ रखा है और उसी के कारण सभी वंचित समुदाय के लोग कांग्रेस के प्रति आकर्षित होकर जुड़ रहे हैं। उनके सदस्यता ग्रहण करने के बाद गुजरात प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवाणी ने कहा कि दलित हितों की रक्षा के लिए राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं और उनके संघर्षों का ही परिणाम है कि दलित समाज के युवा कांग्रेस में अपना भविष्य देख रहे हैं। सामाजिक न्याय के इस लड़ाई में सभी को मिल जुलकर आगे बढ़ना है और समाज का ध्वजवाहक बनकर उनके हक की आवाज को उठाना है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद मनीष पासवान ने कहा कि दलित अधिकार मंच के साथ मैंने लगातार दलित समाज के हक की आवाज उठाई है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने जिस तरीके से इस समाज को बिहार सहित पूरे देश में सम्मान दिया है उससे मैं प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थामा और आगे मजबूती से पार्टी की नीतियों पर काम करने को आगे बढ़ूंगा। मेरे साथ समाज के युवा और सभी वर्गों के लोग हैं जो दलित के अधिकार के लिए संघर्ष से निकले हैं सबके साथ मिल कर मैं बिहार में कांग्रेस पार्टी के मजबूती के लिए पार्टी के निर्देशानुसार काम करता रहूंगा। उनके साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में कई अन्य दलित नेतागण और युवा साथी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा. शकील अहमद खान, गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष जिगनेश मेवाणी, प्रो. रतन लाल, जितेन्द्र गुप्ता, ब्रजेश प्रसाद मुनन, प्रवीण सिंह कुशवाहा, मंजीत आनन्द साहू, शकीलुर रहमान सहित अन्य नेता मौजूद थे।

## बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मो. इम्तियाज के शहीद होने पर मुख्यमंत्री मर्माहत, जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जम्मू के आर.एस. पुरा सेक्टर में पाकिस्तान सेना के द्वारा फायरिंग में बिहार के सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के निवासी बी0एस0एफ0 के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जायेगी, साथ ही शहीद जवान मोहम्मद इम्तियाज का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

### पूर्व मंत्री रामानंद प्रसाद सिंह के निधन पर सीएम ने जताया शोक

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री रामानंद प्रसाद सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि रामानंद प्रसाद सिंह लोकप्रिय राजनेता एवं समाजसेवी थे। वे खगड़िया जिला के परबत्ता विधानसभा क्षेत्र से 5 बार विधायक बने और अपने क्षेत्र में लोगों के बीच काफी सक्रिय रहते थे। राज्य सरकार में मंत्री रहते हुये उन्होंने अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निवर्हन किया। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने स्व. रामानंद प्रसाद सिंह के पुत्र विधायक डॉ. संजीव कुमार से दूरभाष पर

## षष्ठम राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर पखवाड़ा की शुरूआत

### 25 मई तक होगा एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज परिसर में षष्ठम राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर पखवाड़ा का उद्घाटन राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त एक्यूप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डा. गुप्त ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा में त्वरित लाभ मिलता है। दर्द से सम्बंधित रोगों के साथ ही कई कठिन माने जाने वाले रोग जैसे डायबिटिज, ब्लडप्रेशर, लकवा या इन्डोक्राइन ग्लैन्ड जनित रोगों की भी चिकित्सा सरलता एवं सफलतापूर्वक की जाती है। बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, स्वास्थ्य जागरूकता मिशन एवं इण्डियन काउन्सिल ऑफ एक्यूप्रेशर योग के संयुक्त तत्वावधान में देश के बारह राज्यों में एक्यूप्रेशर पखवाड़ा में सैकड़ों संस्थानों एवं चिकित्सकों के सहयोग से 11 मई से 25 मई के बीच हजारों निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। पखवाड़ा संयोजक डा. अजय प्रकाश ने सभा को संचालित करते हुए कहा कि इस वर्ष डायबिटिज, लीवर जनित रोग थीम के साथ कमर दर्द, घुटना दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, थायरॉयड, लकवा, गठिया, रोगों की चिकित्सा का कार्य एक्यूप्रेशर पखवाड़ा के अन्तर्गत मुख्य रूप से किया जायेगा। बिहार सहित झारखंड, पं. बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, आसाम, पंजाब आदि राज्यों सहित नेपाल एवं बांग्लादेश में लाखों रोगी लाभ लेंगे। पटना जिला में भी अठारह चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा।

## खाटू श्याम के भण्डारे में हजार से अधिक लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खाटू श्याम पधारो पटना धाम के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) के द्वारा द्वादशी के संध्या 5.30 बजे से देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब हजार से अधिक लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया, भुजिया ग्रहण किए। मौके पर मां वैष्णव सेवा समिति के कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक माह के द्वादशी को श्याम भण्डारे का आयोजन किया जाता है। संस्था के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने बताया कि इस भंडारे में श्री श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सारे सदस्यों ने भी हिस्सा लेकर श्याम बाबा के इस भव्य आयोजन में भाग लिए और भक्तों के बीच श्री खाटू श्याम पटना धाम का टी शर्ट भी वितरण किया गया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम एवं जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। यह शिविर महुआ-देसरी रोड स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय, बहसी सैदपुर में आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीडीजी बिंदु सिंह, रो. राजेश सिंह एवं क्लब की अध्यक्ष सोनल जैन ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा बीपी, शुगर, नेत्र परीक्षण, ईसीजी, चिकित्सा परामर्श सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। जरूरतमंद मरीजों को दवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गई। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीडीजी बिंदु सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और इस तरह के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। वहीं रोटेरियन राजेश सिंह ने कहा कि आज के दौर में जब हमारी जीवनशैली तेजी से बदल रही है ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। क्लब की अध्यक्ष सोनल जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहेगा। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और क्लब के प्रयासों की प्रशंसा की।

## हमें सेना के शौर्य पर गर्व : गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर के ऐलान के बावजूद पाकिस्तान की तरफ से की जा रही नापाक हरकतों पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सीजफायर हो या लड़ाई हो, भारत के तमाम लोगों को भारतीय सेना एवं उनके शौर्य पर गर्व है। गिरिराज सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि पूरी दुनिया को भारतीय सेना के शौर्य को देखने का अवसर मिला। हमें सेना के शौर्य पर भी गर्व है और देश के नेतृत्व पर भी गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सेना पर पूरे भारतवासियों को गर्व है। वहीं सांसद पप्पू यादव के यह ट्वीट करने पर कि जो देश अमेरिका के ट्वीट पर चले वहां के प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए, इस पर गिरिराज सिंह ने कहा कि यह देश अपने शौर्य के दम पर चलता है और सेना का शौर्य नेतृत्व का शौर्य दुनिया ने देखा है। वहीं कांग्रेस के द्वारा पटना की सड़कों पर इंदिरा गांधी की तस्वीर एवं उस पर इंदिरा जैसा कोई नहीं लिखे जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि पूरे देश ने देखा है कि भारतीय सेना एवं देश के नेतृत्व पर गर्व है।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, कक्कू खान ने दिखाई राजनीतिक ताकत

### डिहरी 212 विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संभावित प्रत्याशी जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान ने थामा उपेंद्र कुशवाहा का हाथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारी शरीफ।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में डिहरी 212 विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संभावित प्रत्याशी जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान के नेतृत्व में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनसमर्थन की ताकत को दर्शाने वाला साबित हुआ क्योंकि आगामी 2025 विधानसभा चुनाव में डिहरी 212 विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में समर्थकों ने मिलन समारोह में पटना पहुंचकर जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान के साथ ही उपेंद्र कुशवाहा का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा शामिल हुए। उन्होंने कक्कू खान की जनसंपर्क क्षमता और जमीनी पकड़ की सराहना की तथा संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। जाहिद परवेज उर्फ कक्कू खान ने कहा कि वे डिहरी क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनका एकमात्र लक्ष्य सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और विकास को लेकर लड़ना है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वे चुनाव में मजबूती से उतरेंगे और जीत हासिल करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने भी संगठन के विस्तार और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। खगौल के प्रतिष्ठित व्यवसायी और अनवार कॉम्प्लेक्स के मालिक हैदर अली अपने दर्जनों समर्थकों के साथ समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कक्कू खान को खुला समर्थन देते हुए कहा कि डिहरी की जनता को अब एक मजबूत, युवा और जमीन से जुड़े नेतृत्व की आवश्यकता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से जीवन गुप्ता, श्रीकांत पाल, सरोज उपाध्याय, मोहम्मद शौबी खान, मो. कामरान, मोहम्मद अरशद उर्फ अरशी, मोहम्मद इमरान, मनीष श्रीवास्तव, कृष्णा पासवान, कृष्ण यादव, जमील अंसारी, मीर हसन, अतहर अंसारी, इमरान खान, मोहम्मद विक्की, मोहम्मद शाहिद मोबिन, मोहम्मद जियाउल सब्बर अली शामिल थे।

# 12 नाबालिग बच्चियों को बाल मजदूरी कराने ले जा रहा तस्कर चढ़ा आरपीएफ के हत्थे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास, प्रधान आरक्षी बृज भूषण मिश्रा, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, महिला आरक्षी प्रीति कुमारी एवं रेसुब/अ.आ.शाखा गया के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी रेसुब/अ.आ.शाखा गया की संयुक्त टीम के द्वारा निरंजन कुमार उम्र 28 वर्ष, पिता बिजेंद्र पासवान, ग्राम-मेटुथा, थाना-मसौढ़ी, जिला-पटना (बिहार) जो वर्तमान में बिल्ला गया पर एक किराए के मकान में रहता था को 12 नाबालिग बच्चियों को धागा फैक्ट्री में काम कराने के लिए चेन्नई ले जाने के क्रम में डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया। पूछताछ में सभी नाबालिग बच्चियों ने बताया कि जहां 10 से 12 घंटे काम करवाकर प्रतिदिन 375/- दिया जाएगा। मामला बाल तस्करी का पाकर मौके पर ही वीडियोग्राफी करते हुए सीडब्लूसी के चेयर पर्सन संतोष उपाध्याय एवं चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम को इस संबंध में सूचित किया गया एवं निरंजन कुमार को विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए रेलवे सुरक्षा बल कब्जा लिया गया। सभी नाबालिक बच्चियों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर लाया गया। मामला बाल तस्करी/मजदूरी का पाकर सभी नाबालिग बच्चियों तथा ट्रैफिकर निरंजन कुमार को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु मय कागजात सहित राजकीय रेल थाना-डिहरी ऑन-सोन को सुपुर्द किए जहां राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन-सोन में संबंधित धारा में कांड पंजीकृत कर ट्रैफिकर निरंजन कुमार को न्यायालय रेलवे गया को अग्रसारित करते हुए रेस्क्यू की गई सभी नाबालिग बच्चियों को उनके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

## बाइक की ठोकर से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास नगर पंचायत के अकबरपुर वार्ड नंबर 1 मदरसा नियाजिया निजामिया के सामने एन एच 119 रोहतास मुख्य मार्ग के पास तकरीबन 11:00 बजे बाइक के टक्कर से महिला की मौत हो गई। बताते चलें कि महिला किसी निजी काम से तिलौथू गई हुई थी। तिलौथू से आकर अपने घर के सामने उतार रोड क्रॉस कर रही थी तभी अचानक बाइक चालक ने मारी टक्कर जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए पीएचसी रोहतास लाया गया जहां बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर किया गया। महिला की पहचान रोहतास नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 रुखसाना खातून पति महमूद खान बताया गया। महिला की उम्र 60 साल बतलाई गई। इलाज के लिए सासाराम ले जाने के क्रम में ही महिला की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। लोगों ने एन एच 119 पर आगजनी कर रोड को जाम कर दिया। वहीं मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष निकुंज भूषण एवं अंचलाधिकारी सुशी कुमारी एवं बुद्धिजीवीयों ने लोगों को समझा-बुझाकर रोड से आगजनी को हटाकर एन एच 119 को चालू कराया।

# युवा साथियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने का सिखाए जा रहे हैं गुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** राष्ट्रीय जनता दल 'सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम' का आयोजन कैमूर जिले के भभुआ विधान सभा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव अदीब रिजवी साहब, आरा जिला परिषद की पूर्व अध्यक्षा आरती देवी एवं युवा राजद के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी बेलाल खान ने प्रशिक्षक के तौर पर शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भभुआ प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिंह कुशवाहा, मंच संचालन नगर अध्यक्ष सेराज जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कैमूर जिलाध्यक्ष अकलू राम, जिला प्रधान महासचिव भोला नाथ यादव, युवा जिला प्रधान महासचिव सलमान खान, अवधेश कुशवाहा, जगनारायण यादव, लक्ष्मी यादव, सच्चिदानंद सिंह, बिरजू पटेल, लौरिक यादव आदि अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पार्टी द्वारा निर्धारित विषयों पर प्रशिक्षकों द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विधान सभा के प्रकोष्ठों के प्रखंड के अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं राजद के वरीय नेता कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित थे। इस सामाजिक न्याय परिचर्चा में पार्टी का वैचारिक आधार, पार्टी संगठन, चुनावी प्रबंधन, सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया एवं आईटी सेल तथा अगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनावी अभियान के मुख्य बिंदु पर विस्तार से पर्यवेक्षकों के द्वारा टिप्स दिए जा रहे हैं। खासतौर पर युवा साथियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने का गुर सिखाए जा रहे हैं।

## यात्रा के दौरान चलती ट्रेन से यात्री का गिरा बैग, आरपीएफ ने सही सलामत किया वापस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरिक्षक राम विलास राम ने बताया कि करवांदिया स्टेशन में तैनात स्टाफ प्रधान आरक्षी देवलास राम साथ प्रधान आरक्षी सुरेंद्र चौधरी को सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या -14224 से यात्रा कर रहे यात्री अनीश कुमार का बैग चलती ट्रेन से सासाराम- करवांदिया के बीच गिर गया था। सूचना पर उपरोक्त दोनों बल सदस्यों के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे लाइन को सर्च करते हुए करवंदिया से जा रहे थे कि इसी क्रम में रेलवे किलोमीटर संख्या 563/28-29 के पास लाइन किनारे एक बैग बरामद किए जिसे यात्री अनिश कुमार को सूचित करते हुए उक्त बैग को करवंदिया स्टेशन में लाकर सुरक्षित रखा गया। सूचना पर उक्त बैग के मालिक अनीश कुमार पिता संजय सिंह, ग्राम लखनपुर थाना करहगर जिला रोहतास बिहार करवांदिया स्टेशन पहुंचे जिसे बैग दिखाने पर अपनी बैग की पहचान करते हुए उसमें रखे सभी सामान को सुरक्षित पाए। बाद में उक्त व्यक्ति की उचित पहचान व सत्यापन के उपरांत एक गवाह अंकित कुमार, उम्र -22 वर्ष पिता-सत्येंद्र राय, ग्राम-धर्मपुरा थाना-धरमपुर जिला-रोहतास की मौजूदगी में एक सुपुर्दगीनामा तैयार कर सही सलामत बैग सुपुर्द किया गया।

# बाइक लूट में संलिप्त चार आरोपित गिरफ्तार, गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के पडुरी गांव के पास से गत 8 मई की रात लूटा गया बुलेट बाइक में संलिप्त चार आरोपितों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके पास से एक देशी कट्टा व दो अन्य बाइक बरामद किया गया। एसपी रोशन कुमार के अनुसार सासाराम नगर थाना क्षेत्र के कोठा टोली निवासी राजा कुमार की बुलेट बाइक गत 8 मई की रात पडुरी गांव के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखाकर लूट लिया गया था। इस संबंध में नासरीगंज थाना में अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी कराया गया था। इस कांड के उद्भेदन के लिए बिक्रमगंज के एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें थानाध्यक्ष नासरीगंज कच्छवा व तकनीकी सहायता के लिए ड्यू टीम को शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर निवासी अमित कुमार अपने गिरोह के तीन चार युवकों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। अमित कुमार को पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में इस घटना का उद्भेदन उसने किया। उसने बताया कि इस घटना में उसके गांव के अभिषेक कुमार, छोटू कुमार, अमित कुमार तथा एक 17 वर्षीय विधि विरुद्ध बालक शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अमित कुमार के बयान पर इस कांड में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। एक 17 वर्षीय विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया। उन्होंने बताया कि लूटी गई बुलेट बाइक औरंगाबाद जिले के दाउदनगर से बरामद किया गया। लूट में प्रयुक्त दो बाइक एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अमित कुमार पर नासरीगंज थाना में दो और दाउदनगर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज है। अन्य के आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

## सीमांचल हाई अलर्ट पर, युद्धविराम के बावजूद चौकसी जारी

नवबिहार टाइम्स विशेष संवाददाता

**कटिहार/सीमांचल।** भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही कल शाम से युद्धविराम लागू हो गया हो, लेकिन सीमा पर तनाव की स्थिति अभी भी बरकरार है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे सीमांचल इलाके को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। खासकर सीमावर्ती जिलों और परिवहन केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीमांचल क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा हालात की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर सभी को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कटिहार रेल मंडल में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे सुरक्षा बल के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में डॉग स्क्वायड, मेटल डिटेक्टर और स्कैनर की मदद ली जा रही है। कटिहार रेलवे स्टेशन और अन्य सीमावर्ती स्टेशनों पर यात्रियों की गहन तलाशी ली जा रही है। रेल एसपी हरिशंकर कुमार ने बताया सीमावर्ती इलाकों के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। ट्रेनों और स्टेशनों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी तरह की आशंका को समय रहते निष्क्रिय किया जा सके।

# हत्या मामले में पहली पत्नी सहित पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के तिलौथू थाना के चोरकप गांव में चौकीदार पुत्र अभिनंदन की हत्या उसकी पहली पत्नी ने चार लोगों के सहयोग से कराया था। पुलिस ने उसकी पहली पत्नी समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। हत्या में प्रयुक्त कट्टा, एक ऑल्टो कार, एक बाइक व दो मोबाइल बरामद किया गया। एसपी रोशन कुमार ने प्रेस वार्ता में कहा कि गत 6 मई की रात चोरकप गांव में चौकीदार के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतक के पिता ने अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया था। इस कांड के उद्भेदन के लिए सीडीपीओ कोटा किरण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया था। गठित टीम द्वारा जांच के क्रम में उनके पड़ोसी निखिल कुमार की गतिविधि संदिग्ध पाई गई। निखिल कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उसने इस हत्या का खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर काराकाट थाना क्षेत्र के इटीम्हा गांव से अंकित कुमार शर्मा और विकास कुमार साह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि मृतक अभिनंदन का भाई और पहली पत्नी रविता देवी के कहने पर हत्या को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार निखिल ने पूछताछ में बताया कि मृतक के भाई अभिमन्यु की मृतक की पहली पत्नी रविता देवी से नाजायज संबंध था जिसकी जानकारी मृतक को हो गई थी। इस कारण मृतक अभिनंदन अपने छोटे भाई अभिमन्यु की शादी करवा रहा था। अभिमन्यु यह शादी नहीं करना चाहता था जिस कारण अभिमन्यु व रविता देवी ने मिलकर अभिनंदन की हत्या करवाने की योजना बनाई थी जिसके लिए अभिमन्यु और रविता देवी ने दो लाख की सुपारी दी थी जिसमें बीस हजार रुपए का अग्रिम मिला था। शेष रकम काम हो जाने के बाद देने की बात तय हुई थी। एसपी ने बताया कि निखिल के हत्याकांड के खुलासे के बाद काराकाट थाने के इटीम्हा गांव से अंकित, विकास व चारकोप गांव से मृतक की पहली पत्नी रविता देवी व अभिमन्यु पासवान को गिरफ्तार किया गया। हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि टीम में शामिल तिलौथू के थानाध्यक्ष विद्याभूषण काराकाट थाने के थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ड्यू शाखा के प्रभारी राहुल कुमार अजय कुमार समेत दोनों थानों के पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जिला पदाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

### कार्यालय परिचारी पद प्रारंभिक परीक्षा का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना के तत्वावधान में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के 'कार्यालय परिचारी' पद हेतु प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन आज जिले में विभिन्न केंद्रों पर किया गया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, कैमूर द्वारा सदर अनुमंडल अंतर्गत उदासी देवी उच्च विद्यालय, भभुआ तथा मोहनियां अनुमंडल अंतर्गत शारदा ब्रजराज उच्च विद्यालय, मोहनियां में अवस्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सामान्य प्रेक्षक, उड़न दस्ता दल तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने केंद्राधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र का भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए तथा परीक्षा केंद्र की संपूर्ण वीडियोग्राफी भी करवाई जाए जिससे परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त बनाया जा सके। परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।

## मदर्स डे पर छलका मां के प्रति बच्चों का प्यार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** स्थानीय कनोडिया पंप स्थित संत जोसेफ स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह विशेष अवसर उन अद्भुत माताओं को समर्पित था जो अपने असीम प्रेम और मौन शक्ति से हर परिवार की नींव मजबूत बनाती हैं। कार्यक्रम में कक्षा - नर्सरी के बच्चे के साथ उनके पेरेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य शिवानी कुमारी एवं सभी पैरेंट्स ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चे अपनी मां की विशेषताओं, प्यार का वर्णन किया। मां पर आधारित रिकॉर्डिंग गाना पर उन्होंने आकर्षक नृत्य भी प्रस्तुत किए। बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न खेलों और सामूहिक नृत्यों में भाग लिया जिसने इस आयोजन को और भी विशेष आकर्षक बना दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों के लिए मां के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हर बच्चा के लिए उसकी मां संसार की सबसे सुंदर मां होती है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए मां का प्यार बहुत जरूरी होता है। प्राचार्य ने यह भी कहा कि शिक्षिकाएं मां की तरह ही बच्चों को प्यार देती है। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम स्थान आने वाली महिलाएं प्रियंका कुमारी, संगीता कुमारी, ज्योति श्रीवास्तव, वर्षा कुमारी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रवक्ता शशि प्रकाश ने किया।

# भूमि मुआवजा के 48 मौजों के वादों की सुनवाई 14 को

### भारतमाला परियोजना के अंतर्गत कैमूर में किसानों के हित में लिया गया निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य के लिए जिला कैमूर की विभिन्न अंचलों में अधिग्रहित भूमि के मुआवजा निर्धारण को लेकर कई किसानों द्वारा आपत्ति दर्ज कराते हुए आर्बिट्रेटर न्यायालय, पटना प्रमंडल में वाद दायर किए गए थे। किसानों की मांग एवं उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयुक्त सह आर्बिट्रेटर, पटना प्रमंडल द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 14 मई 2025 (बुधवार) को अपराह्न 2:00 बजे से इन वादों की एक साथ 48 मोजों की सुनवाई कैमूर समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी न्यायालय कक्ष में की जाएगी। उक्त सुनवाई में आयुक्त सह आर्बिट्रेटर स्वयं उपस्थित रहेंगे और अधिग्रहित भूमि के मुआवजा दरों में सुधार से संबंधित रैयतों की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कैमूर को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी संबंधित रैयतों को व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित रहने की सूचना उपलब्ध कराई जाए। ज्ञातव्य है कि पूर्व में किसानों को अपने वादों की पैरवी हेतु पटना जाकर उपस्थिति दर्ज करनी पड़ती थी जिससे उन्हें आर्थिक, मानसिक व समयगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए विगत छह माह से आर्बिट्रेटर न्यायालय के मामलों की सुनवाई कैमूर समाहरणालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से कराई जा रही थी। अब वादों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए आयुक्त ने स्थल पर उपस्थित होकर मामलों की सुनवाई करने का निर्णय लिया है, जो कि निश्चित रूप से किसानों के लिए एक राहतकारी कदम है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने जानकारी दी है कि 14 मई को सुनवाई हेतु सूचीबद्ध 48 मोजों में आने वाले सभी रैयतों को नोटिस भेजा जा चुका है एवं उन्हें अपने वाद में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अधिकार है। रैयत स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई में भाग ले सकते हैं। साथ ही जिन रैयतों ने अब तक वाद दायर नहीं किया है, वे भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त सह आर्बिट्रेटर पटना प्रमंडल द्वारा दिन के प्रथम सत्र में जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक की जाएगी एवं अपराह्न में भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों की न्यायालयीन सुनवाई की जाएगी। उनके इस निर्णय एवं दौरे से किसानों में सकारात्मक उत्साह देखा जा रहा है। किसानों को उम्मीद है कि इस सुनवाई से उनके मुआवजा संबंधी मामलों का त्वरित और न्यायोचित समाधान प्राप्त होगा। जिला प्रशासन कैमूर द्वारा सुनवाई को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## सबकी आंखें हुईं नम, सविता डे को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और मातृत्व की जीवंत प्रतिमूर्ति सविता डे अब हमारे बीच नहीं रहीं, लेकिन उनके जीवन की अनगिनत कहानियां आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं। उनके निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं, समाजसेवी, शिक्षक और गणमान्य लोग शामिल हुए और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम स्थल पर जब 'मां तुझे सलाम' और 'सविता दीदी अमर रहे' के नारे गूंजे तो माहौल पूरी तरह भावुक हो गया। किसी ने उन्हें मां कहा, किसी ने दीदी तो किसी ने समाज की अनाथ संतानों की छाया बताया। उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते समय सभी की आंखें नम थीं। सविता डे ने हजारों महिलाओं के जीवन को सशक्त बनाया और सैकड़ों अनाथ बच्चों को अपने स्नेह से नया जीवन दिया। उन्होंने यह दिखा दिया कि नारी शक्ति का रूप केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने में भी सक्षम है। कार्यक्रम में एक 11 मिनट का डॉक्यूमेंट्री वीडियो प्रस्तुत किया गया जिसमें उनके बचपन से लेकर सामाजिक जीवन तक की झलकियां दिखाई गईं जब स्क्रीन पर उनकी सेवा, संघर्ष और मुस्कुराहट दिखाई गई तो कई लोगों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे।

## अंग्रेजी शराब के साथ पांच धंधेबाज धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** कुदरा व चांद पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 250 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पांच धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया जिससे पूछताछ के बाद भभुआ न्यायालय भेज दिया। चांद पुलिस ने छापेमारी कर 173 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गोई गांव के राम बिंद पिता बसंत बिंद को गिरफ्तार कर लिया जबकि कुदरा पुलिस ने कुदरा रेलवे स्टेशन परिसर के पास छापेमारी कर 77 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ चार धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। धंधेबाज यूपी से शराब लाकर क्षेत्र में बेचने जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी में गिरफ्तार धंधेबाजों में कुदरा थाना के पंचपोखरी गांव के संदीप कुमार पिता बच्चा सिंह, सकरी गांव के प्रियांशु कुमार पिता टुनटुन साह, कुदरा निवासी रहमत इमरीति पिता मोहराम इमरीति व सोनहन थाना के पियां गांव के राजू कुमार पिता-नगीना सिंह शामिल हैं।

## मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार सीजन-5 का ग्रैंड फिनाले संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** रैंप पर जब मम्मियों ने खूबसूरत परिधानों में सज-धजकर मॉडलिंग करनी शुरू की तो हर कोई देखता रह गया। किसी को विश्वास नहीं हो रहा था कि कल तक घर का काम संभालने वाली महिलाएं आज रैंप पर इतनी बढ़िया कैट वॉक कर पूरे आत्मविश्वास से निर्यायकों के सवालों का जवाब दे सकेंगी। मौका था न्यू बूगी वूगी अकेडमी द्वारा रविवार को प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित मिसेज ब्यूटी मॉम्स ऑफ बिहार सीजन-5 का ग्रैंड फिनाले का। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। इसके पश्चात अकेडमी के बच्चों द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। आगंतुक अतिथियों को अकेडमी द्वारा बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। फिनाले में बिहार के विभिन्न जिलों से चुनी गई 16 महिलाओं ने निर्णायकों के सामने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# 50 हजार का इनामी अभियुक्त मुकेश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां पुलिस ने 50 हजार का इनामी अभियुक्त मुकेश कुमार उर्फ मुकेश डॉन को गिरफ्तार किया है। नवादा एसपी अभिनव धीमान ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हत्याकांड में संलिप्त 50 हज़ार का इनामी अभियुक्त मुकेश कुमार उर्फ मुकेश डॉन को नवादा पुलिस ने किया गिरफ्तार। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 24/नवंबर/24 को नेमदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर गांव में कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गयी, जिसमें इलाज के क्रम में




उसकी मौत हो गयी। मृतक के पत्नी द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर नेमदारगंज थाना कांड संख्या 363/24 दिनांक 21/नवंबर/24 दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा अनुसंधान के क्रम में छापामारी कर इस कांड में संलिप्त चार अभियुक्त की गिरफ्तारी पूर्व में ही की जा चुकी है। कांड के मुख्य अभियुक्त मुकेश कुमार उर्फ मुकेश डॉन गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे थे। उल्लेखनीय है कि मुकेश कुमार उर्फ मुकेश डॉन आपराधिक प्रवृति के हैं। उनके विरुद्ध नवादा जिला के विभिन्न थाना अंतर्गत कई कांड दर्ज हैं। फरार रहने की स्थिति में इसके गिरफ्तारी पर 50,000 रुपए का इनामी राशि भी घोषित किया गया था। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मुकेश कुमार उर्फ 'मुकेश डॉन' को 10 मई 2025 को जलालपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर उसे थाना परिसर लाया गया एवं उससे सघन पूछताछ की गयी। पूछताछ उपरांत उसे न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। अन्य संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। एसपी ने बताया कि मुकेश कुमार उर्फ 'मुकेश डॉन', पिता प्रभु यादव, सा0 जलालपुर थाना नेमदारगंज जिला नवादा को गिरफ्तार किया गया है।

# मदर्स डे पर डैफोडिल पब्लिक स्कूल में मां को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय मंगलास्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में रविवार को मदर्स डे के अवसर पर एक भावपूर्ण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, संगीत, पोस्टर मेकिंग, रंगोली और कविता पाठ के माध्यम से मातृत्व को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह, सचिव डॉ. रविचंद कुमार, प्राचार्य उमेश कुमार, उपप्राचार्या ज्योति मेहता एवं अन्य शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। नृत्य शिक्षिका साक्षी सिन्हा, सुरभि चामलिंग और निशा भारती तथा




संगीत शिक्षक दिलखुश पांडेय और सोनू कुमार के निर्देशन में बच्चों ने मां के प्रति सम्मान और प्रेम को दर्शाती आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर सचिव डॉ. रविचंद कुमार ने कहा कि भारत समेत कई देशों में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है, ताकि मां के प्रेम, त्याग और संघर्ष के प्रति सम्मान प्रकट किया जा सके। उन्होंने कहा कि मां केवल जन्म नहीं देती, वह अपने बच्चे की जिंदगी संवारती है और हर सुख-दुख में उसके साथ खड़ी रहती है।

चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह ने कहा कि मां के लिए जितना भी किया जाए, वह कम है। इस सृष्टि में मां की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। शिक्षिका रश्मि रानी ने कहा, मां वह है, जिसने हमें चलना, बोलना, सहना और जीना सिखाया। उनका प्यार और त्याग अनमोल है, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# आईसेनगफा गोगोई ने तोड़ा राष्ट्रीय यूथ रिकॉर्ड, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में जीता स्वर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को जारी खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के दौरान असम की आईसेनगफा गोगोई ने 55 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 183 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय यूथ रिकॉर्ड को भी तोड़कर नया इतिहास रच दिया। 17 वर्षीय आईसेनगफा लखनऊ स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (ट्ठक्र) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (गएग्क) में कोच राहुल शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कोयल बार द्वारा 2024 एशियन चैंपियनशिप (दोहा, कतर) में बनाए गए 182 किलोग्राम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। पिछले साल चेन्नई में




आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पदक से चूकने वाली आईसेनगफा ने इस बार दमदार वापसी करते हुए स्नैच में 75, 79 और फिर 81 किलोग्राम वजन उठाया, जो मीना संता द्वारा फिजी में बनाए गए 81 किग्रा रिकॉर्ड की बराबरी है। रजत पदक ओडिशा की मीना संता को मिला जिन्होंने कुल 177 किलोग्राम (80+97) वजन उठाया। जबकि आंध्र प्रदेश की हेमा श्री करंगी ने 164 किग्रा (72+92) वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

आईसेनगफा ने बताया कि यह उनका खेलो इंडिया में पहला स्वर्ण पदक है। उन्होंने कहा, मैं अपने कोच, माता-पिता और विशेष रूप से SAI NCOE लखनऊ का आभार व्यक्त करती हूं। मैं 2023 से खेलो इंडिया एथलीट हूं और प्रतिमाह 10,000 की स्कॉलरशिप प्राप्त करती हूं, जो हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए बहुत सहायक है।

उन्होंने यह भी बताया कि उनके पिता दीपज्योति गोगोई कभी राज्य स्तर पर नहीं खेले लेकिन पावरलिफ्टिंग से जुड़े रहे। यहीं से उन्हें प्रेरणा मिली। उनके पिता असम के सिबसागर जिले के करुलाकालिया गांव में टेंट हाउस चलाते हैं, जबकि मां नबनीता गोगोई गृहिणी हैं।

आईसेनगफा ने कहा, मैंने 13 साल की उम्र में वेटलिफ्टिंग शुरू की थी। चोट के बाद वापसी करना मुश्किल था, लेकिन आज स्वर्ण पदक जीतकर मैंने खुद को साबित कर दिया। अब मेरा लक्ष्य अगस्त में अहमदाबाद में होने वाली कॉमनवेल्थ यूथ चैंपियनशिप के ट्रायल्स में क्वालिफाई करना है।

अन्य विजेता खिलाड़ी- लड़कों की 61 किग्रा स्पर्धाः पंजाब के सुनील सिंह ने कुल 238 किग्रा (108+130) वजन उठाकर स्वर्ण जीता। पश्चिम बंगाल के अनिक मोदी (232 किग्रा) को रजत व तमिलनाडु के जयनवराज जे. (231 किग्रा) को कांस्य मिला। लड़कों की 67 किग्रा स्पर्धाः महाराष्ट्र के यश खंडगले ने 267 किग्रा (122+145) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। असम के अभिनव गोगोई को रजत और हरियाणा के समीर खान को कांस्य पदक मिला।

# प्रकृति और सचिन ने तलवारबाजी में लहराया परचम, जीते स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी (फेंसिंग) स्पर्धाओं की जोरदार शुरुआत हुई, जिसमें राजस्थान की प्रकृति शर्मा और हरियाणा के सचिन ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। महिला सेबर फाइनल में प्रकृति शर्मा ने कर्नाटक की एस. तन्वी को कड़े मुकाबले में 15-12 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सेमीफाइनल में उन्होंने मणिपुर की अंबिका देवी को मात दी। अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए प्रकृति ने कहा, यह मेरे कोच की कड़ी मेहनत और मेरे समर्पण का नतीजा है। यह अनुभव मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा।




वहीं पुरुष फॉइल स्पर्धा में हरियाणा के सचिन ने महाराष्ट्र के रोहन शाह को रोमांचक मुकाबले में 15-12 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। जीत के बाद सचिन ने कहा, मैं अपने कोच, माता-पिता और विशेष रूप से अपने पिता का धन्यवाद करता हूं, जिनके समर्थन से मैं यहां तक पहुंच सका।

**महिला सेबर स्पर्धाः**
स्वर्णः प्रकृति शर्मा (राजस्थान)
रजतः एस. तन्वी (कर्नाटक)
कांस्यः अनुकृति सिंह (हरियाणा) और अंबिका देवी (मणिपुर)

**पुरुष फॉइल स्पर्धाः**
स्वर्णः सचिन (हरियाणा)
रजतः रोहन शाह (महाराष्ट्र)
कांस्यः करण चौधरी (उत्तर प्रदेश)

इस अवसर पर विधायक कौशल किशोर (राजगीर), मशरुर अहमद जुबैरी उर्फ मो. अरशद (उपाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, नालंदा), रजनीश मिश्रा (सहायक निदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण) और रमाशंकर प्रसाद (उपाध्यक्ष, भारतीय तलवारबाजी संघ) ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और मैस्कॉट देकर सम्मानित किया।

# पारिवारिक विवाद में मारपीट, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

बिहारशरीफ। थरथरी थाना क्षेत्र के कौशल्यबिगहा गांव में मामूली विवाद के बाद हुई मारपीट में घायल अरुण गोप (45 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। परिजनों के अनुसार, शनिवार को अरुण गोप बाजार से मटन लेकर घर लौटे और अपनी भाभी से जल्दी पकाने को कहा। भाभी ने थोड़ी देर बाद बनाने की बात कही, जिस पर अरुण ने मजाक में गाली दे दी। पास में खड़ी चचेरे भाई की पत्नी को लगा कि यह गाली उसे दी गई है, जिससे विवाद बढ़ गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि गोतिया के जगदीप गोप ने डंडे से अरुण के सिर पर वार कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थरथरी थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि मृतक की भाभी के फर्द बयान पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए सावधानी बरती जा रही है।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना क्षेत्र के चमरडीहा गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान राकेश कुमार (32 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को राकेश कुमार का पत्नी से किसी पारिवारिक मुद्दे पर विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह घर से बाहर निकल गए और गांव के पास चमरडीहा पइन के किनारे एक पेड़ पर फांसी लगा ली। जब देर शाम तक राकेश घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने उन्हें पेड़ से फंदे पर लटका देखा और तुरंत राजगीर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा गया, जहां प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# अनुमंडल क्षेत्र में नौ जगहों पर चलाया गया अग्नि सुरक्षा जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र के रजौली, सिरदला एवं अकबरपुर प्रखंड के विभिन्न नौ जगहों पर रविवार को अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी राम अवध सिंह के नेतृत्व में अग्नि सुरक्षा संबंधित विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि अभी खेतों में फसलों की कटाई हो रही है और फसलों को खेत-खलिहानों में रखा जा रहा है।इस दौरान कई बार जानकारी के आभाव में लोग कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं,जिसका भुक्तभोगी किसानों को बनना पड़ता है वहीं घरेलू गैस के पाइप आदि में भी अनियमितता बरतने पर कई दुर्घटनाएं घटित हो रही है।



अगलगी की घटनाओं में कमी लाने को लेकर अग्निशमनकर्मी प्रत्येक दिन क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। रविवार को सिरदला प्रखंड के सिरदला पंचायत के वार्ड संख्या 8 में स्थित अभिषेक भारत गैस, अकौना पंचायत के वार्ड संख्या 8 व वार्ड संख्या 7, रजौली प्रखंड के करीगांव में आर्यन हार्डवेयर,अंधरवारी पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 एवं अकबरपुर प्रखंड के फतेहपुर पंचायत के एसएस प्लाई सेंटर, बलिया बुजुर्ग पंचायत के बीच बाजार, शेखपुरा पंचायत के वार्ड 10 और पचगामा के वार्ड संख्या 9 में मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आने-वाले युवाओं से लेकर बुजुर्गों एवं महिलाओं के हाथों में पंपलेट देकर आग से बचने के उपाय बताया गया साथ ही अग्निशमन के सोशल मीडिया से दर्जनों लोगों को जोड़ा गया एवं जुड़ने का सुझाव भी दिया गया।

# जैन समाज ने मनाया विशल्य सागर महाराज का 48वां अवतरण दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** स्थानीय जैन धर्मावलंबियों द्वारा प्रख्यात दिगम्बर जैन संत संप्रति समंतभद्र श्रमण 108 मुनि विशल्य सागर जी महाराज का 48वां अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवादा जिला मुख्यालय स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में रविवार को भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परंपरागत धार्मिक वातावरण में आयोजित इस भक्तिमय कार्यक्रम में पूरे विधि-विधान के साथ मुनिश्री की विशेष पूजा-अर्चना और आराधना की गई। कोटा (राजस्थान) से आए भक्ति-संगीत मंडली ने मुनिश्री के स्वागत व सम्मान में एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुति दी। इस आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिगंगा में खूब डुबकी लगाई। उपस्थित श्रद्धालुओं को मुनिश्री का वात्सल्यपूर्ण अनमोल मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस दौरान मुनिसंघ में शामिल जैन साध्वियों व क्षुल्लकश्री के साथ ही ब्रह्मचारिणी बहन भारती व बहन अलका जी का पूरा सानिध्य मिला। आयोजन में स्थानीय जैन समाज के दीपक जैन, अभय बड़जात्या, उदय बड़ताल्या, भीमराज गंगवाल, सुनील काला, अशोक गंगवाल, अजीत पांड्या, मनोज जैन, विमल जैन गर्ग, जय कुमार छाबड़ा, राजेश जैन, लक्ष्मी जैन, सुनीता जैन, चंदा बड़जात्या, स्विटी जैन, रीता सेठी, वीणा काला, अनिता जैन, खुशबू जैन, सोनल सेठी, सीमा काला, संतोष छाबड़ा व संतोष पांड्या के साथ ही आरा जैन समाज के डॉ. आदित्य विजय जैन, सुनीर चंद जैन, डॉ. शशांक जैन, रौशन चंद जैन, विभू जैन, साहू चंद जैन, सिद्ध विजय जैन, मृगांक जैन, आकाश जैन, शिवम जैन, शुद्धात्म जैन व मनोज चंद जैन, कोडरमा (झारखंड) जैन समाज के सुरेश झांझरी व विमल जैन सहित भारी संख्या में स्थानीय व अन्य स्थानों के जैन श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

## मंगल कलश के साथ जैन महिलाओं ने निकाली घट यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** संप्रति समंतभद्र श्रमण 108 मुनि विशल्य सागर महाराज की मंगल प्रेरणा से नवादा जिला मुख्यालय स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर के श्री 1008 महा सिद्धिकारक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ महोत्सव का पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रविवार को प्रातः दिगम्बर जैन मंदिर में जिनेंद्र प्रभु का मंगल अभिषेक व शांति धारा के साथ ही विशेष पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात जैन मंदिर से स्थानीय जैन समाज की महिलाओं ने मंगल कलश के साथ घटयात्रा निकाली। घटयात्रा में रजनी काला, लक्ष्मी जैन, मधु जैन, आशा बड़जात्या, ममता काला, रजनी पांड्या, विनीता बड़जात्या, वीणा जैन, सपना गंगवाल व मेघा गंगवाल सहित भारी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल थे। नगर के प्रमुख मार्गों पर परिभ्रमण के पश्चात पुनः जैन मंदिर पहुंच इस घटयात्रा का समापन हुआ। इसके उपरांत मंदिर में ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। मुनि विशल्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में दोपहर में पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। जैन मंदिर परिसर में आयोजित इस परम पावन धार्मिक अनुष्ठान में मुकेश जैन शास्त्री अम्बाह विधानाचार्य के रूप में योगदान दे रहे हैं, जबकि कोटा (राजस्थान) के नवीन जैन की भक्ति-संगीत मंडली भी आयोजन में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विश्वशांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण के निमित्त 11 मई में शुरू यह परम पावन सर्व मंगलकारी अनुष्ठान आगामी 19 मई तक संचालित होगा।

# केवाली पंचायत में पूर्व विधायक कौशल यादव के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के समर्थन में उनके पति एवं पूर्व विधायक कौशल यादव का तूफानी जनसंपर्क अभियान भीषण गर्मी और तपती दोपहरी के बावजूद रविवार को भी लगातार जारी रहा। कौआकोल प्रखंड के केवाली पंचायत अंतर्गत कई गांवों में उन्होंने डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं से पूर्णिमा यादव के पक्ष में मतदान की अपील की।



इस दौरान बुकार, ढाब, सुंदरी, नजल्लीबीघा, केवाली, मथुरापुर, अमरपुर समेत कई गांवों में ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया। गांवों की गलियों में भारी भीड़ के साथ निकली यह जनसंपर्क यात्रा एक चुनावी उत्सव का दृश्य प्रस्तुत कर रही थी।

पूर्व विधायक कौशल यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गोविंदपुर विधानसभा के लोगों से उनका और उनके पूरे परिवार का आत्मीय और पारिवारिक रिश्ता रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि पूर्व में हुई कुछ राजनीतिक भूलों के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस बार वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ मैदान में हैं और पिछली गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि इस बार जनता का जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह परिवर्तन की आहट है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पूर्णिमा यादव को सेवा का एक और मौका दें, ताकि क्षेत्र के अधूरे विकास कार्यों को पूरा किया जा सके।

इस अवसर पर पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रमुख प्रतिनिधि व पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, उप प्रमुख नवीन यादव, पूर्व सरपंच मोनाजिर हसन, राजीव सिंह समेत सैकड़ों समर्थक उपस्थित थे।

# धू-धू कर जली बाइक, बाइक सवारों ने कूदकर बचाई जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के केवाली मोड़ के पास शनिवार की देर रात्रि बारात जा रहे एक युवक की ग्लैमर बाइक अचानक धूं धूं कर जलकर राख हो गई। वहीं बाइक सवार चालक समेत उस पर सवार दो अन्य लोगों ने बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि कौआकोल थाना क्षेत्र के कदहर गांव निवासी बीरू राम का भगना व काशीचक थाना क्षेत्र के बौरी गांव निवासी रविन्द्र सिंह का पुत्र उत्तम कुमार अपने दो अन्य रिश्तेदारों के साथ बाइक से कदहर गांव से रोह बारात जा रहा था। तभी केवाली मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक चारपहिया वाहन द्वारा अचानक चकमा दे दिया गया। जिससे बाइक असंतुलित होकर वहीं गिर गया। उसके बाद बाइक चालक ने बाइक उठाकर जैसे ही वाहन चालू करने के लिए किक मारा,वाहन में अचानक आग लग गया। आनन फानन में बाइक पर सवार युवक वाहन से उतरकर पास में रहे बालू के ढेर से आग बुझाने का प्रयास किया। परन्तु आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि वाहन धूं धूं कर जलकर


बीच सड़क जली हुई बाईक

राख हो गया। आशंका जताई जा रही है कि बाइक में मोबिल नहीं था,जिसके कारण आगलगी की घटना घटित हुई। हालांकि इस दरम्यान बाइक सवारों को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद रविवार को सूचना पर पहुंची 112 आपातकालीन पुलिस वाहन ने जली हुई बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई।

# कौआकोल में आयोजित दिव्यांग शिविर में 22 लाभुकों ने दिए आवेदन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित सभागार भवन में रविवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर दिव्यांग प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 लाभुकों ने दिव्यांग पहचान पत्र एवं यूडीआईडी बनाने को लेकर आवेदन दिया। कौआकोल पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल ने बताया कि योग्य लाभुकों को दिव्यांगता पहचान कर उन्हें यूडीआईडी निर्गत किए गए। कार्यपालक सहायक अनिल कुमार ने बताया कि कौआकोल बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार के देखरेख में लगाए गए शिविर में 22 दिव्यांगजनों ने उपस्थित होकर आवेदन दिया।

# सुरक्षित शनिवार में छात्रों को दी गई राष्ट्रीय सुरक्षा की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड स्थित इंटर विद्यालय कौआकोल में शनिवार को 'सुरक्षित शनिवार' कार्यक्रम के तहत एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध की स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं बचाव के उपायों की जानकारी देना था। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर हमले, वायु आक्रमण, खाद्य संकट जैसी आपात स्थितियों से निपटने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि संकट की घड़ी में परिवार और समाज को



सुरक्षित रखने में उनकी क्या भूमिका हो सकती है। इस दौरान मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों को आपात स्थिति में व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में सूझबूझ के साथ कार्रवाई कर सकें। विद्यार्थियों को बताया गया कि अफवाहों से कैसे बचें और सही सूचना स्रोतों पर भरोसा करें। कार्यक्रम में बच्चों ने सुरक्षा संबंधी पोस्टर भी बनाए और विचार साझा किए। प्रभारी प्राचार्य वर्मा ने कहा कि ऐसी विषम परिस्थितियों में विद्यार्थियों समेत सभी नागरिकों की जागरूकता और सक्रियता बेहद महत्वपूर्ण होती है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंत्री डा. प्रेम कुमार ने किया पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया के परिसर में आयोजित खेलो इंडिया के तहत योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि आज हमने योग में प्रथम स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को हमने पुरस्कृत किया एवं उनका हौसला बढ़ाया ताकि विश्व में भारत योग गुरु बने। वहीं अपने संदेश में कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अनमोल उपहार है। जीवन का अभिन्न अंग है योग। यह दिमाग और शरीर की एक एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है योग। विचार, संयम, स्वास्थ्य, बल, बुद्धि की पूर्ति करने वाला है योग। हमारी बदलती जीवन शैली में चेतना पैदा कर निरोगी बनाता है योग। योग एवं व्यायाम से शरीर के सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर दोनों मजबूत होते हैं। वर्ष 2023 योग दिवस का थीम 'वन वर्ल्ड,वन हेल्थ' यानी 'वसुधैव कुटुंबकम' है। इसका असर मनुष्य के स्वास्थ्य और जीवन दोनों पर पड़ता है। सदियों से मान्यता है कि योग करने से लंबी उम्र होती है। योग से शारीरिक व्याधियों के साथ-साथ मानसिक समस्याओं से निजात मिलता है। योग के आठ सूत्र यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि है। भगवत गीता में तीन प्रमुख योग-कर्म योग, भक्ति योग और ध्यान योग बताया गया है। आधुनिक एवं प्रदूषण युक्त दुनिया एवं जीवन शैली में स्वस्थ रहने के लिए हम सबको तनाव मुक्त जीवन के लिए प्रतिदिन 1 घंटे योग कर 24 घंटे निरोग रहना चाहिए।जीवन है अनमोल,रहो सदा निरोग,अतः जरूर करो योग।

## मातृ दिवस पर मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने मां को किया नमन, भावुक शब्दों में श्रद्धा व्यक्त की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मातृत्व दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं भाजपा के वरीय नेता डॉ प्रेम कुमार ने गया जिला अतिथि गृह में अपनी दिवंगत माता स्वर्गीय लालपरी देवी जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने मातृत्व की महिमा का गुणगान करते हुए सभी माताओं को अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं। डॉ प्रेम कुमार ने कहा वात्सल्य, त्याग, सेवा और ममता की सच्ची प्रतिमूर्ति समस्त माताएं हैं। मां के बिना यह दुनिया



अधूरी है। मां के चरणों में ही जन्नत बसती है। मां का रिश्ता दुनिया के हर रिश्ते से बड़ा होता है क्योंकि वह जन्म से पहले से ही हमारे साथ होती हैं। मंत्री ने भावुक होते हुए अपने बचपन की यादें साझा कीं – बचपन में मां द्वारा की गई तेल मालिश, काजल का टीका, स्कूल जाते समय दिए गए आशीर्वाद और परीक्षा के समय माथे पर लगाए गए दही के ठीके आज भी दिल को छू जाते हैं। मां के आंचल में ही बच्चा खुद को सबसे सुरक्षित महसूस करता है। मां ईश्वर का ही दूसरा रूप हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि हर हाल में मां की सेवा करते रहें, इससे सुकून और सुख की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रेम सागर, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, अमित लोहानी, रामपुकार सिंह, दीपू, विनोद, पवन, अजय पासवान, राजनंदन गांधी, मुकेश, रघु, गौतम कुमार, दीनानाथ, जितेंद्र समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मातृत्व को जीवन का आधार बताया।

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सनातन के सर्वोत्तम पूज्य : प्रेमसागर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गयाजी स्थित रेडक्रास सभागार में श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति गया जी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति गयाजी के अध्यक्ष प्रेम सागर ने अपने संबोधन में भगवान राम जी के लिए उद्गार व्यक्त करते हुए कहा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सनातन के सर्वोत्तम पूज्य हैं। हिंदू धर्म के सारे पर्व त्यौहार हिंदी तिथि के अनुसार मनाए जाते हैं। यह संपूर्ण सृष्टि ही प्रभु की महान रचना है जिससे विश्व को आराम, विश्राम और विराम मिले वही राम है जो सब में रमते हो वही राम है जिनके पूजने से लोगों को परिणाम, प्रमाण और प्रणाम मिले वही प्रभु श्री राम है। राम जी की वाणी ही श्रेष्ठ थी। श्रेष्ठ वाणी के लिए तीन चीज जरूरी हैं संस्कार, क्रम और अविलंब। भगवान श्री राम में यह तीनों विशिष्ट गुण थे। उत्तम चरित्र के कारण प्रभु राम, रावण से महान हुए और पूजनीय भी हुए। उन्होंने जो आदर्श स्थापित किया वह समूची मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। 500 से अधिक वर्षों के अथक परिश्रम एवं संघर्ष का फल के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के निरंतर कोशिश से हिंदुओं को मिली सफलता ने विश्व समुदाय में प्रभु श्री राम के प्रति आस्था और विश्वास दृढ़ किया है। श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति के सभी सदस्यों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देता हूं। आपलोगों के मेहनत और प्रयास से रामनवमी शोभा यात्रा कार्यक्रम सफल हो पाया।आप सभी को पुनः बधाई देता हूं।

## झड़प व हत्या मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार, गये जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** पुलिस ने साम्प्रदायिक झड़प व हत्या मामले में तीन और आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि बीते बुधवार को गुडरु गांव में हुए साम्प्रदायिक तनाव और नन्कू यादव हत्याकांड के मामले में पुलिस ने रविवार को थानाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज इमाम के नेतृत्व में पुलिस ने तीन आरोपियों सोनू उर्फ अहमद, चांद मियां और तुसार मियां को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इससे पहले भी पुलिस ने इसी मामले में तीन महिलाओं समेत कुल पन्द्रह आरोपियों को जेल भेज चुकी है। घटना गत दिनों उस समय हुई थी जब वर निकासी के दौरान डीजे बजाया जा रहा था। बारात



मस्जिद के पास पहुंचने पर दूसरे समुदाय के लोगों ने डीजे बजाने पर आपत्ति जताई जिसके बाद दोनों समुदायों के बीच तीखी झड़प और मारपीट हो गई। इस हिंसक झड़प में करीब दस लोग घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल नन्हकू यादव की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। नन्हकू यादव का शव गांव पहुंचने के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया था। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर शांति बहाली की। गुरुआ पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने की डिग्री कॉलेज की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के उच्च विद्यालय चतुरी बिगहा में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित रविवार को किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी बातें साझा कीं और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने डिग्री कॉलेज की मांग की। उनका कहना था कि क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नहीं होने से छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में परेशानी होती है। महिलाओं ने संबंधित अधिकारियों से मांग की कि जल्द से जल्द क्षेत्र में डिग्री कॉलेज खोला जाए। वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए बिहार सरकार के योजनाओं की जानकारी दी गई। शादी विवाह हेतु विवाह मंडप और पेयजल की उपलब्धता, नाली गली पक्कीकरण समेत कई समस्याओं से अवगत कराई गई। उक्त कार्यक्रम में जीविका सीसी रीता कुमारी, महा लेखापाल संजय पासवान, वीएलआरपी दिलीप कुमार, अध्यक्ष अनीता कुमारी, विद्या कुमारी, पुष्पा देवी सहित महिला कैडर एवं सैकड़ों महिला उपस्थित थीं।

## कब्रिस्तान के पास संदिग्ध हालत में मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** रविवार को आमस थाना क्षेत्र के तिलैया कब्रिस्तान के पास संदिग्ध हालत में शव मिला जिसकी पहचान शेरघाटी थाने के गोपालपुर गांव निवासी भोला दास के पुत्र सोनू कुमार (20) के रूप में की गई है। शव के पास ही उसकी काले रंग की अपाची बाइक भी पड़ी थी, लेकिन उसका मोबाइल गायब था। सूचना पर पहुंची आमस पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल गया भेज दिया। परिजन हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए शव को फेंक देने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार सोनू शनिवार की शाम करीब 7 बजे अपने भाई की ससुराल गुरुआ के टिकरी गांव जाने के लिए बाइक से निकला था। वहीं पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा अज्ञात वाहन के धक्के से मौत का



कारण बताया जा रहा है। इस रोड से दिन रात मालवाहक गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी वाहन के धक्के से युवक की बाइक अनियंत्रित होकर कब्रिस्तान के दीवार से टकरा गई हो, रात होने के कारण किसी की नजर न पड़ी और मौत हो गई। पुलिस हत्या और दुर्घटना में मौत होने के दोनों कारणों को पता लगाने में जुट गई है। इधर शव मिलने की खबर फैलते ही देखनेवालों की भारी भीड़ लग गई। वहीं घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार एक वर्षीय पुत्र का पिता सोनू बेहद सुशील स्वभाव का लड़का था। किसी से उसकी कोई दुश्मनी नहीं थी। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा।

## प्रियंका कुमारी ने बिहार पुलिस में सफल होकर गांव का नाम किया रोशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के पकरी पंचायत गांव में दो समुदायों में सांप्रदायिकता तनाव हत्या को लेकर पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। वहीं दूसरी ओर गुड़रू गांव में गरीब किसान की बेटिया प्रियंका कुमारी ने बिहार पुलिस में सफलता हासिल कर अपने गांव, अपने समाज और अपने पर परिवार के मान समान बढ़ा दी और गांव में पसरे सन्नाटा को खुशियां में बदल दी। परिवार वालों का कहना है कि जब से इनकी पिता मुसाफिर यादव का मृत्यु हुई तब से प्रियंका कुमारी को पढ़ाई लिखाई में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। फिर भी कहा जाता है जिसकी हौसला बुलंद हो वो कोई भी



मुकाम को हासिल कर लेता है और प्रियंका कुमारी ने ऐसे ही की और खुद से बिना कोचिंग क्लास के सहारे पढ़ाई की शुरुआत की और अपनी मुकाम को हासिल की। प्रियंका कुमारी उन गरीबों का प्रेरणा का मार्गदर्शक सिद्ध हो रही है जो कहते हैं कि हमको पढ़ने के लिया पैसा नहीं था मेरा कोई फैमिली सपोर्ट नहीं था।

## सीयूएसबी के भू-विज्ञानियों की टीम ने निरंजना नदी बेसिन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लैब टू लैंड कार्यक्रम के तहत भूविज्ञान विभाग के भूविज्ञानियों की एक टीम ने निरंजना नदी बेसिन (फल्गु नदी) में इसके पुनरुद्धार के प्रयासों का समर्थन करने के लिए एक फील्ड सर्वे किया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की पहल कैंपस फॉर कम्युनिटी के तहत निरंजना नदी पुनर्भरण मिशन के संयोजक संजय सज्जन के सहयोग से भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रफुल्ल सिंह की देखरेख में फील्डवर्क आयोजित किया गया। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने रविवार को बताया कि सीयूएसबी के टीम के साथ कमल नयन



(प्रोजेक्ट एसोसिएट), राजकुमार (सामाजिक कार्यकर्ता), रवींद्र कुमार रवि (हंटरगंज के शिक्षक) और बसंती पन्ना (नवाडीह पंचायत की मुखिया) आदि शामिल थे। विस्तृत जानकारी देते हुए प्रो. प्रफुल्ल सिंह ने बताया कि सर्वेक्षण और क्षेत्र डेटा संग्रह का प्राथमिक लक्ष्य नदी की गतिशीलता का अध्ययन करना और बेसिन के प्रवाह और भूजल आंदोलन को प्रभावित करने वाले भूवैज्ञानिक और जल विज्ञान संबंधी कारकों का मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान जल विज्ञानियों ने बेसिन में चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्र किए और भूजल की स्थिति का आकलन करने के लिए खुले कुओं में पानी के स्तर को मापा। उनका उद्देश्य यह समझना था कि जलवायु परिवर्तन और कृषि पद्धतियां भूजल उपलब्धता को कैसे प्रभावित कर रही हैं। ताकि एक स्थायी भूजल पुनर्भरण रणनीति तैयार की जा सके। टीम ने स्थानीय जल उपयोग पैटर्न और भूजल पहुंच के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए जलग्रहण क्षेत्र के निवासियों के साथ भी बातचीत की। सर्वेक्षण से प्राप्त अवलोकनों ने जिम्मेदार भूजल उपयोग को बढ़ावा देने, सूख चुके कुओं को बहाल करने और प्रमुख जल-असर संरचनाओं और संरचनाओं की रक्षा करने के लिए समुदाय की भागीदारी और जागरूकता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला।ये प्रयास दीर्घकालिक जल स्थिरता प्राप्त करने और नदी प्रणाली के पारिस्थितिक स्वास्थ्य को संरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्यालय का 13 मई को उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन 13 मई को प्रखंड कार्यालय में होने जा रहा है। कार्यालय का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख मणी देवी करेंगे। रविवार को उपाध्यक्ष जमीलू रहमान ने जानकारी दी है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के विकास के लिए नई योजनाओं की घोषणा हो सकती है। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए भी चर्चा की जा सकती है। उपाध्यक्ष जमीलू रहमान ने बताया कि इस कार्यालय के खुलने से प्रखंड के विकास कार्य में गति आएगी और लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। कार्यालय के उद्घाटन के बाद प्रखंड के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि इस कार्यालय के खुलने से उनके क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

## अभाविप ने शैक्षणिक अराजकता के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गया महानगर इकाई द्वारा मगध विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में रविवार को शहर के टावर चौक पर आक्रोश मार्च निकालते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर महानगर मंत्री विनायक कुमार ने कहा कि आज मगध विश्वविद्यालय में छात्र गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन गहरी निद्रा में सोया हुआ है। वर्तमान स्थिति यह है कि परीक्षा के चार साल बीत जाने के बाद भी छात्रों को अंक प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहे हैं। हर बार रिजल्ट जारी होने के साथ ही उसमें भारी गड़बड़ियां देखने को मिलती हैं जिससे छात्रों का



भविष्य अधर में लटका हुआ है। प्रदेश सह मंत्री मंतोष सुमन ने कहा कि न तो समय पर नामांकन होता है, न परीक्षा आयोजित होती है और न ही परिणाम समय पर घोषित किए जाते हैं। नई शिक्षा नीति को सिर्फ कागजों पर लागू किया गया है, जमीनी स्तर पर इसकी कोई प्रभावशीलता नहीं दिखती। छात्रों का नामांकन एक विषय में होता है, पंजीकरण किसी अन्य विषय में, परीक्षा किसी तीसरे विषय में होती है और परिणाम किसी और विषय का निकलता है। स्थिति अत्यंत गंभीर है जिसे विद्यार्थी परिषद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। दक्षिण बिहार प्रदेश एसएफडी संयोजक सूरज सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय जानबूझकर छात्रों के परिणाम लंबित रखता है और फिर उन्हें परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित कर देता है। परीक्षा विभाग पूर्णतः निष्क्रिय हो चुका है। परीक्षा नियंत्रक अपने कर्तव्यों में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं जो परिणाम जारी भी हो रहे हैं उनमें व्यापक स्तर पर त्रुटियां पाई जा रही हैं जो छात्रहित के खिलाफ हैं।

## बहन की शादी से पहले भाई की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला के टनकुप्पा प्रखंड में बहन की शादी से पहले भाई की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोस्त के साथ बाइक से नानी के घर से सामान लेकर आ रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने रौंद दिया। दुल्हन के भाई रंजित यादव(20) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। रंजीत के पिता नहीं हैं। पिछले साल बीमारी से मौत हो गई थी। घटना टनकुप्पा थाना क्षेत्र के फतेहपुर मुख्य मार्ग की है। परिजनों ने बताया कि शनिवार को रंजीत के बहन की शादी थी। बारात आने से पहले शाम को अपने 2 दोस्तों के साथ नानी के घर कुछ सामान लाने गया था। वहां से लौटते समय हाइवा ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रंजीत गाड़ी के पहिए में फंस गया। 500 मीटर तक घसीटता चला गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## गया बार एसोसिएशन के सदस्यों ने मनन कुमार मिश्र का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बार काउंसिल के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा से रविवार को मुलाकात कर गया बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा अधिवक्ता एवं अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने हिस्सा लिया। उन्होंने श्री मिश्रा को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं की समस्याओं एवं उनके समाधान पर गंभीर चर्चा की गई। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा अधिवक्ता ने बताया



कि अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य में आने वाली समस्याओं, सुविधाओं की कमी, सुरक्षा एवं सामाजिक मान्यता जैसे विषयों पर सांसद से विमर्श किया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अधिवक्ताओं की सभी समस्याओं को राज्यसभा में प्रभावी रूप से उठाया जाएगा। राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय प्रणाली की रीढ़ है, अतः उनकी समस्याओं का समाधान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस मुलाकात के दौरान भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## लंबित कांडों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार रविवार को एएसपी ग्रामीण अनवर जावेद के द्वारा टनकुप्पा थाना में लूट/हत्या/डकैती एवं अन्य गंभीर लंबित कांडों की समीक्षा की गई। कांडों में सत्य पाए गए एवं फरार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की की कारर्वाई सुनिश्चित करने तथा लंबित सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश इकाई के निर्देश के आलोक में रविवार को टिकारी विधानसभा अंतर्गत नगर परिषद कार्यालय स्थित सभागार में सामाजिक न्याय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष सुभाष यादव के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोंच प्रखंड के अध्यक्ष सुरेश यादव एवं संचालन टिकारी के प्रखंड अध्यक्ष बंटी यादव ने किया। उपरोक्त कार्यक्रम को राजद के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम के रूप में संपन्न किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेरक - दल के प्रभारी के रूप में भारत सरकार की पूर्व मंत्री, महिला राजद की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कांति सिंह ने कहा कि बिहार परिवर्तन मांग रहा है और बिहार की जनता ने तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी के वैचारिक आधार के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए उन्हें संगठन को मजबूत बनाते हुए समाज के लोगों से जुड़ने का आवाहन किया और कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान में सभी नागरिकों को एक वोट देने का अधिकार दिया ताकि गरीब, शोषित, वंचित अपने हक और अधिकार के लिए वोट कर सकें। लालू प्रसाद ने डॉ भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय के विचारधारा को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने भाजपा की नफरत फैलाने वाली विचारधारा से सावधान करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और खराब कानून व्यवस्था की चर्चा नहीं होती बल्कि मंदिर मस्जिद, हिंदू मुस्लिम की चर्चा होती है। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए विधायक राजवंशी महतो ने कहा कि तेजस्वी जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बूथ जीतो, बिहार जीतो की रणनीति बनाने की जरूरत है। संगठन में सभी जाति और धर्म को सम्मान देते हुए सभी वर्ग के लोगों को जोड़ना है। विधान पार्षद डॉक्टर डॉ. उर्मिला ठाकुर ने चुनावी प्रबंधन पर बल देते हुए पंचायत एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के पुनरीक्षण से लेकर मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन सजग और सतर्क रहने की बात कही और कहा कि हमारी लड़ाई बेईमानों से है।

## दो सौ लीटर देसी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत केनार बधार में रविवार को पुलिस ने बाइक पर लदा दो सौ लीटर देसी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गया। बाइक पर दो बोरे में लगभग 200 लीटर देसी शराब भरा पाया गया। बाइक व शराब को जब्त कर थाना लाया गया है जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक सवार ने खड़ी कार में मारी टक्कर, पत्नी की मौत, देवर रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** गया - राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 पर वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत इटवां के निकट रविवार को लगभग 4 बजे संध्या पहर एक बाइक सवार ने खड़ी कार में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार महिला की नीचे गिरकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112 की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर घायल बाइक चालक को इलाज के लिये वजीरगंज सीएचसी लायी तथा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। घायल मेडिकल थाना अंतर्गत कठौतिया निवासी विनोद शर्मा का पुत्र दुर्गेश कुमार है जो अपनी भाभी के साथ नवादा के ककोलत से वजीरगंज होते हुए वापस अपने घर जा रहा था। अज्ञात कारणों से उसका बाइक असंतुलित होने के बाद खड़ी कार से टक्कर हो गई जिसमें उसकी भाभी सुनिता देवी की मौत हो गई जबकि उसका डेढ़ वर्षीय बच्चा सकुशल परिजन को सुपुर्द कर दिया गया है। पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कह परिजन पंचनामा के बाद शव को अपने साथ लेकर चले गये।

संपादकीय

# अब पोप अमेरिका से

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीते दिनों नए पोप के रूप में वायरल एक एआई तस्वीर काफी चर्चित हुई थी, जिसमें ट्रंप खुद को भावी पोप के रूप में देखना चाहते हैं। लेकिन इस बीच कैथोलिक इसाइयों के मुख्यालय वेटिकन में जब कार्डिनल रॉबर्ट प्रेवोस्ट को 267 वें पोप के रूप में चुनाव गया तो मानो ट्रंप की तमन्ना ही फलीभूत हुई, क्योंकि पोप के करीब 2000 के इतिहास में कोई अमेरिकी पहली बार इस पद के लिए चुना गया है। नए पोप अब पोप लियो के नाम से जाने जाएंगे। हालांकि अमेरिकी होने के बाद भी वो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कई नीतियों से असहमत रहे हैं। ऐसे में उनके और ट्रंप के बीच भावी रिश्ते कैसे रहेंगे, यह देखने की बात है। हालांकि पोप चुने जाने पर ट्रंप ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ये अमेरिका के लिए बहुत बड़ा सम्मान है। अमेरिका के शिकागो मूल के मूल के प्रेवोस्ट ने सेंट पीटर बेसिलिका की बालकनी से अपने पहले संबोधन में शांति और संवाद का संदेश दिया। गौरतलब है कि नए पोप के चुनाव के पहले ट्रंप ने जिस तरह खुद को पोप की वेशभूषा में पेश किया, उसे न्यूयॉर्क स्टेट कैथोलिक कॉन्फ्रेंस ने 'अपमानजनक' करार दिया था, क्योंकि यह पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के कुछ दिनों बाद और नए पोप के चुनाव से पहले पोस्ट की गई थी। यद्यपि बाद में ट्रंप ने कहा कि यह सिर्फ 'मजाक' है। उनका पोप बनने का कोई इरादा नहीं है। लेकिन उनकी इस हरकत से कैथोलिक समुदाय में नाराजगी देखी गई। वैसे ट्रंप प्रोटेस्टेंट ईसाई हैं और अमेरिका में उन्हीं की संख्या सबसे ज्यादा है, जबकि कैथोलिक दूसरे नंबर पर हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने 2019 में धर्म परिवर्तन कर कैथोलिक धर्म अपना लिया। यह बात अलग है कि पोप लियो और जेडी वेंस की भी आपस में नहीं बनती। पोप आव्रजन और कैथोलिक शिक्षा के मुद्दों पर वेंस के नजरिए से असहमत रहे हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर पोप ने कहा कि बच्चों को आव्रजन कानून के अंतर्गत बच्चों को उनके माता पिता से अलग करना उचित नहीं है। यह नीति अमेरिकी या नैतिक रूप से बचाव योग्य नहीं है। वैसे पोप लियो को नया दायित्व संभालने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विश्व भर के नेताओं ने बधाई दी है। पोप दुनिया भर में फैले 140 करोड़ कैथोलिक ईसाई नेताओं के सर्वोच्च नेता हैं और उन्हे राष्ट्राध्यक्ष का दर्जा प्राप्त है। नए पोप का चयन दुनियाभर के कार्डिनल्स कॉनक्लेव में दूसरे दौर में हो सका। यह ऐतिहासिक चुनाव न केवल कैथोलिक चर्च के लिए, बल्कि वेटिकन और ट्रम्प प्रशासन के बीच संबंधों के लिए भी महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से आप्रवासन और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर पोप की राय महत्वपूर्ण होगी। पोप लियो पेरू में मिशनरी के रूप में काम कर चुके हैं और वहां की नागरिकता भी रखते हैं। उन्हें एक संतुलित और शांत नेता माना जाता है। उनसे उनके पूर्ववर्ती पोप फ्रांसिस की सुधारवादी नीतियों को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। उनका ज़ोर गरीबों और वंचितों के लिए काम करने पर है। नए पोप को लेकर दुनिया भर में कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार यह दायित्व किसे मिलेगा। यह भी अटकलें थीं कि इस बार किसी गैर यूरोपीय को पोप के रूप में चुना जा सकता है। लेकिन वैसा कुछ नहीं हुआ। बहरहाल पोप का पद विश्व में अत्यंत सम्मानित धर्माध्यक्ष का पद है। दुनिया को करूणा, मानवीयता और शांति का संदेश देने में पोप की अहम भूमिका है। नए पोप भी अपने दायित्व को इन्हीं मूल्यों के संरक्षक के रूप में निभाएंगे, इसमें संदेह नहीं होना चाहिए।

# आतंक के खिलाफ भारत की निर्णायक चोट

**भारत ने वर्षों से आतंकवाद की विभीषिका को झेला है, किन्तु अब समय आ गया है जब सहनशीलता के स्थान पर सशक्त प्रतिकार ने स्थान ले लिया है। पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले ने न केवल निर्दोषों का लहू बहाया, बल्कि देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया। इस कायरतापूर्ण कृत्य का उत्तर भारत ने जिस वीरता और रणनीतिक चातुर्य से दिया, वह न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन था, बल्कि न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का उद्घोष भी था। 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल एक सैन्य अभियान नहीं था, यह उन शहीदों की पत्नियों के सिंदूर की रक्षा में उठाया गया संकल्प था, जिनके सुहाग आतंक ने छीन लिए थे। इस अभियान ने दिखा दिया कि भारत अब आतंक के हर वार का जवाब निर्णायक ढंग से देगा, चाहे वह सरहद पार हो या देश के भीतर।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

भारत और पाकिस्तान के बीच दशकों से चला आ रहा तनाव एक बार फिर गंभीर मोड़ पर आ गया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में न सिर्फ निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या की गई, बल्कि यह वारदात भारत की आतंरिक सुरक्षा को चुनौती देने वाली थी। इस क्रूर घटना के पीछे जिस तरह से आतंकियों ने आम लोगों को उनके परिवार के सामने मौत के घाट उतारा, उससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। इस नृशंस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन TRF ने ली, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित संगठन है और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ है। यह घटना न केवल एक आतंकी हमला थी, बल्कि भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और सामाजिक सद्भाव पर सीधा प्रहार था।भारत सरकार ने इस हमले के महज 15 दिन बाद एक निर्णायक जवाब देने का निर्णय लिया। इस सैन्य प्रतिक्रिया को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया, जो उन महिलाओं की पीड़ा को सम्मान देने का प्रयास था जिन्होंने इस हमले में अपने पतियों को खो दिया। ऑपरेशन सिंदूर, भारत की उस नीति का स्पष्ट उदाहरण है जिसमें अब आतंक का जवाब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि सटीक और निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा।

विगत रात को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) के अंदर गहराई तक जाकर नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल एयर स्ट्राइक की। यह हमला रात 1:04 बजे शुरू हुआ और केवल सात मिनट के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया। कुल 25 मिनट के इस ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे कुख्यात संगठनों के मुख्य अड्डों को खत्म कर दिया गया। इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि हुई, जिनमें लश्कर का उच्च-मूल्य लक्ष्य हाफिज अब्दुल मलिक भी शामिल था। मलिक की मौत मुरीदके स्थित मरकज तैयबा में हुई, जो




लश्कर का सबसे अहम ट्रेनिंग सेंटर माना जाता है। यह कार्रवाई केवल एक सैन्य जवाब नहीं थी, बल्कि यह भारत की उस नई रणनीतिक सोच की अभिव्यक्ति थी जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जा सकता। बुधवार सुबह सरकार, सेना और वायुसेना के शीर्ष अधिकारियों ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी साझा की। इस कॉन्फ्रेंस में पहली बार भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन के तकनीकी और रणनीतिक पक्षों को प्रस्तुत किया। इससे यह संकेत भी मिला कि भारत की सैन्य नीति में अब महिलाओं की भूमिका भी निर्णायक और अग्रणी होती जा रही है।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया गया दो मिनट का वीडियो भी खासा प्रभावशाली रहा, जिसमें भारतीय वायुसेना की मिसाइलों द्वारा आतंकी ठिकानों को तबाह करते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। इन ठिकानों में आतंकियों के रहने, हथियार जमा करने और ट्रेनिंग लेने की पूरी व्यवस्था थी। ये स्थान न केवल आतंकियों की घुसपैठ का माध्यम थे, बल्कि भारत के खिलाफ कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने के अड्डे भी थे। अब यह समझना आवश्यक है कि भारत ने किन-किन ठिकानों को निशाना बनाया और क्यों? बहावलपुर स्थित मरकज सुभान अल्लाह, जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख केंद्र है जहां पुलवामा हमले की साजिश रची गई थी। मुरीदके का मरकज तैयबा लश्कर का प्रमुख ट्रेनिंग हब है और यहां से भारत विरोधी गतिविधियों की योजना बनाई जाती है। सरजाल के तेहरा कलां गांव में जैश का एक लॉन्च पैड प्राइमरी हेल्थ सेंटर की आड़ में चलाया जा रहा था, जिससे साफ होता है कि आतंकी संगठन मानवता के नाम पर भी छलावा करते हैं।

सियालकोट के महमूना जोया में हिजबुल मुजाहिदीन का अड्डा एक सरकारी अस्पताल के पास स्थित था, जो ISI की मिलीभगत का प्रमाण है। बरनाला का मरकज अहले हदीस, कोटली का मरकज अब्बास, मस्कर राहील शाहिद, शावई नाला कैंप और सैयदना बिलाल कैंप, ये सभी स्थान PoK में सक्रिय आतंकियों के संचालन और भारत में घुसपैठ की योजना बनाने के केंद्र रहे हैं। भारत द्वारा इन ठिकानों को निशाना बनाना न केवल सैन्य दृष्टि से महत्वपूर्ण था, बल्कि यह कूटनीतिक दृष्टि से भी एक साहसिक निर्णय था। इस ऑपरेशन ने पाकिस्तान की पोल खोल कर रख दी है, जो हमेशा यह दावा करता आया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ है। लेकिन भारत की इस कार्रवाई ने वैश्विक समुदाय के सामने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान में आतंकवाद को न केवल पनाह मिलती है, बल्कि वह उसकी रणनीति का हिस्सा है। TRF जैसे फ्रंट संगठन ISI द्वारा बनाए गए हैं ताकि अंतरराष्ट्रीय दबाव से बचते हुए भारत में अशांति फैलाई जा सके। इनका उद्देश्य केवल दहशत फैलाना नहीं, बल्कि सांप्रदायिक तनाव बढ़ाकर भारत की आंतरिक एकता को नुकसान पहुंचाना है।

भारत की यह सैन्य प्रतिक्रिया बालाकोट और उरी सर्जिकल स्ट्राइक की कड़ी में अगला बड़ा कदम है, लेकिन यह पहले की तुलना में कहीं अधिक सशक्त और व्यापक है। बालाकोट स्ट्राइक जहां केवल एक केंद्र तक सीमित थी, वहीं ऑपरेशन सिंदूर में नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह ऑपरेशन इस बात का संकेत है कि भारत अब अपने विरोधियों की प्रतीक्षा नहीं करेगा, बल्कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सक्रिय रणनीति अपनाएगा।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान कि 'अगर भारत रुकता है, तो हम भी रुक जाएंगे,' यह दर्शाता है कि भारत की कार्रवाई ने उन्हें घुटनों पर ला दिया है। यह बयान एक प्रकार की स्वीकारोक्ति है कि भारत की कार्रवाई इतनी निर्णायक थी कि पाकिस्तान के पास कोई मजबूत जवाब नहीं बचा। भारत की इस कार्रवाई का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि यह केवल सीमा पर हो रही एक सैन्य गतिविधि नहीं थी, बल्कि यह एक व्यापक रणनीतिक संदेश था। यह संदेश था उन ताकतों के लिए जो भारत की शांति और विकास में बाधा डालना चाहते हैं। यह उन देशों के लिए भी चेतावनी थी जो आतंकवाद को अपने कूटनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं।भारत सरकार का यह कदम निश्चित रूप से आने वाले समय में एक नजीर बनेगा। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को इसका समर्थन भी मिलेगा, क्योंकि वैश्विक राजनीति अब आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो रही है। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने भारत की आत्मरक्षा के अधिकार को पहले भी समर्थन दिया है और इस बार भी उनकी प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, यह भारत की आत्मा की पुकार है, एक पुकार जो कहती है कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे। यह उन निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने आतंक की आग में अपने प्रियजनों को खोया। यह उन महिलाओं की शक्ति को समर्पित है जिनके सिंदूर को आतंक ने मिटाने की कोशिश की, लेकिन भारत ने उन्हें न्याय दिलाने का संकल्प लिया। यह भारत की नई सैन्य, कूटनीतिक और नैतिक शक्ति का प्रतीक है जो अब किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा।

अध्यात्म

## अनवरत प्रयास करें, सफलता आपके कदम चूमेगी



जीवन में प्रत्येक व्यक्ति सफल होना चाहता है और उसके लिए प्रयास करता है। लेकिन कई बार प्रयास करने के बावजूद परिणाम हासिल नहीं हो पाता। गौतम बुद्ध की इस कहानी में सफलता का मूलमंत्र बताया गया है, जो सफलता प्राप्त करने में मददगार होगी और सफलता आपके कदम चूमेगी। एक बार की बात है। गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ भ्रमण कर रहे थे। भ्रमण करते हुए वे एक गांव से गुज़रे। शिष्यों को प्यास लगी थी। उन्होंने रास्ते में जाते एक व्यक्ति से पानी मांगा। व्यक्ति ने बताया कि उस गांव में पानी की समस्या है। लोगों को पानी लेने गांव के बाहर जंगल में बहती नदी पर जाना पड़ता है। वह स्वयं भी पानी लेने नदी पर जा रहा है। शिष्य चकित रह गया कि इतने बड़े गांव में पानी का एक भी स्रोत नहीं। तभी उसकी दृष्टि जमीन पर जगह जगह किए गड्ढों पर पड़ी और उसका आश्चर्य बढ़ गया। उसने गौतम बुद्ध से पूछा, तथागत! इस गांव में जगह जगह गड्ढे क्यों खुदे हुए हैं? गौतम बुद्ध ने उत्तर दिया, शिष्य! इन गड्ढों को गांव वालों द्वारा पानी का स्रोत खोजने के लिए खोदा गया है। कितने दुख की बात है कि इतने गड्ढे खोदने के बाद भी गांव वालों को पानी नहीं मिला। शिष्य दुखी होकर बोला। गौतम बुद्ध शिष्य से बोले, इसमें त्रुटि गांव वालों की ही है। उनकी क्या त्रुटि तथागत? उन्होंने इतने श्रम से ढेर सारे गड्ढे तो खोदे। अब पानी न मिल पाना तो उनका दुर्भाग्य है। गौतम बुद्ध बोले, शिष्य! इन गड्ढों को ध्यान से देखो। ये गड्ढे पूरी गहराई तक खोदे ही नहीं गए हैं। गांव वालों ने कुछ दूर तक खुदाई की। किंतु पानी न निकलता देख कर अपना धैर्य खो दिया और इस गड्ढे को छोड़कर दूसरा गड्ढा खोदने लगे। इसी तरह धैर्य खोकर उन्होंने कई गड्ढे खोद डाले। यदि उन्होंने धैर्य रखकर एक ही गड्ढे पर पूरा ध्यान केंद्रित कर खुदाई की होती, तो अवश्य पानी निकल आता। एक दिशा में किए गए पूर्ण केंद्रित प्रयास से अनेक छोटे छोटे प्रयासों की तुलना में सफलता प्राप्ति की संभावना कहीं अधिक होती है। जीवन में सफलता प्राप्त करनी है, तो केंद्रित होकर सही दिशा में प्रयास करें। प्रारंभिक परिणाम न मिलने पर धैर्य न खोए। अनवरत प्रयास करें। सफलता आपके कदम चूमेगी।

# भारत का अद्भुत पराक्रम

**सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अद्भुत पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में एक साथ अनेक जगहों पर सटीक मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमला में भारत ने 11वें दिन पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक यानी हवाई बमबारी की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़े और साहसी करवाई को अंजाम दिया है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि रात 1:05 से 1:30 पर ऑपरेशन सिंदूर के नाम से भारत में 9 ठिकानों पर हमला किया जिनमें पांच पाक अधिकृत कश्मीर और चार पाकिस्तान के अंदर हैं।**

**अवधेश कुमार**

इस बार भारत ने इसके साथ 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया। वैसे भी जब जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर बयान जारी कर रो रहा है कि उसके 10 लोग मारे गए और वह क्यों नहीं मर गया तो फिर संदेह का कारण नहीं है। 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक को तो छोड़िए 22 फरवरी 2019 के बालाकोट हवाई बमबारी पर भी हमारे देश के नेताओं ने कटाक्ष किया, उसका उपहास उड़ाया। इस बार सबके मुंह बंद है क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डॉयरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने सबसे पहले कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं।

वास्तव में जब प्रधानमंत्री ने मधुबनी की सभा से कहा कि इस बार की कार्रवाई दुश्मन की कल्पना से परे होगा तथा उनको मिट्टी में मिलाने का वक्त आ गया है तो साफ था कि पूर्व की दो कार्रवाइयों से ज्यादा बड़ी, विस्तृत और आतंकवाद की दृष्टि से प्रभावी एवं निर्णायक कार्रवाई हो सकती है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने बताया भारत ने अपनी रक्षा आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है और इस बात का ध्यान रखा गया कि आम नागरिकों और सैनिक ठिकानों को हमारी मिसाइलें स्पर्श न करें। उन स्थानों को देखिए जहां-जहां मिसाइल हमले हुए तब पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी कार्रवाई थी। बताया गया कि जिन नौ ठिकानों पर हमले किए गए, उसके पीछे भारतीय सेना का मकसद क्या था। दोनों महिला जवानों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। जिन नौ ठिकानों की पहचान कर बर्बाद किया गया उनमें में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। एक, नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद का सवाईनाला कैंप लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। दो, सैयदना बिलाल कैंप (पीओके) जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना है जहां हथियारों और विस्फोटकों को रखा जाता था, जंगल में जिंदा रहने का प्रशिक्षण मिलता था। तीन, कोटली गुलपुर भी संगठन- लश्कर-ए-तैय्यबा का अड्डा था। यहां के आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में सक्रिय थे। चौथा निशाना नियंत्रण रेखा से 9 किलोमीटर दूर भींबर का बरनाला कैंप था जहां हथियारों की हैंडलिंग, बारुदी सुरंग आईईडी और जंगल में बचे रहने का प्रशिक्षण मिल जाता था। पांचवां मिसाइल हमला नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूरअब्बास कैंप कोटली पर किया गया जहां लश्कर के आतंकवादी आत्मघाती तैयार किए जाते थे और एक बार में यहां 15 को प्रशिक्षण देने की क्षमता थी। पाक अधिकृत कश्मीर के इन ठिकानों को नष्ट करने के बाद मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के भीतर चल रहे आतंकी ठिकानों पर गरजे। एक, सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी दूर और जम्मू-कश्मीर के सांबा-कठुआ के सामने सरजल कैंप सियालकोट पर हमला किया। दूसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किमी दूर सियालकोट का महमूना जोया कैंप था जो हिजबुल का बड़ा अड्डा था। यहां से कठुआ में आतंकवादी गतिविधियां चलतीं थीं। पठानकोट वायु सेवा अड्डे हमला का का पूरा षड्यंत्र उसे अंजाम देने की योजना यही बनी थी।तीसरे नंबर पर अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी दूर हाफिज सईद के मुरीदके में मरकज-तैयबा था जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आतंकवादी प्रशिक्षित हुए। कसाब और डेविड हेर्डली को यही प्रशिक्षित किया गया था । और सबसे अंत में अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में मरकज सुभान अल्लाह पर हमला किया। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है जो आतंकवादियों का व्यापक सुरक्षित केंद्र है जहां भर्ती से लेकर वैचारिक हथियारों के प्रशिक्षण और उन्हें सीमा पार करने सहित सारी व्यवस्थाएं थी। मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग भी मिसाइल के प्यारे हो गए। भारत को बर्बाद करने की कसमें खाने वाले मसूद आज फूट-फूट कर रोए तो कल्पना कर सकते हैं कि हमला उसके सारे सपनों को एकबारगी ध्वस्त करने वाला साबित हुआ है। इसमें मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसके पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों के साथ उसके करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। इसमें आतंकवादी कमांडर इकबाल करी के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। बिलाल आतंकी शिविर के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। बहावलपुर के बाहरी इलाके में कराची-तोरखाम राजमार्ग पर 15 एकड़ में फैले मरकज सुभान अल्लाह मसूद अजहर का किला था जो 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अनेक हमले का केंद्र रहा है। मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है।

इस तरह देखें तो भारतीय सेना ने केवल पहलगाम हमले के दोषियों को ही सजा नहीं दी बल्कि पिछले लंबे समय से आतंकवादी हमला करने के मुख्य केंद्रों और भविष्य के षड्यंत्र रचने वालों केन्द्रों को भी तबाह कर दिया। वास्तव में एक-एक हमले पर कार्रवाई से भारत पर आतंकवादी हमले का खतरा टल ही नहीं सकता क्योंकि आप जितने मारेंगे उतने आतंकवादी यै केंद्र पैदा कर लेंगे। तो पहला रास्ता यही था कि उन सारे चिन्हित केन्द्रों को नष्ट कर दिया जाए। उनके लिए भविष्य में भी गतिविधियां आसान नहीं होगी क्योंकि अब वहां भारत सहित विश्व भर की दृष्टि होगी। क्या आप सोच सकते हैं कि मुरीदके जैसा अड्डा लश्कर या तैय्यबा या हाफिज जल्दी निर्माण कर सकता है? क्या मसूद अजहर की अब हैसियत मार्केट सुभान के पुनर्निर्माण की है? हिजबुल मुजाहिदीन को हम आप भूल गए थे किंतु सुरक्षा एजेंसियां नहीं भूली और उनको भी नहीं छोड़ा गया। निश्चय ही प्रधानमंत्री जब तीन-तीन बार तीनों सेना के प्रमुखों और दो बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मिलते हैं तथा गृह मंत्री अमित शाह लगातार बैठकें कर रहे हैं तो उसकी परिणति इतनी ही बड़ी होनी थी जिनमें लंबे समय के लिए भारत सीमा पार के बड़े आतंकवादी खतरों से मुक्त हो जाए। पहले सीमा में घुसकर धरती पर सामान्य सर्जिकल स्ट्राइक, फिर हवाई बमबारी और अब मिसाइल दाग कर भारत ने पाकिस्तान और दुनिया को बता दिया है कि सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध वह हर तरह के अस्त्रों का उनकी पूरे प्रभाविता से उपयोग करने का मन बना चुका है। आतंकवाद के विरुद्ध सबसे पहले इजरायल और अमेरिका ने मिसाइल दागने की शुरुआत की और बाद में कुछ यूरोपीय देशों ने भी ऐसा किया । अब भारत भी उस श्रेणी में शामिल हो गया है। इनमें गुणात्मक अंतर यह है कि अमेरिका या यूरोप को किसी पड़ोसी देश का सामना नहीं करना था जहां से उसे न्यूक्लियर हथियार वाले से जवाबी कार्रवाई का खतरा हो। पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की कार्रवाई की स्थिति इसके विपरीत है और इस नाते यह बहुत बड़े साहस का किम है । भारत को हजार घाव देने की कसमें खाने वाले पाकिस्तान को कभी इस तरह का सबक मिला नहीं और बालाकोट से उसने सीखने की कोशिश नहीं की।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में आपको कोई बड़ी राहत मिलेगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आध्यात्म के प्रति आपके काफी रुचि रहेगी।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड ना रहें। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में समस्या आएगी, जिसे पूरा करने में जूनियर से मदद लेनी होगी। कारोबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए नए लोगों से पार्टनरशिप कर सकते हैं।

**तुला**
आपको अपने कामों में यदि कुछ कठिनाइयां आ रही थी, तब वह भी दूर होगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। कोई शारीरिक समस्या हो, तो उसको छोटा ना समझें।

**वृश्चिक**
दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और माताजी को धार्मिक यात्रा पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपको खर्चो पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपके खर्च बेवजह बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपका कोई दोस्त आपसे लंबे समय बाद मिलने के लिए आ सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल करेंगे और अपने गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना होगा।

**कुंभ**
आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आपका किसी बात को लेकर यदि मन परेशान था, तो वह भी आपकी समस्या माता जी की मदद से दूर होती दिख रही है।

**मीन**
सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की लोकप्रियता बढ़ेगी और कार्यक्षेत्र में उनकी प्रसिद्धि होगी। बॉस कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

# जिला कार्य समिति की बैठक संगठन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण : गिरिराज

## बैठक में सांसद विधायक सहित अन्य भाजपा नेता हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक सदर प्रखंड के लाखों स्थित रॉयल गार्डेनिया में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला कार्य समिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह, बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह बेगूसराय के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी, बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, भाजपा के प्रदेश महामंत्री ललन मंडल, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, नगर विधायक कुंदन कुमार, पूर्व विधायक कृष्णा सिंह, अशोक महतो, ललन कुँवर, भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार अमर, सुरेश प्रसाद राय, डिप्टी मेयर अनीता राय मंचासीन थे। कार्य समिति की बैठक की शुरुआत वंदे मातरम गायन एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा के दूसरे अध्यक्षीय कार्यकाल की यह पहली कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसमें जिला कार्यसमिति की सभी सदस्य सम्मिलित हुए। अध्यक्षीय संबोधन देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने सभी आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया। एनडीए सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जिला कार्य समिति की बैठक संगठन की दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होती है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने देश की वर्तमान हालात पर भी चर्चा करते हुए कहा कि मैं देश के सेना के सौर्य को सलाम करता हूं। हमारे देश की सेना ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है एवं पाकिस्तान के नापाक इरादे को नष्ट नाबूत किया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मजबूत इच्छा शक्ति पर हम सभी भारतवासियों को गर्व है। बिहार सरकार के राजस्व मंत्री सह बेगूसराय के प्रभारी मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जहां पर हर एक छोटे कार्यकर्ताओं को भी उचित सम्मान मिलता है। भाजपा में ना कोई छोटा होता है ना कोई बड़ा होता है। सभी कार्यकर्ता व नेता एक समान होते हैं। खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि यह वर्ष चुनावी वर्ष है और आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए हम सभी को अभी से मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी में लगना है। प्रदेश महामंत्री ललन कुमार मंडल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा दिए गए आगामी पार्टी के सभी कार्यक्रम को सुचारू रूप से कार्यक्रम करने की आवश्यकता है। नगर विधायक कुंदन कुमार ने केंद्र एवं बिहार सरकार के उपलब्धियां पर चर्चा की। विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूद कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से बतलाया। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा संयोजक कृष्णामोहन पप्पू के द्वारा राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया गया जिसका सभी लोगों ने समर्थन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश पांडे एवं कुंदन भारती ने किया। इस मौके पर भाजपा के सभी जिला पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लगुनियां में 17 को लगेगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अगामी 17 मई को समस्तीपुर के वार्ड संख्या 47, पंचायत सरकार भवन, लगुनियां में श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरोपैथी जांच, बोन मास डेंसिटी जांच, खून की जांच, आर्थराइटिस किट वितरण और दवाओं का वितरण पूरी तरह नि:शुल्क किया जाएगा। शिविर का नेतृत्व समस्तीपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह करेंगे। उनके साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा शिखा और डॉ. कुमार देवाशीष सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रहेगी। डॉ. सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है और यदि हम अपनी सेवाओं से किसी जरूरतमंद का जीवन थोड़ा भी आसान बना सकें, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि है। इसी के तहत आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।

## महर्षि मेंही जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** रविवार को बखरी में महर्षि मेंही सत्संग परिवार द्वारा महर्षि मेंही का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सत्संग परिवार के सदस्यों द्वारा गाजे-बाजे के साथ प्रभातफ़ेरी सह शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा महर्षि मेंही आश्रम बखरी से निकलकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पुनः आश्रम पहुंची। इस दौरान महर्षि मेंही के चित्र फूलों से सजाकर रथ पर रखा गया था। आश्रम में आयोजित समारोह में स्वामी प्रीतम महाराज ने महर्षि मेंही के बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। महर्षि के जीवन व चरित्र का बखान करते हुए कहा वे हमेशा दूसरों के सहयोग व सहायता को लेकर आजीवन लीन रहे। नि:स्वार्थ भाव से ईश्वर भक्ति के साथ मानव सेवा में अपना जीवन व्यतीत किया तथा लोगों को कुशल जीवन व मोक्ष प्राप्ति का उपाय बताया। जबकि सत्संग के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर कौशल्या देवी, देवकी देवी, चंद्रभूषण कुशवाहा, दिलीप केशरी,अनिल पौद्दार, सुबोध देवी, तारा देवी, प्रियभाष चौधरी, राम प्रवेश पंडित, केदार साहु, तपेन्द्र यादव, विनोद पंडित, हीरा साह, रंजीत साह, कन्हैया चौधरी, रामबाबू भगत, शकुन्तला देवी, कुसुम देवी, रामविलास महतो, राजो साह, रामू चौधरी, वासुदेव साह, मनटुन साह, आदि मौजूद थे।

## मंडल कारा में प्रमाण पत्र वितरण के साथ मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**समस्तीपुर।** मंडल कारा, समस्तीपुर में कला संस्कृति एवं युवा विभाग, समस्तीपुर एवं आशा सेवा संस्थान समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में पुरुष एवं महिला बंदी के लिए आयोजित मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण के साथ समारोह पूर्वक समापन किया गया। तीन महीने तक चले इस प्रशिक्षण में महिला एवं पुरुष बंदियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल कारा अधीक्षक प्रशांत कुमार ओझा ने किया। मुख्य अतिथि जिला कला, संस्कृति एवं युवा विभाग पदाधिकारी समस्तीपुर जूही कुमारी ने बंदियों के द्वारा बनाये गये पेंटिंग का अवलोकन किया। अपने संबोधन में उन्होंने खूबसूरत पेंटिंग बनाने केलिए बंदियों की जम कर सराहना की और कहा कि पेंटिंग आपकी तकदीर बदल सकता है जरूरत है ईमानदार प्रयास करने की। वहीं काराधीक्षक ने बंदियों की सराहना करते हुए कहा कि यह जो आपने इतने कम समय में उपलब्धि हासिल कर ली है वह बिलकुल ही आसान व सरल नहीं है। आपका परिश्रम और लगन रंगों की भाषा में पेंटिंग के रूप में बोल रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आशा सेवा संस्थान के संरक्षक केशव किशोर प्रसाद, अभिनव सिन्हा ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला कला, संस्कृति एवं युवा विभाग पदाधिकारी जूही कुमारी एवं अधीक्षक, मंडल कारा प्रशांत कुमार ओझा द्वारा प्रशिक्षण आयोजक संस्था आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मिथिलेश कुमार एवं सौम्या सुमन को भी पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सहायक अधीक्षक रवि कुमार झा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया। आगत अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन उपाधीक्षक रामानुज कुमार ने किया।

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 2025 संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** एस0 के0 मंडल ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन्स पटना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा 2025 चाक-चैबन्द सुरक्षा व्यवस्था के बीच कदाचारमुक्त एवं शान्तिपूर्वक संपन्न हो गया। इस परीक्षा का आयोजन राज्य के ग्रामीण क्षेत्र. से जुडे मेधावी छात्र-छात्राओं के तकनीकी शिक्षा पाने के सपने को साकार करने को समर्पित एसके मंडल ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन्स पटना द्वारा लगातार चौथे वर्ष अपने सभी संस्थानों में किया गया। चेयरमैन एसके मंडल ने बताया कि जब से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम के आयोजन की घोषणा की गयी थी। यह स्कॉलरशिप सह प्रवेश परीक्षा नर्सिंग, फार्मेसी, पारामेडिकल, आईटी, और प्रबंधन के पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित किया जाता है। परीक्षा का परिणाम दिनांक 24 मई 2025 को घोषित की जाएगी एवं दस्तावेज सत्यापन और नामांकन हेतु साक्षात्कार 02 जून 2025 से प्रारंभ होगा। बताते चलें कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी यह छात्रवृत्ति परीक्षा एस0 के0 मंडल ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन्स पटना के द्वारा संचालित सभी संस्थानों यथा विद्यापति इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, कमरांव तकिया, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिकल साइंसेज, सिंधिया स्खुर्द, समस्तीपुर, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ आईटी एण्ड मैनेजमेंट, सिंधिया खुर्द, समस्तीपुर कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पश्चिमी पटेल नगर, पटना, सौम्या कृष्णा ए0एन0एम0 ट्रेनिंग स्कूल, पश्चिमी पटेल नगर, पटना एवं कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, मुरलीगंज, मधेपुरा में संपन्न हुई।

## गंगा नदी से शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** भवानंदपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को नहाने के दौरान डूबे बालक का शव ग्रामीणों के द्वारा 24 घंटे बाद शनिवार को बरामद कर लिया गया है। मृतक का शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर पूरब गंगा किनारे से बरामद किया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। बताया जाता है कि शुक्रवार को टिटहियां टोला निवासी शिव यादव के नाती आदित्य कुमार गंगा नदी में नहाने के दौरान डूब गया था जिसे ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजबीन की गई थी। बाद में सूचना पाकर स्थानीय सीओ रवी कुमार के द्वारा गोताखोर को भेज देर शाम तक शव की खोज कराई गयी थी लेकिन नहीं मिलने पर अंधेरा हो जाने के कारण शनिवार को खोजने की बात कह छोड़ दी गयी थी। इस बीच गुरुवार की रात शिव यादव की पत्नी क़ंचन देवी की मृत्यु हो गयी थी। जिसका अंतिम संस्कार परिजनों के द्वारा शुक्रवार की शाम दिया गया था। डूबे बालक की पहचान खगड़िया जिले के मथार दियारा निवासी भूपन यादव का 7 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के रूप में हुई थी जो अपनी नानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने भवानंदपुर के टिटहियां टोला अपनी माता के साथ आया था। इसी बीच स्थानीय कुछ बच्चों के साथ गंगा नदी में स्नान करने चला गया जहां नहाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई थी।

## मासूम को बचाने के दौरान अधेड़ की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी नगर क्षेत्र के रामपुर चौरी में रविवार को एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपुर निवासी वार्ड 16 निवासी स्वर्गीय जागेश्वर मुखिया के 51 वर्षीय पुत्र योगेंद्र मुखिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रामपुर गांव में एक बच्चा पानी में गिर गया था। जिसे बचाने के लिए योगेंद्र मुखिया ने साहसिक प्रयास किया। लेकिन दुर्भाग्यवश वह खुद पानी में डूब गए। जब तक ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही बखरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे चार बेटियां और दो बेटे छोड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि उनका एक बेटा अभी अविवाहित है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

## धारदार हथियार से गला रेतकर युवक की हत्या, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** सहायक थाना गरहारा क्षेत्र अन्तर्गत नगर परिषद बीहट वार्ड नंबर 12 में हाजीपुर पोखर के निकट पुस्तकालय के छत पर शनिवार की रात सो रहे एक युवक को अज्ञात अपराधियों नें धारदार हथियार से गला रेतकर कर निर्मम हत्या कर दिया। बताया जाता है की मृतक विश्वेर साह का करीब 22 वर्षीय पुत्र राना कुमार घर बगल में पुस्तकालय के छत पर सोया हुआ था तभी अपराघियों नें घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी सदर डीएसपी 2 ईरान अहमद ने बताया की घटना के संबंध में जानकारी मिली है कि युवक पुस्तकालय के छत पर सो रहा था सुबह होने पर मृतक के मां ने जगाने हेतु अपने पोते को छत पर भेजा परंतु उसे मृत पाया डीएसपी ने बताया कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा युवक को धारदार हथियार से निर्मम हत्या की गई है इसके लिए जांच पड़ताल की जा रही है। डॉग को मंगा कर जांच पड़ताल किया जाएगा। घटनास्थल से कोल्डिंक्स का बोतल एवं ग्लास एवं बेल्ट पाया गया है। इस दौरान डीएसपी ने बताया कि 2 दिन पूर्व नाच गान को लेकर कुछ लोगों के साथ मृतक के साथ मारपीट हुआ था। मृतक अविवाहित था जो टोटो रिक्शा चलाता था वहीं मृतक का पिता सड़क किनारे चाय का दुकान चलाता था। वहीं घटनास्थल पर बरौनी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर गढ़हरा थाना अध्यक्ष सुमन्त चौधरी जीरोमाइल थाना अध्यक्ष चंद्रकांत कुमार एसआई जितेंद्र कुमार आलमगीर सहीत दर्जनों पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर विस्तृत जानकारी हेतु जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। उक्त घटना को लेकर आक्रोशित लोगों ने सड़क को जामकर कर आगमन को बाधित कर दिया एवं अपराधियों के धर पकर मांग करने लगा। इस अवसर पर नगर परिषद बीहट के वार्ड पार्षद चंदन कुमार सरपंच राम प्रकाश महतो पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार, हरिनंदन महतो, अनिल चौधरी,सहित दर्जन लोगों ने जाम हटाने के लिए समझाया बुझाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु बेगूसराय भेज दिया।

## एक नजर

### महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनपुर बागर में सितारा जीविका महिला ग्राम संगठन तथा शंकर महिला ग्राम संगठन का महिला संवाद कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। बीपीएम मनोरंजन कुमार ने संवाद के माध्यम से जीविका से जुड़ी महिलाओं को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बेहतर भविष्य की नींव यह संवाद रखेगा। मुख्यमंत्री के संदेशों की जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी गयी। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं जिससे महिलाओं के जीवन में आए बदलाव उसकी जानकारी भी दी गयी। महिला संवाद में जीविका से जुड़ी वैसी महिलाएं जो लाभ ले चुकी हैं के अनुभवों को साझा किया गया। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक रुपम कुमारी, सामुदायिक समन्वयक कुंदन कुमार, विकाश कुमार, रीना कुमारी, बरखा कुमारी, रेणु कुमारी, अर्चना कुमारी आदि मौजूद थीं।

### मासूम के साथ दुर्व्यवहार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस के द्वारा एक 7 वर्षीय बच्ची के साथ गलत व्यवहार को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जबकि आरोपी को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार कि शाम स्टेशन रोड स्थित कंाग्रेस भवन के पीछे जनरेटर चलाकर बाजार में लाइन सप्लाई देने वाले नूरजमापुर निवासी सुधीर पासवान पर एक 7 वर्षीय बच्ची के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाकर पीड़ित के परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया। जिस आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुये पुलिस के द्वारा आरोपी सुधीर पासवान को गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उससे पूछताछ के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। जबकि पीड़िता का मेडिकल के लिये बेगूसराय सदर अस्पताल भेजा गया है।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत रजाकपुर से एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष मनोज प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी विमल पासवान का पुत्र मौजी पासवान उर्फ मोजित पासवान है। वह नालिसी वाद संख्या 1682/03 में नामजद था। लंबी अवधि से न्यायालय में अनुपस्थित था। इससे न्यायालय ने इसके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया था। इस गिरफ्तारी में एस आई विश्वजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गोली चलने से दहशत का माहौल

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार दोपहर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत रहीमपुर रुदौली में गोली चलने की खबर से क्षेत्र में दहशत का बाजार गर्म हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में घायल व्यक्ति की पहचान जयराम सत्यम, पिता-अर्जुन राय सा0- रहीमपुर रुदौली, थाना-मुफ्फसिल, जिला-समस्तीपुर के रूप में की गई हैं। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों के सहयोग से समस्तीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए एएसपी संजय पाण्डेय ने बताया कि घटनास्थल से गोली का खोखा एवं एक मोटरसाईकिल जप्त किया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो एक मोटरसाईकिल पर सवार 01 व्यक्ति एवं 01 मोटरसाईकल पर सवार 02 लोगों के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें से एक व्यक्ति को चिन्हित कर लिया गया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए साक्ष्य संकलित किया गया है। डीआईयू एवं एफएसएल टीम को सूचना दी गई है।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश सह - अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार समस्तीपुर समीर कुमार, के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार चंदा लाल के मार्गदर्शन में डालसा समस्तीपुर के तत्वावधान में मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र समस्तीपुर के सभागार में सूचना के अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य विषय पर विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र समस्तीपुर के कार्यक्रम समन्वयक राजकुमार राय ने की। कार्यक्रम का संचालन आशा सेवा संस्थान के सचिव अमित कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हमे मौलिक अधिकार से पहले मौलिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।पैनल अधिवक्ता राजीव कुमार पोद्दार ने सूचना के अधिकार का उपयोग कैसे किया जाए इस पर विस्तृत रूप से बताया साथ ही मौलिक कर्तव्यों के कानूनी पक्ष को भी विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया।आगत अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार राय ने किया। मौके पर पीएलवी श्याम कुमार पासवान, राहुल कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा-माले समस्तीपुर के संस्थापक सदस्य वरिष्ठ नेता कॉमरेड रामचंद्र राय की 12वीं स्मृति दिवस के अवसर पर मालगोदाम चैक स्थित पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। सभा की अध्यक्षता भाकपा-माले जिला सचिव प्रो. उमेश कुमार एवं संचालन किसान महासभा के जिला सचिव ललन कुमार ने किया।

## बिहार में फुटबॉल की नर्सरी साबित होगा बेगूसराय

### फुटबॉल की बुनियादी सुविधाएं देख चकित हैं विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी और प्रशिक्षक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय/पटना।** बिहार के युवाओं और बच्चों के लिए खेल को करियर के रूप में अपनाने की राह में कल तक सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और लैंगिक पूर्वाग्रह जैसी कई बाधाएं हुआ करती थी लेकिन आज तस्वीर बदली-बदली सी नजर आती है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 को लेकर बेगूसराय के न केवल युवाओं और बच्चों में बल्कि वरिष्ठ नागरिकों में भी गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। हो भी क्यों न! खेलो इंडिया यूथ गेम्स में यहां फुटबॉल का जोर और शोर जो है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में फुटबॉल के सभी मुकाबले बेगूसराय के दो स्टेडियम में बरौनी खेलगांव स्थित यमुना भगत स्टेडियम और बरौनी रिफायनरी टाउनशिप स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। यहां झारखंड बालिका टीम ने अभी-अभी तमिलनाडु की लड़कियों को 2-1 से पराजित कर अपनी जीत का जश्न मना रही हैं। यहां हमारी मुलाकात झारखंड बालिका टीम की मुख्य कोच बीना करकेटा से होती है। बीना अपनी खिलाड़ियों को अगले मैच की तैयारी को लेकर टिप्स दे रही थी। जब उनसे पूछा जाता है कि आपको बेगूसराय का वेन्यू कैसा लगा। बीना बोल पड़ती हैं कि जब बिहार और झारखंड एक हुआ करता था, तब मैंने अपने फुटबॉल कैरियर में बेगूसराय के जमुना भगत स्टेडियम में कई मैच खेले हैं। लेकिन आज स्टेडियम का रंग-रूप पूरी तरह बदल चुका है। यकीन नहीं हो रहा है कि यह वही बेगूसराय है, जहां खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव हुआ करता था। मैंने लगातार कई सालों तक बिहार की महिला फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया है। आज जमुना भगत स्टेडियम और यहां खिलाड़ियों के लिए उपलध सुविधाएं देख अभिभूत हूं। उन्होंने कहा, तब हमारी सरकार खेल को खेल की तरह लेती थी। लेकिन आज यहां खेल का गौरव एक बार लौट आया है। अगर यह सिलसिला जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब बिहार से एक बार फिर मेवालाल, सी प्रसाद और ललन दुबे जैसे फुटबॉल खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय फलक पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय फलक पर सितारे की तरह जगमगाते नजर आएंगे। जब बच्चों को उनके गांव और शहर में इस तरह की खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो उनकी प्रतिभा खुद ब खुद निखरकर दुनिया के सामने आएंगी। इसी जगह तमिलनाडु बालिका फुटबॉल टीम की कोच कला वेंकट स्वामी मिलती हैं। हालांकि झारखंड के हाथों 2-1 से मिली पराजय से वह थोड़ी उदास दिखती हैं। लेकिन जब बेगूसराय की मेजबानी और यहां उपलब्ध खेल सुविधाओं के बारे में उनसे पूछा जाता है तो उनकी आँखें चमक उठती हैं और बोलती हैं- एक्सीलेंट। यहां फुटबॉल की सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके लिए वह बिहार सरकार और खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देती हैं और कहती हैं, हमें बिहार के बारे में जितना सुने और पढ़े थे, उससे कई गुणा बेहतर पाया है। मैं पहली बार बिहार आई हूं। अब मैं बार-बार बिहार आना चाहूंगी। मुझे बिहार के ऐतिहासिक धरोहरों के भी दर्शन करने हैं। बेगूसराय के बरौनी खेलगांव स्थित यमुना भगत स्टेडियम के साथ बरौनी रिफायनरी टाउनशिप स्टेडियम में भी फुटबॉल के मुकाबले खेले जा रहे हैं। 5 से 14 मई तक सुबह और शाम दो शिफ्ट में आठ राज्यों की बालिका और आठ राज्यों के बालकों की टीम यहां मैदान में हैं। स्टेडियम के एक कोने में अपनी सात वर्षीया बेटी के साथ फुटबॉल का आनंद ले रहे पंकज कुमार सिंह बताते हैं कि अब बेगूसराय में खेल का माहौल बनने लगा है। यहां के दोनों स्टेडियम में सुबह-शाम युवा और बाल खिलाड़ियों का जमघट लगता है। मैं भी अपनी बेटी में खेल के प्रति रुचि जगाने के लिए उसे फुटबॉल का मैच दिखाने लाया हूं। अगर खेलों में इसकी रुचि रही तो इसे मैं एक सफल खिलाड़ी के रूप में देखना चाहूंगा। क्योंकि हमारी सरकार अब खिलाड़ियों के पीछे एक अभिभावक की तरह खड़ी है। पढ़ाई की तरह ही बच्चों के सामने अब खेल को भी कैरियर बनाने का विकल्प है। पदक जितने पर उनके लिए नौकरी की भी यहां व्यवस्था हो चुकी है। कहते हैं न, खेल सिर्फ हार-जीत का मुकाबला भर नहीं है। यह खिलाड़ियों के खून में एक संस्कार बनकर दौड़ता है। जब खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं तो अभिभावक अपने बच्चों में चैम्पियन ढूंढना शुरू कर देते हैं। और तब शुरू होता है गांव की मिट्टी से चैम्पियन के जन्म लेने का सिलसिला। बिहार का खेल इतिहास गवाह है कि हमारी मिट्टी ने ही मेवालाल और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान व अर्जुन अवार्डी सी प्रसाद को पैदा किया था। आज महज 14 वर्ष की उम्र में ही वैभव सूर्यवंशी जैसा किशोर आईपीएल जैसी दुनिया की सबसे प्रोफ़ेशनल क्रिकेट लीग के मैदान में अपनी प्रतिभा, अपने हौसले और कभी हार न मानने वाले जज़्बे के साथ दुनिया के सामने है।

## झारखंड ने सेमीफाइनल में मणिपुर को 5-0 से हराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में झारखंड ने मणिपुर को 5-0 से हराया। झारखंड की ओर से उनकी महिला खिलाड़ी ने मैच के पहले हॉफ में 4 गोल दागा। 10वें मिनट पर रीना कुमारी ने 21 वे मिनट पर रीना टोप्पो ने 25 वे मिनट पर बबीता कुमारी ने और 33 वे मिनट पर एलिजाबेद इक्का ने अपनी टीम के लिए पहले हॉफ में शानदार गोल किया। दूसरे हॉफ में 49 वे मिनट पर अल्फा कुंडुलना ने एक गोल कर झारखंड को एक तरफा मुकाबले में जीत दिला दी।मणिपुर की महिला टीम दोनों हॉफ में गोल का खाता नहीं खोल पाई। 51वे, 52 वे और 58 वे मिनट पर रेफरी द्वारा मणिपुर के खिलाड़ी को येलो कार्ड दिखाया गया। झारखंड की महिला टीम ने काफी अनुशासित और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।रविवार का दिन छुट्टी हो ने से और सेमीफाइनल मुकाबला होने से अच्छी खासी संख्या में दर्शक मैच देखने आए थे। विभिन्न विद्यालयों के बच्चे मैच का लुफ्त उठाते नजर आए। यमुना भगत स्टेडियम में अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा राकेश कुमार, खेल पदाधिकारी बेगूसराय ऐश्वर्य कश्यप, व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिला कर उनका हौसला बढ़ाया।

# जहानाबाद को मिली 8.75 करोड़ की स्वास्थ्य सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के सिकरिया पंचायत में आयोजित समारोह में बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा रिमोट के माध्यम से 30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 07 प्री-फैब हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना की कुल लागत 8.75 करोड़ रुपये है, जिससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को एक नया आयाम मिलेगा। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा मंत्री मंगल पांडेय, बिहार विधान परिषद सदस्य डॉ0 प्रमोद कुमार, जिला क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, जिला क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय देव, भाजपा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेश शर्मा एवं पूनम सिन्हा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का शाल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ0 देवेन्द्र प्रसाद द्वारा भी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मंत्री मंगल पांडे ने बताया कि सिकरिया सीएचसी के निर्माण हेतु 575 लाख रुपये एवं 07 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हेतु प्रति केंद्र 42.84 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। नए बनने वाले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कोरमा, कालुपुर, किन्दुई, रुस्तमचक, रतनी बाजार,चरौड़ी तथा कुण्डला शामिल है। स्वास्थ्य संरचना के निर्माण के लिए रविवार को जैसे ही शिलान्यास हुआ निर्माण कार्य पूर्ण करने की अवधि





भी स्वास्थ्य मंत्री द्वारा निर्धारित कर दी गई। इस क्रम में सिकरिया स्थित सीएचसी के निर्माण के लिए 3 माह तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के लिए 11 माह का समय निर्धारित किया गया है। बताते चलें कि सदर अस्पताल परिसर में 150 शैय्या वाले अस्पताल का कार्य 93.53 करोड़ की लागत से प्रगति पर है।विगत वर्षों में 2.5 करोड़ की लागत से 42 शैय्या वाले पीआईसीयू एवं 3.5 करोड़ की लागत से 50 शैय्या वाले प्री-फैब फील्ड अस्पताल का कार्य पूर्ण हुआ है। ओकरी एवं मखदुमपुर सीएचसी का कार्य 15.38 करोड़ की लागत से पूर्ण किया गया है।काको प्रखंड के नेरथुआ अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न प्रखंडों में 30 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (22.50 करोड़) का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घोषी में 30 शैय्या वाले सीएचसी अस्पताल व 06 नए हेल्थ सेंटर का शिलान्यास भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने बताया कि जिले के प्रत्येक सीएचसी अस्पताल में 242 प्रकार की आवश्यक दवाएं और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में 125 प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं। साथ ही, पां च एनएएम को एईएस/ जे ई से लड़ने हेतु 'चमकी किट' भी वितरित किया गया।
स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा हेतु 09-14 वर्ष की सभी बालिकाओं को टीका उपलब्ध कराया जाएगा, जो फिलहाल सदर अस्पताल में उपलब्ध है। जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इस अभियान को मिशन मोड में चलाया जाए।

**स्वास्थ्य सेवाओं में नई नियुक्तियां और सुविधाएं:** मंत्री महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य में 2600 आयुष चिकित्सकों की बहाली प्रक्रिया प्रगति पर है। सामुदायिक स्वास्थ्य यूनिट के लिए भी नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। साथ ही जीएनएम एवं पैरामेडिकल संस्थानों में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ हो चुका है। सभी को संबोधित करते हुए मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि देश के स्वास्थ्य सेवाओं में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में हम काफी आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि गांव, महिलाएं और बच्चे स्वस्थ हों - यही हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी का सपना है। इसी दिशा में स्वास्थ्य सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है।

## विभिन्न झड़पों में 10 घायल, पुलिस टीम पर भी हमला, एक दर्जन गिरफ्तार

**मोतिहारी/नबिटा सं।** जिले में रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर हुए हिंसक विवादों ने कानून व्यवस्था को चुनौती दे दी। एक तरफ संग्रामपुर में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, तो दूसरी ओर घोड़ासहन के छोटका मधुबनी गांव में पारिवारिक झगड़े के दौरान पुलिस टीम पर ही हमला बोल दिया गया। दोनों घटनाओं में कुल मिलाकर दर्जनों लोग घायल हुए हैं और पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**संग्रामपुर में तलवार-कट्टा से हमला, 10 घायल:** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी संग्रामपुर पंचायत के वार्ड संख्या 14 स्थित संग्रामपुर मठिया गांव में पूर्व के किसी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। रविवार को सुबह 11 बजे के आसपास शुरू हुई इस झड़प में दोनों ओर से कुल 10 लोग घायल हुए। एक पक्ष के सूरज महतो ने थाना में आवेदन देकर गुड्डू कुमार, अरविंद कुमार, संजीत कुमार, रमेश महतो समेत छह लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है।

आवेदन के अनुसार, सूरज अपने घर के पास स्थित दुकान में सामान लेने गया था, तभी आरोपितों ने उसे घेरकर मारपीट शुरू कर दी। हमले में तलवार का इस्तेमाल किया गया और गुड्डू कुमार ने कट्टा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। सभी घायलों का इलाज संग्रामपुर सीएचसी में किया गया।

**घोड़ासहन में पुलिस पर हमला, थानाध्यक्ष सहित छह पुलिसकर्मी घायल**

घोड़ासहन थाना क्षेत्र के छोटका मधुबनी गांव में उस समय हालात बेकाबू हो गए, जब पति-पत्नी के बीच आठ वर्षीय पुत्र को अपने पास रखने को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर एक पक्ष ने अचानक हमला कर दिया। घटना में थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय समेत छह पुलिस पदाधिकारी घायल हो गए। जख्मी पुलिसकर्मियों में पुअनि नवल किशोर पासवान, कल्याण सिंह, राजेंद्र पासवान व पीएसआई मधुकर कुमार शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## शादी समारोह में हर्ष फायरिंग से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में एक शादी समारोह के दौरान हुए हर्ष फायरिंग में 17 वर्षीय किशोर की गोली लगने से मौत हो गई। वहीं इस घटना में 10 साल की एक बच्ची भी घायल हो गई है, जिसका इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जिले के घोसी थाना क्षेत्र के कोरमा गांव में शादी समारोह में नर्तकियों का डांस प्रोग्राम चल रहा था, इस बीच एक व्यक्ति द्वारा हर्ष




फायरिंग किया गया जिससे एक 10 वर्षीय बच्ची प्रीति कुमारी समेत 17 वर्षीय किशोर रौशन कुमार घायल हो गया। इलाज के दौरान रौशन की मौत हो गई। घटना के बाद शादी में खुशियों का माहौल मातम में तब्दील हो गया। घोसी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन की है। वहीं पुलिस द्वारा बताया गया कि हर्ष फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है, उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि घटना के बाद हर्ष फायरिंग करने वाला व्यक्ति घटनास्थल से फरार होने में सफल हो गया। घटना के बाद गांव में मातम और तनाव का दृश्य देखा जा रहा है।

## 20 मई को मोतिहारी में आम हड़ताल में शामिल होंगे बड़ी संख्या में मजदूर : अनुपम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी मजदूर हड़ताल को सफल बनाने के लिए मोतिहारी में जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। इस सिलसिले में सीटू द्वारा मंगलवार को जीएस आईटीआई मोतिहारी के सभागार में एक कन्वेंशन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शक्ति नाथ तिवारी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय महासचिव अनुपम कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा थोपे जा रहे मजदूर विरोधी कानूनों के खिलाफ संघर्ष तेज करना होगा। उन्होंने कहा कि यह समय एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा का है। मजदूरों को अपने हक के लिए हर मोर्चे पर तैयार रहना होगा। अनुपम कुमार ने कहा कि 20 मई को देशव्यापी हड़ताल में मोतिहारी के मजदूर बड़ी संख्या में



भाग लेंगे और केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मजदूरों को चार लेबर कोड जैसे काले कानूनों को वापस करवाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए मजदूर नेता सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मजदूरों के शोषण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि देशभर के मजदूरों को एकजुट होकर सरकार की नीतियों का विरोध करना होगा। कन्वेंशन में ध्रुव त्रिवेदी, दीपक कुमार, अशोक पाठक, संजय शाह, नुरुल्लाह, नवाब आरजू, जगन सा, समसुल खातून, मुकेश कुमार, अविनाश कुमार और देवदत्त विश्वास समेत कई वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से नौ सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। इसमें विपिन बिहारी दुबे, संयोजक सत्येंद्र कुमार मिश्रा, शक्ति नाथ तिवारी, मोहम्मद नुरुल्लाह, समसुल खातून, संजय शाह, अविनाश कुमार, मुकेश कुमार और नवाब आरजू को शामिल किया गया।

## शादी की खुशियां पल भर में बदलीं मातम में, सड़क हादसे में दुल्हन की भाभी की मौत

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचला, दुल्हन आईसीयू में भर्ती, हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल में शनिवार की रात एक दर्दनाक हादसे में शादी की खुशियाँ मातम में बदल गईं। रक्सौल बाइपास रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहीं दुल्हन और उसकी भाभी को कुचल दिया। हादसा रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ, जब शादी से एक दिन पहले आम महुआ की पूजा की रस्म के दौरान यह दुर्घटना घटी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दुल्हन की भाभी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दुल्हन कुमारी शिभा को गंभीर हालत में डंकन हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। दुल्हन के पिता उत्तिम पंडित ने बताया कि वे लोग सिंहपुर हरैया पंचायत के नया बस्ती, पंटोका गाँव के निवासी हैं। रविवार को उनकी बेटी की शादी तय थी। शनिवार को आम महुआ पूजन की रस्म चल रही थी, तभी यह हादसा हुआ। चश्मदीदों के अनुसार, सड़क पार करने के दौरान महिलाओं ने स्कॉर्पियो को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक रफ्तार में गाड़ी लेकर भाग निकला। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हरैया थाना अध्यक्ष किशन पासवान मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया कि फरार स्कॉर्पियो चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस हृदयविदारक घटना की खबर पाकर दुल्हन के ससुराल बारा जिले के कबहिं गोठ से भी परिजन पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया।

## कार्यालय परिचारी प्रारंभिक परीक्षा 14 केंद्रों पर संपन्न

### जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कार्यालय परिचारी प्रारंभिक परीक्षा 2025 का सफल एवं व्यवस्थित आयोजन जहानाबाद जिले के कुल 14 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुआ। परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित की गई, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई थी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त बनाए रखने हेतु जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह के साथ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों - मुरलीधर इंटरस्तरीय विद्यालय, पी.पी.एम. विद्यालय, रामकृष्ण परमहंस विद्यालय तथा ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, जहानाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण




के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित पाई गई। इस दौरान परीक्षा में 8392 आवेदकों में से 2281परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही। वहीं इस दौरान 6111 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हालांकि इस दौरान कदाचार के आरोप में किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित नहीं किया गया। देखा जाए तो परीक्षा के निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएँ की गई थी। इस परीक्षा के लिए अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार को नोडल पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सहायक नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों पर गश्ती दल, स्टैटिक दंडाधिकारी तथा केंद्र प्रेक्षक की तैनाती सुनिश्चित की गई थी।

## ज्योति कलश रथयात्रा का जहानाबाद में भव्य स्वागत, सनातन संस्कृति के प्रचार का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में निकाली जा रही ज्योति कलश रथयात्रा का भव्य स्वागत रविवार को जहानाबाद जिले के घोसी बाजार में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह रथयात्रा गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखंड ज्योति के 100 वर्ष और वंदनीय भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी भव्य आयोजन का निमंत्रण देने के लिए निकाली जा रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति, साधना और सेवा के मूल मंत्रों को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि मानवता को जागृत किया जा सके और समाज में संवेदनशीलता व



आत्मिक चेतना का संचार हो सके। ज्योति कलश के दर्शन को लेकर ग्रामीणों में गहरी आस्था देखने को मिली। रथयात्रा के घोसी प्रखंड के कोर्रा, सोनवा, बाजिदपुर, बड़की बभनपुरा, लखावर, साहोबिगहा, मीराबिगहा, गोड़सर, डहरपुर, शाहपुर सहित कई गांवों में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति कलश की पूजा-अर्चना कर रथ का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

इस अवसर पर शांतिकुंज प्रतिनिधि सुजीत कुमार, बचन देव कुमार, हरि जी, गिरिजा सिंह, प्रवीण शर्मा, श्यामनारायण कुमार, सुमंत शर्मा, शंकर कुमार, संजय कुमार, संतोष शर्मा, सुनील पाल, मुन्ना कुमार, रामानंद शर्मा सहित दर्जनों गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

## घोड़ासहन में 11 केवी बिजली तार की चोरी, 10 लाख से अधिक की क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए जरूरी बिजली आपूर्ति अब ठप हो गई है, क्योंकि अज्ञात चोरों ने 11 केवी और एलटी लाइन के बिजली तार चुरा लिए। यह वारदात घोड़ासहन थाना क्षेत्र के भेलवा, चंपापुर, गिघौना, कसवा लौखान और कोरैया लौखान सरेह में सामने आई है, जहां सिंचाई के लिए लगाए गए 152 बिजली पोल से तारों को काट लिया गया। घटना की जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि इस चोरी से विद्युत विभाग को करीब 10 लाख 44 हजार रुपये की क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना में आवेदन दे दिया गया है। तारों की चोरी के चलते इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है।

## मातृ दिवस पर प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ ने किया 206वां साप्ताहिक पौधरोपण, अब तक लगाए जा चुके हैं 40 हजार पौधे





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार, जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर रविवार को लगातार 206वां साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जहानाबाद प्रखंड के बभना स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक रीति से गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक उच्चारण तथा पौधों की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस मौके पर ठाकुरबाड़ी के महंत श्री श्री 108 मधुसूदन दास जी महाराज ने कहा, ह्लजिस प्रकार माँ अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी समस्त जीव-जंतुओं का भरण-पोषण कर 'धरा की मां' की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का समय पर्यावरणीय असंतुलन और प्रदूषण की चुनौतियों से घिरा है, जिसे संतुलित करने का सबसे सरल और प्रभावी उपाय अधिक से अधिक वृक्षारोपण और संरक्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है कि प्रत्येक वर्ष कम से कम 10 पौधे लगाकर उनकी देखभाल करे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। महंत मधुसूदन दास ने प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के पौधरोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं का इस कार्य में सक्रिय भागीदारी लेना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि ह्लमातृ दिवस के अवसर पर ऐसे पुण्य कार्य में शामिल होना मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। पौधरोपण अभियान के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने बताया कि पिछले चार वर्षों से प्रत्येक रविवार को यह अभियान निःशुल्क चलाया जा रहा है, जिसके तहत अब तक जिले में 40,000 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। कार्यक्रम में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य रंगेश कुमार, कौशल कुमार, विनोद कुमार, नवीन कुमार, अभिनव आनंद, गोपाल जी, श्यामसुंदर तिवारी और पान बाबू उपस्थित रहे।

## आरक्षी विनोद चौधरी की खुदकुशी पुलिस विभाग के लिए एक गंभीर चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** रविवार को जहानाबाद जिले की पुलिस लाईन में सिपाही विनोद चौधरी की आत्महत्या की घटना ने पुलिस विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों को भी हिलाकर रख दिया है। यह घटना महज एक दुखद घटना नहीं है, बल्कि पुलिस विभाग के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है कि अगर हमने पुलिस बल के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दिया, तो ऐसे मामले लगातार सामने आते रहेंगे। अब समय आ गया है जब पुलिसकर्मियों की आवाज़ अधिकारियों को भी सुननी चाहिए। उनकी भावनाओं को समझना और एक ऐसा वातावरण बनाना जहां वे न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी सुरक्षित महसूस कर सकें। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाना, सहायता प्रदान करना और संवेदनशील नीतियां बनाना आज की जरूरत है। अगर अब भी प्रशासन नहीं सचेत, होगा तो इससे भी भयावह घटना सामने आ सकती है।

**पुलिस बल और मानसिक स्वास्थ्यः एक अनदेखा मुद्दा**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि हर साल सैकड़ों पुलिसकर्मी आत्महत्या करते हैं। 2021 में देशभर में लगभग 153 पुलिसकर्मियों ने आत्महत्या की, जिनमें अधिकतर मामलों में मानसिक तनाव, पारिवारिक तनाव और कार्यस्थल की समस्याएं कारण रही हैं।

**तनाव के कारण**

लंबे कार्य अवधिः अधिकतर पुलिसकर्मी 12-16 घंटे की ड्यूटी करते हैं, जिससे शारीरिक और मानसिक थकान होती है।

समाज और परिवार से दूरीः पुलिसकर्मी अक्सर त्योहारों, शादी और पारिवारिक आयोजनों से दूर रहते हैं। सिस्टम से सहयोग की कमीः मानसिक स्वास्थ्य को लेकर न तो कोई स्पष्ट नीति है, न ही नियमित काउंसलिंग।

**पुलिसकर्मियों का डिप्रेशनः कोई नई बात नहीं**

मनोचिकित्सकों का मानना है कि पुलिस की नौकरी अत्यधिक दबाव वाली होती है। रोजाना अपराधियों से निपटना, सामाजिक-राजनीतिक दबाव और प्रशासनिक आदेशों के बीच तालमेल बिठाना, मानसिक थकावट का बड़ा कारण बनता है। अगर इस पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो इसका अंजाम विनोद चौधरी जैसे आरक्षियों के दर्दनाक घटनाओं के रूप में सामने आते रहेगा।बिहार राज्य में पहले भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां पुलिसकर्मियों ने डिप्रेशन या निजी तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। मगर हर बार मामले को 'व्यक्तिगत कारण' कहकर बंद कर दिया जाता है, जबकि असली समस्या पर कोई ठोस पहल नहीं की जाती।

**समाधान की दिशा में क्या हो सकता है प्रयास?**

मानसिक स्वास्थ्य सहायता केंद्र हर जिले के पुलिस लाइन में एक स्थायी मानसिक स्वास्थ्य सहायता केंद्र की स्थापना की जानी चाहिए, जहां पुलिसकर्मियों को काउंसलिंग और सहायता मिल सके।

**प्रशिक्षण और संवाद**

अधिकारियों को मानसिक स्वास्थ्य के संकेत पहचानने की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए ताकि वे समय रहते अपने अधीनस्थों की सहायता कर सकें।

**छुट्टियों और कार्य संतुलन**

पुलिसकर्मियों के लिए साप्ताहिक छुट्टी, विशेष अवकाश और पारिवारिक समय सुनिश्चित करने की नीति लागू होनी चाहिए। इससे मानसिक थकान को कम किया जा सकता है। पुलिसकर्मी भी इंसान होते हैं। समाज को उनके प्रति सहानुभूति और समर्थन का रवैया अपनाना चाहिए।

## भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा सख्त, पुलिस व एसएसबी की संयुक्त गश्त

### ऑपरेशन 'सिंदूर एयर स्ट्राइक' के मद्देनजर चौकसी बढ़ी, अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** ऑपरेशन 'सिंदूर एयर स्ट्राइक' के मद्देनज़र भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। घोड़ासहन अनुमंडल क्षेत्र के झरौखर, जमुनिया समेत अन्य सीमा चौकियों पर पुलिस और एसएसबी के जवानों द्वारा गहन जांच और पेट्रोलिंग की जा रही है। शनिवार को सिकरहना एसडीओ साकेत कुमार, एसडीपीओ अशोक कुमार तथा एसएसबी कंपनी कमांडर राज नंदन कुमार के नेतृत्व में संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में गश्त अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने सीमा



पार से आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की सघन जांच की और सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों को अलर्ट रहने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने अपील की कि यदि कोई अनजान व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु नजर आए, तो तत्काल पुलिस या एसएसबी को सूचित करें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सीमा सुरक्षा में चूक न हो, इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।

CMYK

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मामला गोह थाना क्षेत्र के असेयास गांव की है। मृतका की पहचान स्व. कृष्णा यादव की पत्नी 40 वर्षीया आरती कुंवर के रूप में की गई है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया, वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार मृतका गांव के पश्चिम दिशा बधार में कचरा डालने जा रही थी। जहां पहले से हाई वोल्टेज विद्युत का तार टूटकर गिरा हुआ था, जिसके सम्पर्क में आते ही महिला की मौत हो गई। हालांकि फिर भी परिजनों ने आनन- फानन में उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया,


घटनास्थल पर मामले की तफ्तीश करते पुलिस पदाधिकारी

परंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गोह पुलिस मौके पर पहुंचकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं थानाध्यक्ष मो0 इरशाद ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में युवक घायल, रेफर

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रविवार की सुबह गोह थाना क्षेत्र के राजापुर मोड़ के समीप ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को गोह सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद घायल को गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार रफीगंज थाना क्षेत्र के खरोखर गांव निवासी उपेंद्र शर्मा के 22 वर्षीय पुत्र गोबिंद कुमार गोह की तरफ से अपने घर जा रहा था, जैसे ही राजापुर मोड़ के समीप पहुंचा की ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## दुर्घटना में मौत मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के चातर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को अज्ञात चारपहिया वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के संबंध में मृतक के परिजन देव थाना क्षेत्र के बनिया गांव निवासी बिगन सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया है कि शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे मेरी छोटी बहू पिंकी कुमारी एवं नाती रोहित कुमार दवा लाने के लिए रफीगंज जा रहे थे। तभी पीछे से सफेद रंग की अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही मेरी बहू पिंकी कुमारी की मौत हो गई एवं मेरे नाती रोहित कुमार का औरंगाबाद सदर अस्पताल इलाज के लिए ले जाने क्रम में मौत हो गई। रफीगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# बुजुर्ग महिला ने भाई व भतीजी पर लगाया संपत्ति हड़पने का आरोप

## अपनों से धोखाधड़ी के बाद सहारे के लिए भटक रही बुजुर्ग महिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** रिसियप थाना क्षेत्र के अमौना गांव की रहने वाली बुजुर्ग महिला द्रौपदी कुंवर ने अपने भाई व भतीजी पर संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। वृद्धा ने रविवार को अंबा थाना में दिए आवेदन में जिक्र किया है कि अपने पति की मौत के बाद लातेहार जिला के मूरूक गांव में जमीन लेकर मकान बनाया था। उम्र के अंतिम पड़ाव में अपनी देखभाल के लिए अपने भाई रामदेव पांडेय को साथ में रख लिया था। कुछ दिन बीतने के बाद उसके भाई ने धोखाधड़ी कर मकान अपने बेटे के नाम से लिखवा लिया। वृद्धा ने जब इसका विरोध किया तो उसके भाई ने मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। घटना के बाद वृद्धा न्याय के लिए लातेहार थाना पहुंची। जहां थानेदार ने समझौता करा कर दो लाख रुपए द्रौपदी कुंवर को दिलाया। वृद्धा ने बताया कि लातेहार थाना में समझौता होने के बाद उसकी भतीजी व रामदेव पांडेय की पुत्री उसे समझा- बुझा कर अंबा थाना क्षेत्र के हरदत्ता गांव में अपने घर ले आई। उसकी भतीजी ने सेवा करने का लालच देकर उनसे दो लाख रुपए अपने अकाउंट में जमा करवा लिया। जब द्रौपदी कुंवर ने इसका विरोध किया तो उन्हें मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया। भतीजी द्वारा घर से बाहर निकालने के बाद वृद्धा औरंगाबाद के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरोपुर गांव निवासी अपने बहन के पुत्र विरेंद्र तिवारी के घर पहुंची। विरेंद्र तिवारी ने सदर अस्पताल औरंगाबाद में वृद्धा का इलाज कराया। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में कार्यवाही की जा रही है।

## दो शराब कारोबारी गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के देव मदनपुर रोड़ में आंजन बगीचा के समीप बाइक से शराब ले जा रहे कारोबारियों को पुलिस ने धर दबोचा है। इस दौरान करीब 70 लीटर महुआ शराब और एक बाइक जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर बाइक सवार दो व्यक्तियों को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए कारोबारी की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के डंगरा निवासी नारायण भुईयां एवं कासमा थाना क्षेत्र के खैरा फिरोज निवासी दिनेश रिकियासन के रूप में की गई है।

# शादी का झांसा देकर युवती से बनाया अवैध संबंध, जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ अवैध शारीरिक संबंध बनाने वाले एक युवक को हसपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के सिहुड़ी खैरा गांव निवासी अमरेश कुमार उर्फ माही के रूप में की गई है। मामले में हसपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार आरोपित के गांव में युवती के मामा का गांव है। आने- जाने के क्रम में दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी और यह मिलना जुलना कब प्यार में बदल



गया, पता ही नहीं चला। दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगे। इस दौरान शादी का झांसा देकर आरोपित बीते दो साल से युवती के साथ अवैध शारीरिक संबंध बना रहा था और अब वह शादी से इंकार कर रहा है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि युवती से अवैध शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# मानवी बनी प्रधानमंत्री तो साक्षी ने संभाला शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा

## पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में बाल संसद का चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में पीरामल फाउंडेशन की ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर नेहा के पर्यवेक्षण में नियमानुसार बाल संसद का चुनाव संपन्न हुआ। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि बाल संसद के लिए संपन्न चुनाव में बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। मंत्रिमंडल के सभी पदों पर कई अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन करवाया एवं मतगणना में निकटतम प्रतिद्वंदियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखा गया। कड़ी टक्कर में मानवी ने चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री का पद हासिल किया, वहीं उप प्रधानमंत्री के पद



पर सावन सफल रहे। शिक्षा मंत्री साक्षी बनी, वहीं स्वास्थ मंत्रालय सलोनी के पक्ष में गया। आरुषि कला एवं संस्कृति मंत्री, आयुष्का को स्वच्छता, खुशबू को कृषि, रानी को जल मंत्रालय के साथ ही विराट, रौनक, स्नेहा, शुभम, अभिषेक, अविनाश, अनिकेत, गुनगुन, पावनी एवं लभली ने भी राज्य मंत्री का चुनाव जीता। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया चुनाव की प्रक्रिया से बच्चों को अवगत कराया गया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुमत के मत की महत्ता को भी बताया गया। चुनाव बैलट के साथ-साथ टैब में ईवीएम के एप्लीकेशन से भी मतदान कराया गया। पीठासीन पदाधिकारी के रूप में शिक्षिका मंजु कुमारी एवं पोलिंग ऑफिसर वन टू एवं थ्री के रूप में करुणा सिन्हा, मीना सिंह एवं नैयर शाहीन ने भी निष्ठा के साथ स्वच्छ मतदान को सुनिश्चित कराया। निर्वाचित बाल संसद के मंत्रियों को प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में विद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# लॉज के कमरे से मिला छात्र का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के कदमकुआं में लॉज के अंदर एक छात्र का शव मिला। मृतक व्रज बिहारी उर्फ सोनू (23) प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह भोजपुर के कोईलवर का रहने वाला था। मामला कदमकुआं थाना इलाके की है। रविवार की सुबह में पुलिस को इसकी जानकारी मिली थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक कदमकुआं के स्वीट हार्ट लेन स्थित एक लॉज में रहता था। रविवार की सुबह कमरे का दरवाजा बंद था। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस वहां पहुंची। इसके बाद भीड़ जमा हो गई। पुलिस दरवाजा को तोड़कर कमरे के अंदर गई। इसके बाद पंखे से झूल रहे शव को नीचे उतरवाया गया।

### मानसिक तौर पर परेशान था छात्र

कदमकुआं थानेदार अजय कुमार ने बताया कि 'परीक्षा में बराबर असफल होने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह लॉज के दूसरे छात्रों से ज्यादा बात भी नहीं करता था। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। इसकी जांच की जा रही है। परिजन भी दोपहर तक पहुंच गए थे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के बेरी खेल मैदान में रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर दसवीं और बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जदयू के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष कुमार सिंह के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रविकांत कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। शिक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिक्षा हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद् सदस्य सह बेरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह एवं मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव ने मेधावी छात्रों को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं को एक-एक पौधा देकर पर्यावरण



संरक्षण करने के लिए उत्प्रेरित किया गया। छात्रों से एक वर्ष में पांच-पांच पौधे लगाने की अपील करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर प्रशाखा पदाधिकारी विमल कुमार, पंचायत समिति सदस्य अभिनव कुमार उर्फ गोलू, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र मेहता, उत्पाद विभाग के एएसआई राहुल कुमार, डब्ल्यू कुमार, विकास कुमार, चंदनवाड़ी कुमार, विपिन कुमार, राजू कुमार, कला संकाय मे जिला टॉपर रही सफा प्रवीण, मेघा कुमारी, दीपांजलि कुमारी, अर्पण कुमार, अंकित कुमार, राहुल कुमार समेत अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दिल्ली से पटना आ रहे शेखपुरा निवासी आर्यमान राज (20) की बिहटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह दर्दनाक मौत हो गई। आर्यमान जनसाधारण एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। बिहटा रेलवे स्टेशन के पश्चिम के आउटर सिंगल के पास ट्रेन की गति धीमी हुई। इस दौरान गेट पर खड़े आर्यमान का मोबाइल और बैग छीनने की कोशिश की गई। बचाने के प्रयास में वह चलती ट्रेन से गिर गया। घटना की सूचना मिलने के एक घंटे बाद जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। घायल आर्यमान को बिहटा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है



कि बिहटा रेलवे स्टेशन के आसपास नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। यहां चलती ट्रेन से यात्रियों के मोबाइल और सामान छीनने की घटनाएं आम हो गई हैं। रेलवे प्रशासन की लापरवाही के विरोध में लोगों ने कुछ देर के लिए रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। मृतक आर्यमान दिल्ली में पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी भी कर रहा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# व्यक्ति के साथ मारपीट, ससुराल पक्ष पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पचार गांव में दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। घायल किशोरी पासवान ने बताया कि मेरे ससुर रामस्वरूप पासवान, मेरा साला देव पासवान एवं मेरे साढू चंदन पासवान ने मिलकर लाठी डंडे एवं रॉड से 10 अज्ञात लोगों के साथ मारपीट कर मुझे घायल कर दिया। किशोरी ने बताया कि मैं अपने साढू का गांव रतवा गए हुए थे, इसी बीच मेरे बच्चे की तबीयत खराब हो गयी तो मैं पत्नी और बच्चे को लेकर अपने घर लौट आया। इसी बीच उक्त तीनों लोग 10 अज्ञात लोगों को लेकर



आए और बोले कि बिन मुझे बताए घर क्यों आ गया और मारपीट कर घायल कर दिया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में आवेदन प्राप्त हुई है आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बुजुर्ग के शव की नहीं हुई पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बंदेया पुलिस ने थाना क्षेत्र की रूखड़ी गांव से 10 मई को एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की शव बरामद की गयी थी लेकिन अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अपने विभिन्न स्त्रोतों से पता लगाने में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। मृतक हाफ पैंट और शर्ट पहने हुए हैं। सिर में बाल पूरी तरह पका हुआ है। पोस्टमार्टम के उपरांत बुजुर्ग के शव को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। फिलहाल विविध माध्यमों से पहचान की कोशिश की जा रही है। 72 घंटे के बाद भी पहचान न होने पर सरकारी प्रक्रिया के तहत शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा।

# 15 साल से फरार चल रहा कुख्यात पकड़ाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कुख्यात को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधी की पहचान मोरियावा गांव निवासी राकेश कुमार उर्फ नुनु सिंह के रूप में हुई है। पालीगंज डीएसपी-2 उमेश्वर कुमार चौधरी ने बताया कि बिहार में आगामी चुनाव को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को सूचना मिली कि मोरियावा गांव के हनुमान मंदिर के पास कुछ अपराधी किसी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर अपराधी भागने लगे। पुलिस ने एक अपराधी को पकड़ लिया। तलाशी में उसके कमर से एक लोडेड देसी कट्टा और पॉकेट से चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। एक देसी कट्टा और



पांच जिंदा कारतूस जब्त किए गए हैं।

# 'विकसित भारत के निर्माण में जन साधारण की भूमिका' विषय पर प्रतिभागियों ने रखे विचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** डॉ. जया जैन व्याख्यानमाला प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रविवार को हुआ, जिसमें 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'विकसित भारत के निर्माण में जन साधारण की भूमिका' रहा, जिसमें 18 से 25 वर्ष के युवा, युवती व विद्यार्थी शामिल थे। प्रतिभागियों में अनुराग पांडेय, अंजली कुमारी, काषिका कठात, माधुरी कुमारी साव, रागिनी कुमारी, रौनक राज, आशिका काठात, निशांत कलाम, बालाजी, सानिया सुल्ताना, नाजरा कलाम, मोहित कुमार, सोनी कुमारी व कुणाल कुमार ने अपने



देश के प्रति समर्पित भावना से प्रतियोगिता में अपना पक्ष रखा। दूसरे दिन निर्णायक मंडल कमल कुमारी व डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा विजेताओं की घोषणा करेंगी। पहले दिन कार्यक्रम का संचालन ममता मिश्रा व कंचन प्रभा ने किया। सोमवार को प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में विजेता प्रतिभागी को 25, 15 व 11 हजार रुपए प्रथम, द्वितीय व तृतीय को नगद पुरस्कार राशि दिया जाएगा। रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रो नंदजी दूबे, मुम्बई से आये एचडीएफसी बैंक के अधिकारी अनुराग जैन व अन्य विद्वतगण द्वारा प्रतिभागियों का हौसलफजाई किया गया। मौके पर डॉ. जया जैन ने बताया कि यह आयोजन विगत तीन वर्षों से होते आ रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि आम लोग राष्ट्र के प्रति सोचें और इसके विकास में भागीदार बनें। समर्पित भाव से इसके सहयोगी बने, तभी विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। प्रतियोगिता का विषय वस्तु राष्ट्र सर्वोपरि पर आधारित रखना इसका उदेश्य है। बता दें कि डॉ. जया जैन आरा की मूल निवासी है। इन्होने हिन्दी से स्नातकोत्तर, पीएचडी, 1978 से बोकारो स्टील सिटी कालेज में व्याख्याता रही है। महावीर जयंती कार्यक्रम की सचिव, अध्यक्ष रही और अभी वर्तमान में संरक्षक हैं। जयप्रकाश आंदोलन की उपज, जेपी के आरा आगमन पर रमना मैदान में स्वागत भाषण, लेखक, शास्त्रीय संगीत गायिका, झारखण्ड व बिहार की संगठन मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, झारखंड प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों को सुशोभित कर चुकी हैं।

# धर्मपालन में कभी भी बहानेबाजी नही करें, ईश्वर होते हैं नाराज : जीयर स्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** उदवंतनगर प्रखंड के चोराई गांव में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में काफी संख्या में लोग आकर प्रवचन सुन रहे हैं। इसी दौरान रविवार को बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, सीनेट सदस्य संतोष तिवारी व पप्पू जी के साथ स्वामी जी के दर्शन करने के लिए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्वामी जी का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया तथा आशीर्वाद लिया फिर वापस राजधानी लौट गए। स्वामी जी ने अपने तृण कुटिया से प्रवचन करते



हुए कहा कि धर्मपालन में कभी भी बहानेबाजी नहीं करनी चाहिए। इससे ईश्वर नाराज होते हैं। संसार में न तो कोई किसी का मित्र है, न शत्रु है। मनुष्य किसी को अपना शत्रु मानकर उसपर क्रोध करते हैं, वे वास्तव में अपनी ही हानि करते हैं। संसार विष्णुमय है। शरीर का एक अंग दूसरे अंग का शत्रु कैसे हो सकता है? भगवान की कथा में श्रद्धा करे, उनकी प्रतिमा का पूजा व स्मरण करे, उनके चरणकमलों में शीश झुकावे, भगवान को ही संसार में सबसे बड़ा साथी माने, भगवान का सेवक बने और भगवान के ही चरणकमलों में सम्पूर्ण रूप से आत्म समर्पण कर दे। जो पुरुष इस प्रकार भगवान की भक्ति करते हैं, वे इस संसार के बन्धन से मुक्त होकर परमपद पाते हैं। जीयर स्वामी ने कहा कि धर्मपालन में बहानेबाजी कभी नहीं करनी चाहिये, मैंने सत्य से ही सब शस्त्र प्राप्त किये हैं। मैं सत्य से कभी नहीं डिग सकता। श्रीहरि के चरणों की सेवा मनुष्यों को स्वर्ग, मोक्ष, इस लोक की महान सम्पत्ति और सब प्रकार की सिद्धियों को देनेवाली है। भगवान की पूजा छोड़कर जो लोग दूसरे की पूजा करते हैं, वे महामूर्ख हैं। जहां 'मैं', 'मैं' और 'मेरा' इन दो शब्दों में ही सारे जगत के दुःख भरे 'मेरा' नहीं है वहां दुःखों का अत्यन्त अभाव है। जिस वस्तु के नाश से बड़ा दुःख होता है, उसके प्राप्त होने से पूर्व सुख या दुःख कुछ भी नहीं होता। अतएव उसकी प्राप्ति के पूर्व की अवस्था को ध्यान में रखकर मन को दुखी नहीं करना चाहिये।

# पूर्व वार्ड सदस्य के घर से मिला आग्नेयास्त्र

- आरोपित बुल्लू यादव मौके से हुआ फरार
- घर से अनाज की बोरियों के बीच मिला हथियार
- अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिसिया अभियान लगातार जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में खुसरूपुर पुलिस ने हैबतपुर गांव में एक बंद घर से दोनाली देसी राइफल और 22 जिंदा कारतूस की बरामदगी हुई। आरोपित बुल्लू यादव हैबतपुर पंचायत का पूर्व वार्ड सदस्य है। वह मौके से फरार हो गया है। थानाध्यक्ष मंजीत कुमार ठाकुर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि हैबतपुर में एक व्यक्ति अपने घर में ताला लगाकर भागा है। छापेमारी में घर से अनाज की बोरियों के बीच छिपाकर रखे हथियार मिले। इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। टीम में दरोगा अशोक कुमार, शशांकी प्रिया, संतोष कुमार, अमरनाथ प्रसाद और संजय कुमार शामिल थे। यह कार्रवाई नुरुद्दीनपुर गांव में हुई हर्ष फायरिंग की घटना के बाद की गई है। पूर्व मुखिया टुन्नी सिंह की बेटी की शादी में हुई फायरिंग में एक युवक घायल हुआ था। इस संबंध में पुलिस ने नालंदा के मोनीपुर से सत्येंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। वहां से देसी कट्टा, दो कारतूस और दो बिंदोलिया मिले थे। पुलिस का अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान जारी है।

CMYK

# महाजाम : रेलवे फाटक समय पर नहीं हुआ बंद, आधे घंटे तक ट्रेन रही प्लेटफार्म पर

## प्रतिदिन जाम से लोग रहते हैं परेशान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में आए दिन महाजाम की स्थिति से हर तबका परेशान है। कोई ऐसा दिन नहीं जहां पर जाम के कारण से हर कोई परेशान होता नहीं दिखता हो। ऐसे में इस महाजाम से न केवल सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगती है, बल्कि पटना गया रेलखंड के तारेगना दक्षिणी गुमटी के पास रेलवे फाटक भी प्रत्येक दिन इसी जाम से प्रभावित होता है। दरअसल ट्रेन के वक्त के दौरान महाजाम के कारण रेलवे फाटक समय पर नहीं बंद हो पता है और ट्रेन स्टेशन पर ही खड़ी रह जाती है। जिससे ट्रेन लेट लतीफ होती है। ऐसे में रविवार के सुबह तकरीबन 9:02 में प्लेटफार्म संख्या दो पर पटना से चलकर गया जाने के दौरान रेलवे दक्षिणी गुमटी के पास महाजाम के कारण रेलवे फाटक समय पर नहीं बंद हो सका ऐसे में रेलवे गुमटी के पास जाम निकालने के दौरान तकरीबन आधे घंटे तक पैसेंजर ट्रेन को इंतजार करना पड़ा। रेलवे कर्मियों ने किसी तरह से रेलवे गुमटी पर लगे हुए जाम को हटवाया तब जाकर रेलवे फाटक बंद हुई और ट्रेन को पास कराया गया। स्टेशन मास्टर धनंजय कुमार ने बताया कि 063245 पटना गया पैसेंजर तारेगना में 9:02 में पहुंचे वहीं रेलवे फाटक के पास जाम रहने के कारण 9:25 में यहां से निकाला गया। बाहरहाल जाम के कारण इस तरह की रोजाना समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

# कन्या भ्रूण हत्या सभ्य समाज के लिए कलंक : प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से जागते रहो भारत यात्रा का समीपवर्ती फतुहा पहुँचने पर भव्य स्वागत हुआ। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि आज भी पढ़े लिखे लोग दहेज लेने में अपनी शान समझते हैं। महिला के सहयोग बिना हर बदलाव अधूरा है। खुसरूपुर हाई स्कूल में महिला संगोष्ठी में यात्रा संयोजक राजेन्द्र यादव ने कहा कि इस परिसर में महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अद्भुत काम हो रहा है। लेकिन आर्थिक समृद्धि के साथ बहनों की गरिमा का प्रश्न बड़ा होता जा रहा है। फाउंडेशन के मुख्य स्वयंसेवक दिलीप कुमार ने कहा कि जागते रहो भारत यात्रा पर निकले साथी वर्तमान की सबसे गम्भीर समस्या को लेकर देशभर में अलख जगा रहे हैं। इसलिए हम सबको सहयोग देने का काम प्राथमिकता का विषय है। यात्री दल की सदस्य जम्मूबेन ने मानवीय क्रान्ति गीत से उपस्थित बहनों को प्रेरणा देने का काम किया। इस अवसर पर बिहार से यात्री दल के सदस्य शत्रुघ्न झा ने विनोबा की मां रूक्मणी की विनायक बालक को भूदान यज्ञ का महारथी संत विनोबा भावे बनाने के योगदान का जिक्र किया। आर के दत्ता के नेतृत्व में सम्मेलन का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के घटना पर चिंता प्रकट करते हुये कहा कि एक और हम 2047 में विकसित भारत के सपना देख रहे है तो दूसरी ओर कन्या भ्रूण हत्या सभ्य समाज के माथे पर कलंक का टीका है। मौके शिशुपाल कुमार, सन्नी कुमार, कुमारी प्रियंका, विक्रम सिंह आदि थे।

## एक नजर

### छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में भागलपुर जिले के बरारी थाना क्षेत्र में आज मेडिकल की तैयारी कर रही एक छात्रा ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि मृत छात्रा की पहचान पल्लवी कुमारी 24 वर्ष के रुप में हुई है और वह बांका जिले के रजौन क्षेत्र की रहने वाली थी। पल्लवी बरारी क्षेत्र के खंजरपुर मुहल्ले में एक लॉज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। हादसे के समय उसके कमरे में रहने वाली छात्रा ट्यूशन पढ़ने गई थी और जब वापस लौटी तो कमरे में पल्लवी को फंदे में झूलते देखा। सूत्रो ने बताया कि उक्त छात्रा की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की और पल्लवी के मोबाइल को अपने कब्जे में लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस के आरंभिक जांच में इस घटना का कारण प्रेम प्रसंग बताया गया है। पुलिस ने मोबाइल कॉल के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

### देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान लहसुन ना पुलिस ने रविवार को कई जगहों पर अवैध शराब की भर्तियां तोड़ी जिसमें लहसुना थाना अंतर्गत ग्राम उस्मानचक मुसहरी से करीब 17लीटर महुआ शराब एवं ग्राम चपौर मुसहरी से चोला मांझी के घर से22 लीटर कुल 39 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। थाना अध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया की अभियुक्त चोला मांझी को गिरफ्तार किया गया अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### जनसंपर्क अभियान चला

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र के चरसा पंचायत अंतर्गत चरमा गांव मे इंजीनियर राजकुमार पासवान ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने क्षेत्र में पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इंजीनियर पासवान ने ग्रामीणों की बातों को ध्यान से सुना इन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति की आवाज को सुनना और उनके कल्याण के लिए काम करना है। आपकी समस्याएं मेरी प्राथमिकता हैं। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने उनके इस पहल की सराहना की और क्षेत्र के विकास के लिए उनके साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। स्थानीय निवासी विजय सिंह ने कहा, इंजीनियर राजकुमार पासवान का गांव आना और हमारी समस्याओं को सुनना हमें आशा देता है कि हमारे क्षेत्र का विकास होगा।

### ट्रेन से गिरकर छात्रा की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया रेल खंड के छोटकी मसौढ़ी और तिनेरी हॉल्ट के बीच जहानाबाद जाने के क्रम में चलती ट्रेन से गिर जाने से एक लडकी की मौत मौके पर ही हो गई है। मृतक दसवीं कक्षा की छात्रा भी थी, जिसकी पहचान जहानाबाद के ओकरी के प्रीतमबीघा के रहने वाले उदय यादव की पुत्री ऋतुराज उर्फ सीता उम्र 15 वर्ष बताए जाते हैं। मृतक के पिता उदय यादव ने बताया कि तारेगना रेलवे स्टेशन से जहानाबाद किसी काम को लेकर वह जा रही थी उसी दौरान चलती ट्रेन से गिर जाने से यह हादसा हुआ है, इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह रोजाना ओकरी से मसौढ़ी एक कोचिंग में पढ़ाई करने आती हैं। थानाध्यक्ष राजू दुबे ने बताया कि पटना गया पैसेंजर ट्रेन से यह घटना घटी है मृतक की पहचान हो गई है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया गया है।

### एम्स में रक्तदान शिविर आयोजित

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर एम्स पटना में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन की पहल एम्स पटना नर्सेस यूनियन द्वारा की गई। इसमें नर्सिंग अधिकारियों के साथ-साथ डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कुल 115 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। यह रक्त जरूरतमंद मरीजों के लिए अमूल्य जीवनदान साबित होगा। शिविर का उद्घाटन एम्स पटना के उपनिदेशक नीलोत्पल बल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ। अनूप कुमार, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ। सुजीत कुमार एवं मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ। रथीश नायर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में नर्सेस यूनियन अध्यक्ष नरेंद्र झाझड़िया एवं सचिव दिनेश बिश्नोई ने नर्सिंग समुदाय की सेवा भावना और समाज के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे कार्यों में नर्सिंग स्टाफ की सक्रिय भागीदारी पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर सहायक नर्सिंग अधीक्षक सीताराम चौधरी, सुनील मालव, मनोज शर्मा, चंद्र शेखर के साथ वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी पिंकी यादव, ललन कुमार, सुनील साहू, ओमप्रकाश गोदारा, अशोक ढाका, पवन सारस्वत, विनीत रेनिवाल, पूरण खर्रा और धीर सिंह की सक्रिय सहभागिता रही।

# बढ़ती गर्मी में रहें सावधान, कई बीमारियां के हो सकते हैं शिकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भीषण गर्मी ने अपना सितम ढाना शुरू कर दिया है। ऐसे में इन दिनों खानपान को लेकर या घर से बाहर निकलते समय बरती जाने वाली छोटी-सी लापरवाही भी आपको बड़े खतरे में डाल सकती है। ऐसे में एनएमसीएच पटना के ऐसोसिएट प्रोफ़ेसर एवं अवध अस्पताल मसौढ़ी के संयोजक डॉ सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। खासकर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही है। तापमान बढ़ते ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढने लगी है। गर्म हवाओं की चपेट में आकर लोग बीमार हो रहे हैं। तेज बुखार, सिर दर्द, चक्कर और दस्त के मरीज ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। इन दिनों काफी लोग लू की चपेट में आने से डिहाईड्रेशन, चक्कर आना और पेट दर्द की शिकायतों को लेकर अधिक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में अगर लोग खुद से बचाव के लिए कुछ सावधानियां बरतें तो इन बीमारियों से बच सकते हैं। इस मौसम में बच्चों में डायरिया, सर्दी, खांसी और डिहाईड्रेशन जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों को धूप से बचाना जरूरी है।हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा तापमान और तेज धूप से बचने का प्रयास करें। जरूरी हो तो धूप में छाता लेकर निकलें। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करें। जैसे पानी और फलों के जूस इत्यादि। ढीले और लाइट कलर के कपड़े पहनें। शराब और कैफीन से बचने की कोशिश करें। बॉडी को हाइड्रेटेड रखें। धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन, धूप के चश्मे और सिर ढकने के लिए सूती गमछा और टोपी आदि का इस्तेमाल करें।

# सीएम ने सड़क चौडीकरण व मजबूतीकरण कार्य का किया निरीक्षण

## सिवाला आराओबी का भी किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को चिलचिलाते धूप में नगर के विभिन्न पथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाथीखाना मोड़ से चांदमारी तक के पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य का जायजा लिया। यह पथ तुरहा टोली, कुही मोड़, खिरनीचक मोड़, रघुरामपुर पुल, डीपीएस स्कूल व लोदीपुर, चांदमारी होते हुए उसरी-छितनावां पथ को जोड़ता है। उसरी-छितनावां पथ का उदघाटन सीएम द्वारा पटना जिला की प्रगति यात्रा के दौरान किया गया था। हाथीखाना मोड़ से चांदमारी तक पथ का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य होने से उसरी-छितनावां, शिवाला, नौबतपुर, बिकम, पाली, जहानाबाद व आरा की ओर जाने के लिए लोगों को अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। इसके बाद सीएम ने शिवाला आरओबी का निरीक्षण किया। साथ ही शिवाला मोड़ के पास निर्माण कराए जाने वाले आरओबी पथ के बारे में भी जानकारी ली। सीएम चांदमारी गांव के पास रुककर पथ का जायजा लिया। मुख्यमंत्री सैनिक मोड़ के पास भी रुके तथा सगुना मोड़ के पास निर्माण कराए जा रहे पटना मेट्रो रेल कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान निर्मित पथों के मेंटनेंस को लेकर तथा निर्माणाधीन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, डीएम डा चंद्रशेखर सिंह, एसएसपी अवकाश कुमार, एसडीओ दिव्या शक्ति, एएसपी भानू प्रताप सिंह अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सीएम के काफिला सैनिक चौक के आने के दौरान हाथीखाना मोड के पूर्वी छोर पर एक भी पुलिस यातायात व्यवस्था कंट्रोल करने के लिए तैनात नही थे।

# कांग्रेस के हर घर झंडा अभियान का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से गांव-गांव में हर घर झंडा अभियान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ऐसे में रविवार को मसौढ़ी प्रखंड के रेवां गांव में पटना जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी वन के कार्यकारी अध्यक्ष उदय चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हर घर झंडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उदय चंद्रवंशी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में इण्डिया गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करते हुए पाटलिपुत्रा लोकसभा की सभी छह विधानसभा सीट जितेगी और बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इस हर घर झंडा कार्यक्रम में मुख्य रूप से मसौढी प्रखंड कांग्रेस के नेता रविंद्र धारी बिंद, पटना जिला कांग्रेस कमेटी वन के वरिष्ठ कांग्रेस के नेता अनामीशरण सिंह, वरिष्ठ नेतामहेंद्र मिश्रा, रेवां गांव के मुकेश शर्मा, कैलाश बिंद, सुरेंद्र मांझी, लक्ष्मण मांझी, श्रवण मांझी, सुखिया मांझी, रामजी चंद्रवंशी, समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

# ट्रैक्टर चोरी कांड का डीएसपी ने किया खुलासा, ट्रैक्टर समेत एक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कादिरगंज थानान्तर्गत हरला गांव से हुए ट्रैक्टर चोरी कांड का डीएसपी ने रविवार को उद्भेदन किया है। इस मामले में डीएसपी नव वैभव ने बताया कि बिते 18 अप्रैल की रात्रि में हरला से अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा एक ट्रैक्टर चोरी कर ली गई थी। उक्त घटना के आलोक में वादी विजय प्रसाद पिता साधु प्रसाद साकिन हरला थाना कादिरगंज के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध घटित घटना के उपरांत कांड की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के निर्देशन एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, मसौढ़ी के नेतृत्व में पु0अ0नि0 पूनम कुमारी, थानाध्यक्ष कादिरगंज, पु0अ0नि0 संजीव कुमार, परि0पु0अ0नि0 रविश कुमार एवं सशस्त्र बल को सम्मिलित करते हुए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा सीसीटीवी फूटेज के अवलोकन एवं तकनिकी/मानवीय अनुसंधान के सहयोग से घटना में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त अमरेश कुमार पिता सत्येन्द्र सिंह साकिन पाई बिघा थाना पाई बिधा जिला गया को गिरफ्तार किया गया है एवं चोरी गए ट्रैक्टर को बरामद किया गया है। बहरहाल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने बताया कि यह गिरफ्तार अपराधी चोरी किए गए ट्रैक्टर को खरीदता था और उसके बाद फिर उसका नंबर को फिनिशिंग करते हुए ऊंचे दाम पर बेचा करता था, इस पूरे घटना घर में दो और चोर शामिल हैं, जिसकी गिरफ्तारी के लिए निशानदेही पर छापेमारी की जा रही है।

# लावारिस बैग में बम की सूचना पर पुलिस ने की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** छावनी क्षेत्र के समीप सगुना मोड पर रविवार को दोपहर में एक संदिग्ध लावारिश बैग मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने इलाके की नाकेबंदी कर दी और मामले की जांच करने में जुट गई। लावारिस स्थिति में इस बैंग को देखकर लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। सूचना पर पुलिस ने आनन-फानन में बम निरोधक दस्ता व एटीएस दस्ता को मौके पर बुलाया गया। पुलिस टीम व बम निरोधक दस्ता ने ट्रॉली बैग को कडी सुरक्षा के बीच पीपा पुल पर सुनसान जगह बालू के रेत पर ले जाकर बैग को खोलकर देखकर हैरान हो गये। ट्रॉली बैग के अंदर से कपडा, चश्म, चेक बुक व घोड़सवारी करते हुए फोटो था। बताया जाता है कि भारत-पाक के बीच सीमा पर तनाव को देखते हुए छावनी क्षेत्र के समीप भीड वाले इलाके सगुना मोड पर लावारिश हालत में ट्रॉली बैग मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई थी। लावारिश ट्रॉली बैग में बम होने की सूचना पर पुलिस ने बम निरोधक दस्ता व एटीएस दस्ता को बुलाया गया था। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और अधिकारियों के साथ रविवार को दोपहर में सगुना मोड, हाथीखाना मोड, आनंद बाजार, उसरी, शिवाला मोड का सडक और आरओबी का निरीक्षण करने के बाद सगुना मोड पर लावारिश हालत में एक ट्रॉली बैग मिलने से पुलिस प्रशासन के बीच हडकंप मच गया था। एएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को दोपहर में सूचना मिला कि सगुना मोड के पास एक संदिग्ध लावारिश ट्रॉली बैग रखा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस नाकेबंदी करते हुए बम निरोधक दस्ता व एटीएस दस्ता को बुलाया गया। दस्ता ने लावारिश ट्रॉली बैग को पीपा पुल के बालू के रेत सुनसान जगह पर ले जाकर जांच पडताल के बाद खोला तो देखा कि उसमें कपडा, चश्म, चेक बुक व घोडसवारी करते हुए फोटो बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है कि ट्रॉली बैग छोड कर गया है।

# 'हम हिंदुस्तानी' नाटक ने दिया सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश

**फुलवारीशरीफ (नबिटा संवाददाता)।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच द्वारा प्रस्तुत नाटक 'हम हिंदुस्तानी' ने फुलवारीशरीफ स्थित वाल्मी सभागार में सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का अनूठा संदेश दिया। इस नाटक को लिखा है महेश चौधरी ने और इसका निर्देशन किया है मिथिलेश कुमार पांडे ने। इस प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि कला और संस्कृति आज भी समाज को जोड़ने का सबसे मजबूत माध्यम है। नाटक की शुरुआत अमन राज की स्वरबद्ध गीत हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सबके दिलों की जान, यही है मेरा हिंदुस्तान से हुई जिसने दर्शकों को भावनाओं के सागर में बहा दिया। इस नाटक के माध्यम से सभी धर्मों की मूल भावना को समझने और उसे अपनाने की प्रेरणा दी गई। मातृभूमि की गोद में पले-बढ़े विविध संस्कृतियों और धर्मों के लोग जब एक सूत्र में बंधते हैं, तभी एक सशक्त और सुंदर भारत की कल्पना साकार होती है।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मिलन समारोह में उमड़ा जनसमर्थन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में डिहरी 212 विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संभावित प्रत्याशी जाहिद परवेज उर्फ कक्कु खान के नेतृत्व में एक भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनसमर्थन की ताकत को दर्शाने वाला साबित हुआ क्योंकि आगामी 2025 विधानसभा चुनाव में डिहरी 212 विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में समर्थको ने मिलन समारोह में पटना पहुंचकर जाहिद परवेज उर्फ कक्कु खान के साथ ही उपेंद्र कुशवाहा का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा शामिल हुए। उन्होंने कक्कु खान की जनसंपर्क क्षमता और जमीनी पकड़ की सराहना की तथा संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। जाहिद परवेज उर्फ कक्कु खान ने कहा कि वे डिहरी क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनका एकमात्र लक्ष्य सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और विकास को लेकर लड़ना है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वे चुनाव में मजबूती से उतरेंगे और जीत हासिल करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने भी संगठन के विस्तार और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। खगौल के प्रतिष्ठित व्यवसायी और अनवार कॉम्प्लेक्स के मालिक हैदर अली अपने दर्जनों समर्थकों के साथ समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कक्कु खान को खुला समर्थन देते हुए कहा कि डिहरी की जनता को अब एक मजबूत, युवा और ज़मीन से जुड़े नेतृत्व की आवश्यकता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जीवन गुप्ता, श्रीकांत पाल, सरोज उपाध्याय, मोहम्मद शौबी खान, मो। कामरान, मोहम्मद अरशद उर्फ अरशी, मोहम्मद इमरान, मनीष श्रीवास्तव, कृष्णा पासवान, कृष्ण यादव, जमील अंसारी, मीर हसन, अतहर अंसारी, इमरान खान, मोहम्मद विक्की, मोहम्मद शाहिद मोबिन, मोहम्मद जियाउल सब्बर अली शामिल थे। इन सभी समर्थकों की उपस्थिति से समारोह को नई ऊर्ज़ा मिली और यह स्पष्ट संदेश गया कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा की जड़ें आम जनता के बीच लगातार मजबूत हो रही हैं।

# मदर्स डे पर कार्ड और पत्र से जताया ममता का सम्मान

## सरकारी स्कूल की बेटियों ने दिखाया हुनर




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** सरकारी स्कूलों में अब शिक्षा के साथ हुनर का भी नया रंग चढ़ने लगा है। बालिका उच्च विद्यालय, मनेर, पटना में मदर्स डे के अवसर पर कुछ ऐसा ही दृश्य सामने आया, जब छात्राओं ने अपनी मां के लिए प्रेम और भावनाओं से भरे कार्ड और पत्र तैयार किए। यह आयोजन साबित करता है कि अगर सरकारी स्कूलों में सुविधाएं और शिक्षकों को थोड़ी और सुविधा मिले, तो यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं निजी स्कूलों के बच्चों से कहीं आगे निकल सकते हैं। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्राचार्या शगुफ्ता यास्मिन ने किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में यदि सरकारी स्कूलों को पर्याप्त संसाधन और सहयोग मिले तो यहां के बच्चे भी किसी निजी स्कूल से कम नहीं होंगे। सरकारी स्कूलों के शिक्षक अब बच्चों को न केवल किताबों तक सीमित रख रहे हैं, बल्कि उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी निखार रहे हैं।

इस अवसर पर शिक्षक मनीष शर्मा ने बच्चों को पेपर से सुंदर कार्ड बनाना सिखाया और उन्हें अपनी मां के नाम एक प्यार भरा पत्र लिखवाया। मनीष शर्मा ने कहा कि बच्चे यदि स्कूल नियमित आएं और माता-पिता का भी सहयोग मिले, तो सरकारी स्कूल के ये नन्हें सितारे भी गगन को छू सकते हैं। उन्होंने कहा कि हुनर हर बच्चे में है, जरूरत है उसे तराशने की और मंच देने की। कार्यशाला में छात्राएं पायल, पलक, अनुष्का, काजल, संगीता, अभिलाषा, प्रियांशी, रागनी समेत अन्य ने दिल से भागीदारी निभाई और अपनी मां के लिए बेहद सुंदर कार्ड व भावनात्मक पत्र बनाए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में गर्व साफ झलक रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### 300 लीटर स्प्रीट एवं 45 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के करमवा से 300 लीटर स्प्रिट एवं 45 लीटर अंग्रेजी शराब के बरामद किया है। जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने दी।उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर करमवा नदी के किनारे से 50 लीटर के 6 ड्रम जिसमें 300 लीटर स्प्रीट एवं वही बगीचे से अंग्रेजी शराब रॉयल स्टेज एटपीएम बियर केन एवं नेपाली कस्तुरी सहित 45 लीटर शराब बरामद किया गया है।जबकि कारोबारी चकमा देकर भागने में सफल रहा।कारोबारी को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### अबैध बालू लदे ट्रैक्टर सहित चालक गिरफ्तार

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मटियरिया पुलिस ने शेरवा मस्जिदवा व बड़हरवा जाने वाली मुख्य सड़क में शनिवार की सुबह छह बजे अवैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चालक को भी गिरफ्तार किया है। चालक की पहचान थाना क्षेत्र के बड़हरवा निवासी प्रेम नारायण चौधरी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि नदी से अबैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली शेरवा मस्जिदवा गांव की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच कर शेरवा मस्जिदवा गांव के समीप चालक को धर दबोचा व ट्रैक्टर को भी जब्त कर थाने ले आयी । थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर पॉवर ट्रैक है जिसका नंबर बीआर 22जी 6208 है। चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### कीटनाशक दवा खाने से बच्चे की बिगड़ी तबियत, रेफर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में रविवार को एक 12 वर्षीय बच्चे ने कीटनाशक दवा खा लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ी गई। तबियत बिगड़ने पर आनन फानन में उसके परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।जहां उसका उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेतिया जीएमसीएच रेफर किया गया है। बच्चे की पहचान महेशपुर गांव निवासी गुड्डू आलम का 12 वर्षीय पुत्र शाहिद आलम के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शाहिद की मां ने उसे किसी बात को लेकर डांट फटकार लगाई थी जिससे नाराज होकर उसने कीटनाशक दवा खा लिया।

### गैस सिलेंडर फटने से करकटनुमा घर में लगी आग



**तरैया (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के आरदेवा गांव में शुक्रवार की रात गैस सिलेंडर फटने से एक करकटनुमा घर में भीषण आग लग गई। आग में हीरा साह, संजय साह व राकेश कुमार सिंह के घर की वस्तुएं—कपड़े, बर्तन, गहना, अनाज व नगदी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में फायर ब्रिगेड व पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना में लाखों रुपये की क्षति हुई है। मुखिया सुशील सिंह ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### अखंड अष्टयाम को लेकर निकली कलशयात्रा



**तरैया (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचभिण्डा गांव स्थित ब्रह्म स्थान पर आयोजित 24 घंटे के अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई। पीले वस्त्रों में सजी सैकड़ों महिलाएं व युवतियां यात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर शाहनेवाजपुर के शिव मंदिर पहुंची, जहां जलभरी के बाद पुनः यज्ञस्थल लौटी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर अष्टयाम प्रारंभ किया गया, जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।

### पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के नेवारी गांव में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। शव की पहचान श्रवण राम (45), पिता शिवपूजन राम, के रूप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मामला आत्महत्या है या हत्या।

### पिस्तौल दिखा बाइक व नकदी लूटने का आरोप, मामला दर्ज

**गड़खा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गड़खा प्रखंड के तोहल टोला में हथियारबंद बदमाशों द्वारा बाइक और नकदी लूटने का मामला सामने आया है। इस संबंध में झीलों कबाड़ निवासी मिंटू कुमार ने गड़खा थाने में आवेदन देकर कहा है कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे वे अपनी व्यवसायिक गाड़ियों का हिसाब लेकर घर लौट रहे थे। जगसला से झीलों कबाड़ लौटते समय बीच रास्ते में 5-6 लोगों ने घात लगाकर उनकी बाइक रोक दी। मिंटू ने आरोप लगाया है कि हमलावरों में टहल टोला निवासी भीष्म राय, विपिन राय व रणजीत राय शामिल थे। जिन्होंने रिवॉल्वर से हवा में फायरिंग कर उन्हें भयभीत किया और उनकी बाइक रुकवा ली। बदमाशों ने उनके पॉकेट से 25,000 रुपये नकद भी निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार अन्य आरोपितों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद मिंटू ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस से मदद ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस टीम पर हमला, दो पुलिस कर्मी घायल

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार की रात मांझी नगर पंचायत के चौबाह स्थित मुहल्ला में शराब के ठिकानों पर छापेमारी करने गई। इस दौरान पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। भीड़ ने पथराव व लाठी-डंडे से हमला कर पुलिस द्वारा गिरफ्तार तस्कर को जबरन छुड़ा लिया। घटना में मांझी थाने के दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिनका इलाज मांझी सीएचसी में कराया गया। बताया गया कि पुलिस ने चेमन उर्फ गणेश चौधरी नामक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके घर से 200 लीटर देशी शराब बरामद की थी। हमले के बाद आरोपी सपरिवार फरार हो गया। पुलिस 170 लीटर शराब जब्त करने में सफल रही, जबकि 100 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब मौके पर नष्ट कर दी गई। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि जख्मी पुलिस कर्मियों के बयान पर 10 नामजद व 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### प्रेमी संग मंदिर में रचाई शादी, माता-पिता ने किया अस्वीकार

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी की अंजली कुमारी ने पहले पति का घर छोड़ने के बाद शनिवार की शाम रामघाट स्थित शिव मंदिर में अपने पूर्व प्रेमी मनमन राम से शादी कर ली। इससे पूर्व थाने में दिनभर पंचायती चली। युवती ने माता-पिता के आग्रह को ठुकरा प्रेमी से विवाह करने का निर्णय लिया। शादी समारोह में कई सामाजिक प्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सारण के लाल मोहम्मद इम्तियाज देश की रक्षा करते हुए शहीद, गड़खा के नारायणपुर गांव में शोक की लहर



**छपरा/दिघवारा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के सारण जिला अंतर्गत गड़खा प्रखंड के जलाल बसंत पंचायत स्थित नारायणपुर गांव निवासी बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शनिवार की शाम जम्मू के आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से हुई क्रॉस बॉर्डर फायरिंग में शहीद हो गए। बताया गया है कि वे अपनी पोस्ट पर डटे रहते हुए वीरता से नेतृत्व कर रहे थे, जब दुश्मन की गोली उन्हें लगी। उनके शहादत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों ने बताया कि सब इंस्पेक्टर इम्तियाज काफी मिलनसार व नेकदिल इंसान थे। वे लगभग एक माह पहले ईद के समय अपने गांव आए थे और रोज सुबह गांव में टहलते हुए लोगों से आत्मीयता से मिलते-जुलते थे। उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा मोहम्मद इमरान पटना के पीएमसीएच में बायोमेडिकल इंजीनियर के रूप में कार्यरत है। पिता की शहादत की सूचना मिलते ही वह जम्मू के लिए रवाना हो गया। इम्तियाज की बहादुरी व कर्तव्यनिष्ठा ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश की सीमाओं की रक्षा में बिहार का हर बेटा अपने प्राण तक न्योछावर करने को तैयार है। पूरा क्षेत्र आज उनके बलिदान को सलाम कर रहा है। बीएसएफ ने दी श्रद्धांजलिः बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) और सभी रैंकों ने शहीद के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। बीएसएफ ने कहा है कि मोहम्मद इम्तेयाज की शहादत देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। उनकी वीरता व समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। श्रद्धांजलि समारोह आयोजितः शहीद मोहम्मद इम्तेयाज को पूर्ण सम्मान के साथ श्रद्धांजलि देने के लिए एक माल्यार्पण समारोह का आयोजन कल, 11 मई 2025 को फ्रंटियर मुख्यालय, जम्मू (पलौरा) में किया गया। इस समारोह में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों व जवानों ने उनके बलिदान को सम्मान दिया। भाजपा नेता विकास ने दी श्रद्धांजलिः उधर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष डॉ विकास कुमार गुप्ता ने अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि मोहम्मद इम्तेयाज की शहादत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत के वीर सपूत देश की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उनका बलिदान हर भारतीय के लिए गर्व व प्रेरणा का प्रतीक है।

## सड़क दुर्घटना में जख्मी वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया नरकटियागंज पथ में शनिवार की शाम अज्ञात बाइक की ठोकर से एक वृद्ध गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के डुमरा घाट निवासी अवधेश पासवान (60) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। कार्रवाई के लिए फर्द बयान संबंधित थाना को भेजा जायेगा। अस्पताल में मौजूद मृतक के भाई परवेश मांझी ने बताया कि शनिवार की शाम 07 बजे घर से मझरिया निवासी भोला के घर अवधेश पासवान पैदल जा रहे थे।

## चार नाबालिग लड़कियां एक साथ गायब, जांच में जुटी पुलिस

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के नवलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से चार नाबालिग लड़कियां अचानक से लापता हो गयी।चारों किशोरी सरेह में पशु चारा काटने के लिए सुबह में निकली थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने लड़कियों की सकुशल वापसी के लिए कार्रवाई आरंभ कर दिया है। लड़कियों के गायब होने की पुष्टि एसडीपीओ सदर टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने भी की है। बताया है कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया कर निरीक्षण करवाया गया है। कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ श्री प्रियदर्शी ने बताया कि नवलपुर थाना क्षेत्र के एक हीं गांव के एक हीं परिवार के चार भाईयों ने शनिवार की शाम में आकर पुलिस को सूचना दी कि शनिवार की सुबह गांव की चार नाबालिग लड़कियां पशु चारा लाने के लिए गांव के बाहर सरेह में गयी थी। जब वे दिन के 11.30 तक नही पहुंची तो घरवालों को चिंता जगी। गांव से लेकर पुरे इलाके में खोजबीन होने लगी। जब देर शाम तक नही मिली तो इसकी जानकारी थाना पर दी गयी। एसडीपीओ ने बताया कि इन लोगो से मिली जानकारी के आधार पर नवलपुर थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी। सूचना मिलते हीं पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ टू के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया है। टीम के सदस्यों ने डीआईयू, डॉग स्क्वायड टीम के साथ निरीक्षण किया है। इसके साथ हीं परिजनों एवं गांव में कतिपय लोगो पुछताछ की गयी है। शीघ्र हीं लड़कियों को बरामद करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

# खाहड़ नदी पर बना पुल हुआ जर्जर ,आवागमन में परेशानी



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के शिकारपुर गांव से होकर इनरवा और मोहम्मदपुर समेत कई गांव को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में इनरवा गाव के समीप खाहड़ नदी पर बना पुल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस पुल से होकर आवागमन करना खतरे से खाली नही है। कई बार चनपटिया सेंटर, केसरिया, मोहम्मदपुर, मुजौना समेत अन्य गांव जाने वाले लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके है। ग्रामीण ललन यादव, हसन अंसारी शिवनारायण कुशवाहा, कैशुद्दीन अंसारी, और राजेश्वर शर्मा समेत कई लोगों ने बताया कि पुल काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। वही बरसात के मौसम में नदी में पानी बढ़ने से इस पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। और काफी खतरा भी बना रहता है। इसको लेकर कई बार जनप्रतिनिधियो व अधिकारियो से शिकायत भी की गई है लेकिन अभी तक कोई पहल नही हो सका है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आती है। इसी सड़क व पुल से होकर करीब आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगो को अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालय पहुंचते है। लेकिन सड़क व पुल की मरम्मत या नए निर्माण को लेकर अधिकारियों की उदासीनता लोगो के लिए काफी कष्टदायक हो गई है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क व पुल के निर्माण की मांग की है ताकि उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके।इधर शिकारपुर पंचायत के मुखिया राहुल जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2017 में आई बाढ़ में सड़क और पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद से इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं हो सका है। इसको लेकर मुखिया ने भी पांच जनवरी, 2024 को जिला पदाधिकारी समेत कई अधिकारियों को पत्र लिखकर पुल एवं सड़क के निर्माण की मांग की थी। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

## सीवान रेलवे कॉलोनी के मुख्य गेट के पास बना कूड़ा प्वाइंट, नप की व्यवस्था से कर्मी परेशान

### रेलवे कॉलोनी में रोजाना लगता गंदगी का ढेर, स्वास्थ्य संकट बढ़ा



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर परिषद द्वारा रेलवे कॉलोनी के मुख्य गेट के समीप कूड़ा जमा करने के लिए बनाए गए प्वाइंट से क्षेत्र के कर्मी और स्थानीय लोग परेशान हैं. प्रतिदिन यहां बड़ी मात्रा में कूड़ा डाला जाता है, जिससे बदबू और गंदगी फैल रही है.रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों का कहना है कि मुख्य गेट के पास इस तरह की व्यवस्था से आना-जाना मुश्किल हो गया है. कूड़े से मच्छरों और अन्य कीटों की संख्या बढ़ गई है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है.वरिष्ठ मंडल रेल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ केशव कुमार ने बताया कि हमने कई बार नगर परिषद से इस कूड़ा प्वाइंट को हटाने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.इस संबंध में जब नगर परिषद के एक अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था कर इस समस्या का समाधान किया जाएगा.रेल कर्मचारी यूनियन के नेता विनोद रंजन ने कहा कि जहां कूड़ा प्वाइंट बनाया गया है उसके समीप रेल कर्मचारियों का रनिंग रूम है.रेल कर्मचारियों को कूड़ा से निकली बदबू से काफी परेशानी होती है.

## गोरेयाकोठी में आज फिर तीन चार घंटे बंद रहेगी बिजली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के गोरेयाकोठी प्रखंड में सोमवार को भी तीन घंटे बिजली बंद रहेगी। गोरेयाकोठी के जेई शशि भूषण कुमार ने बताया कि मलमलिया (महाराजगंज) ग्रिड से सोमवार की सुबह 7 बजे से 10 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी विद्युत तार को ऊंचा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर नए पोल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इसे किसी भी हाल में सोमवार को ही पूरा कर लिया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के दौरान गोरेयाकोठी पावर सब स्टेशन से जुड़े तीन फीडरों गोरेयाकोठी, मुस्तफाबाद व डुमरा फीडर की आपूर्ति ठप रहेगी। जेई ने बिजली कटौती से पहले अपने जरूरी बिजली संबंधी कार्य पूरा कर लेने की अपील की है।

## रेल लाइन के किनारे पराली नहीं जलाने के लिए आरपीएफ ने गांव वालों को किया जागरूक

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान के क्षेत्राधिकार में रेलवे स्टेशन दरौंदा-सीवान के मध्य रेल ट्रैक के किनारे गांवों में अपने खेतों में पराली न जलाने व रेल ट्रैक के किनारे आग न लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया.आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया गोपालपुर, पचरुखी तथा चांप में जागरूकता अभियान चलाया गया. ग्रामीणों को बताया गया कि अपने खेतों में पराली न जलाए.ऐसा करने पर पर्यावरण को भारी नुकसान होता है और आग से कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है.गांव वालों से खा गया कि आप लोग ऐसा कोई कार्य न करें और यदि कोई करता है तो उसे रोके.लाईन



कि रविवार को उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार एएसआई ग्यास सरवर व इंजीनियरिंग विभाग सीवान के आईओडब्लू बच्चा प्रसाद के साथ संयुक्त रूप से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान के अंतर्गत दरौंदा स्टेशन से सीवान स्टेशन के मध्य रेल लाइन के किनारे पड़ने वाले गांव हड़सर,मछौती, के किनारे आग लगने पर तुरन्त सूचित करें ,गाड़ियों पर पत्थर न फेंके, गाड़ियों में चैनपुलिंग न करे, रेल ट्रैक को तथा बंद एलसी गेट को पार न करें.उपरोक्त कार्य करना नियमानुसार गलत है . उपरोक्त कार्य करने वालों के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाने की बात बताई गई.

## स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ विरोध रैली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल अस्पताल में चिकित्सा कर्मियो की लापरवाही का आरोप लगाते हुए रविवार को शहर में रैली निकाली गई। मामला एक 6 माह की बच्ची के इलाज के दौरान मौत से जुड़ा हुआ है। मृत बच्ची के परिजनों ने नगर के पोखरा चौक स्थित राम जानकी मंदिर परिसर से एक रैली निकालकर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाते हुए करवाई की मांग की है। मृत बच्ची मानसी कुमारी के पिता कृष्ण कुमार पांडेय एवं माता आरती देवी ने बताया कि 23 जनवरी 2025 को की रात्रि करीब 2 बजे बच्ची की तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद परिजन अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए गए थे। इस दौरान चिकित्सा कर्मियो की लापरवाही से बच्ची की मौत हो गई।

## पंडित सवलिया मिश्र स्मृति सह मेधावी छात्र सम्मान समारोह 15 को



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय छपरा के सभागार में आगामी 15 मई को प्रातः 8 बजे से पंडित सवलिया मिश्र स्मृति सह मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के निमार्ता विभूषण से विभूषित, यशस्वी प्रधानाध्यापक पंडित सवलिया मिश्र का 44वां एवं 45वां संयुक्त स्मृति समारोह आयोजित होगा। ज्ञात हो कि विगत वर्ष लोकसभा चुनाव के कारण 44वां समारोह स्थगित कर दिया गया था। समारोह का उद्घाटन विधान पार्षद प्रो. (डॉ) वीरेंद्र नारायण यादव करेंगे। कार्यक्रम में जिले की शीर्ष शैक्षिक विभूतियों व विद्वानों ने अपनी उपस्थिति की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें पूर्व प्राचार्य प्रो. के. के. द्विवेदी, प्रो. डॉ मृदुल शरण, प्रो. डॉ कामेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. डॉ. लालबाबू यादव, समाजसेवी श्रीपति परमात्मा, विदुषी कश्मीरा सिंह, अपर पुलिस उपाधीक्षक रामनाथ सिंह, बैंक प्रबंधक महेश कुमार वर्मा, वरीय अधिवक्ता पंडित भगवान मिश्र के नाम उल्लेखनीय हैं। इस अवसर पर लोक कलाकार रामेश्वर गोप द्वारा भोजपुरिया राष्ट्रगान 'बटोहिया' तथा नटराज संगीत कलाकेंद्र की ओर से सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान की प्रस्तुति की जाएगी। समारोह में विद्यालय के सभी बच्चों के बीच कलम व टॉफी का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही वर्ष 2023 एवं 2024 सत्र के विभिन्न कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पंडित सवलिया मिश्र मेधावी छात्र सम्मान व पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

## आग से आधा दर्जन घर जलकर हुए खाक

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना भपटा गांव के वार्ड नंबर 9 में शनिवार की रात अचानक आग लगने से लगभग आधा दर्जन घर जलकर राख हो गया। जिसमें अशोक चौधरी उरप्रमिला देवी भगराशन पासवान सतन चौधरी विनय पासवान इंद्रासन हाजरा का घर शामिल है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार शनिवार लगभग शाम 7 बजे आग अशोक चौधरी के घर से फैली और देखते-देखते लगभग आधा दर्जन घर को अपने चपेट में ले लिया। आग इतना भयावह थी कि उसके पास पहुंचना मुश्किल हो रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अग्निशाम दस्ते को दी। मौके पर पहुंची अग्निशाम दस्ते की टीम और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखा सामान धान गेहूं बिछावन कपड़ा सब जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता अनिसुर रहमान एवं पंचायत के मुखिया नवीन कुमार उर्फ गोरख जी ने इसकी सूचना अंचलाधिकारी नरकटियागंज एवं थानाध्यक्ष धीरज कुमार को दी।

# सेवा भावना के बगैर नर्स बनने का सपना अधूराः फुलमनी ब्राउद

### विश्व नर्स दिवस विशेष

### मरीज की मुस्कान ही एएनएम की सच्ची कमाई



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले की एएनएम फुलमनी ब्राउद का जीवन समर्पण, सेवा और करुणा की मिसाल बन चुका है.वैसे तो फुलमनी ब्राउद बचपन से ही गरीब और पीड़ित लोगों की सेवा करने का सपना देखा करती थीं. जिस कारण उन्होंने नर्सिंग को महज पेशा नहीं, बल्कि गरीबों की सेवा को परम धर्म मानती है.शायद यही कारण है कि बचपन से ही रोगियों की सेवा में दिलचस्पी थी. 1989 में नर्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद झारखंड की राजधानी रांची और खूंटी में रहकर असहाय और जरूरतमंदों की सेवा करनी शुरू की थी. हालांकि यह सिलसिला अनवरत चल रहा है.सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर के प्रसव कक्ष में प्रतिनियुक्त फुलमनी का मानना है कि सेवा भावना के बगैर नर्स बनने का सपना अधूरा ही रहता है.क्योंकि उन्होंने कई बार विकट स्थितियों में रहने के बावजूद भी मरीजों की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है.चाहे किसी प्रसव पीड़िता की रात में देखभाल करनी हो या वैश्विक स्तर पर फैली महामारी कोरोना संक्रमण काल के दौरान आपात स्थिति में प्रारंभिक रूप से इलाज करना हो, वह हर समय तत्पर रही हैं.उनका मानना है कि बीमार और लाचार लोगों की सेवा करना मेरे लिए पूजा के समान है.जब कोई मरीज मेरे हाथों ठीक होकर मुस्कुराता है, तो वही मेरी सबसे बड़ी कमाई होती है.

**गरीबों की सेवा करने के उद्देश्य से की नर्सिंग की पढ़ाई**

फुलमनी ब्राउद ने बताया कि बचपन में गांव में बहुत ही करीब से गरीबी को देखा और झेला है। उसी समय मन में बैठा लिया कि गरीबों की सेवा करने के उद्देश्य से नर्सिंग की पढ़ाई करूंगी। उसके बाद वर्ष 2002 में सीवान जिले के गोरेयाकोठी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में योगदान करने के बाद भीट्ठी गांव के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेरी तैनाती कर दी गई. लगभग 6 वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला. उसके बाद जून 2008 से लेकर अभी तक बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं दे रही हूं. हालांकि अभी भी भीठी गांव की गर्भवती महिलाएं बसंतपुर सीएचसी आकर प्रसव कराती हैं. जिस कारण मैं जहां भी जाती हूं, लोग आदर से नाम लेते हैं. यही मेरी असली पहचान है.

**नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह है एक जीवन दर्शन**

सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि नर्स दिवस पर फुलमनी जैसे कर्मवीरों को सलाम, जो अपने निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज के लिए कार्य करती हैं. स्वास्थ्य सेवाओं की नींव में जो सबसे मजबूत ईंट होती है. प्रसव पीड़ा से पीड़ित गर्भवती महिलाओं की देखभाल करना केवल नौकरी नहीं, बल्कि आत्मा की तृप्ति होती है. आज जब हम लोग नर्स दिवस मना रहे हैं, तो यह जरूरी है कि हम उन नर्सों को भी याद करें जो रोजमर्रा की ज़िंदगी में मरीजों के दर्द को अपना समझकर उनकी सेवा करती हैं.फुलमनी ब्राउद की कहानी बताती है कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह एक जीवन दर्शन है.नर्सों के द्वारा गहन देखभाल, सर्जरी, मातृत्व देखभाल, बाह्य रोगी सेवाएं और सामुदायिक स्वास्थ्य को बेहद नजदीक से देखते हुए अनेक प्रकार की भूमिकाओं का निर्वहन करती है.

# नल जल की पाइप फूटने से मुख्य सड़क पर जलजमाव



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चीनी मिल चौक से नानोसती जाने वाली मुख्य सड़क पर नल जल की पाइप एक माह से लीक है।पुराना पेट्रोल पंप सतभिडवा के पास यह पाइप टूटी हुई है। इससे लगातार पानी बह रहा है। सड़क पर जल जमाव और कीचड़ बना हुआ है।इससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।हर दिन इस सड़क से 7000 से ज्यादा लोग गुजरते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी आसपास के लोगों को हो रही है। उन्हें घर से निकलते ही पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।ग्रामीण पूर्व शिक्षक भिखारी पांडेय और सुनील पांडेय ने बताया कि पीएचडी विभाग के कर्मियों से कई बार शिकायत की गई। इसके बाद भी पाइप की मरम्मत नहीं हुई।राजकीय प्राथमिक विद्यालय मझौलिया के पास नाले का पानी भी मुख्य सड़क पर बह रहा है।इससे बदबू फैल रही है। वातावरण दूषित हो गया है। स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। यह सड़क प्रखंड मुख्यालय को जोड़ती है।फिर भी जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

# सरकार महिलाओं के लिए चला रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं : डीएम

## औरंगाबाद जिले के 30 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के सभी ग्यारह प्रखंडों के चयनित कुल 30 ग्राम संगठनों में रविवार को महिला संवाद कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिले में अभी तक 619 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजन किया जा चुका है जिसमें प्रतिदिन 15 महिला संवाद रथ का संचालन दो पालियों में किया जा रहा है। इसके माध्यम से बिहार सरकार महिलाओं के साथ सीधा संवाद करने की अनूठी पहल कर रही है और महिला सशक्तीकरण संबंधी योजनाओं की जानकारी महिलाओं के साथ साझा की जा रही है। महिलाएं इन योजनाओं से हुए सीधे लाभ की बात करती है और योजनाओं को और बेहतर बनाने की बात भी संजीदगी के साथ करती है। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब अपने सपनों और आकांक्षाओं को खुलकर व्यक्त कर रही है। राज्य सरकार की पहल से 'महिला संवाद' उनके लिए उम्मीदों का एक ऐसा मंच साबित हो रहा है, जहां वे न केवल अपनी समस्याओं को उजागर कर रही हैं, बल्कि विकास की नई संभावनाओं की ओर भी इशारा कर रही है। महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं अपनी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को सीधे सरकार तक पहुंचा रही हैं, वहीं सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन में हुए बदलाव को साझा कर दूसरों को प्रेरित भी कर रही है। राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं बसंती देवी, रेखा देवी, कांति देवी, सविता देवी आदि ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे इन योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपने परिवार के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार किया है और गांव की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं। पिछले 20 सालों में राज्य में हुए विकास को उत्तरोत्तर गति प्रदान करने के उद्देश्य से महिला संवाद में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है, जहां गांव की महिलाएं गांव के विकास के लिए अपनी इच्छाएं एवं आकांक्षाओं को सूचीबद्ध करा रही हैं। ग्राम संगठन स्तर पर राज्य के सभी जिलों में महिला संवाद आयोजित किये जा रहे हैं, साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजना की सफलता पर आधारित फिल्में भी महिला संवाद रथ में प्रदर्शित की जा रही है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए राज्य में संचालित योजनाओं से संबंधित लीफलेट महिलाओं के बीच वितरित किया जा रहा है ताकि अब तक अगर कोई भी महिला योजनाओं का लाभ नहीं ले पाई है तो उससे जुड़कर अपने जीवन में बदलाव लाये और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिलाओं के नाम संदेश भी सभी को दिया जा रहा है। बारुन प्रखंड क्षेत्र के गनपत तेंदुआ अंतर्गत पार्वती ग्राम संगठन के महिला संवाद में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका पवन कुमार, प्रबंधक सामाजिक विकास सुरेश चौधरी, बारुन प्रखंड परियोजना प्रबंधक अखिलेश कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक अमित कुमार, सामुदायिक समन्वयक प्रतिमा कुमारी एवं सभी महिलाओं ने भाग लिया। जिलाधिकारी द्वारा महिला संवाद के बारे बताया गया की बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री बालिका साईकिल योजना एवं बालिका पोशाक योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया और इसका लाभ लेने के लिए उपस्थित सभी महिलाओं को प्रेरित किया गया।

# बाइकों की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारुन (औरंगाबाद)।** रविवार रात नरारी कला खुर्द क्षेत्र के मेह पुल और इंद्रपुरी पुल के बीच नहर किनारे वाली सड़क पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे ने दो परिवारों की खुशियों को गहरे मातम में बदल दिया। जानकारी के अनुसार कुड़वा गांव निवासी 55 वर्षीय श्रीनिवास पाण्डेय अपनी बेटी के घर रोहतास जिले के पटनवा गांव, पुत्र ऋषिकेश दुबे (15 वर्ष) के साथ बाइक से जा रहे थे। रास्ते में नहर की सड़क पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही श्रीनिवास पाण्डेय और दूसरी बाइक पर सवार युवक विकास कुमार (16 वर्ष) की मौत हो गई। विकास कुमार की पहचान तिलौथू थाना क्षेत्र के कुशडिहरा गांव निवासी नागेश्वर पासवान के पुत्र के रूप में हुई है। वह पढ़ाई के साथ-साथ पार्टटाइम काम भी करते थे। बताया जा रहा है कि वह अपने गांव के किसी परिचित की बाइक लेकर मेह जा रहे थे। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को बारुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्रीनिवास पाण्डेय और विकास कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल ऋषिकेश दुबे की हालत गंभीर देखते हुए उसे नारायण मेडिकल कॉलेज, जमुहार रेफर कर दिया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मृतक श्रीनिवास पाण्डेय हाल ही में 8 मई को अपनी बेटी की शादी कर चुके थे। परिजनों के अनुसार वे कलावा लेकर बेटी के घर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मौत की सूचना मिलते ही बारुन थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव और नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। दो घरों में मातम पसरा हुआ है और परिजन बेसुध हालत में हैं।

# विद्युत पोल से टकराया बाइक सवार सिंचाई कर्मी, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चकमे से बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराया, जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जरमाखाप गांव के नहर पास की है। मृतक की पहचान छोटकी बेला गांव निवासी समरू यादव के 45 वर्षीय पुत्र विनोद यादव के रूप में हुई है। वह दाउदनगर स्थित सिंचाई विभाग में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। विनोद शनिवार रात बाइक से गंगटी गांव अपने दोस्त जितेंद्र यादव से मिलने गए थे। वापस लौटने के क्रम में घटना घटित हुई। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर नगर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# दुश्मनों के छक्के छुड़ाने को तैयार हैं स्काउट- गाइड औरंगाबाद के स्वयंसेवक

## अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के निर्देश एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध के बनते पृष्ठभूमि को देखते हुए बिहार के आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के निर्देश के आलोक में बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड के राज्य सचिव सह जिला संगठन आयुक्त स्काउट औरंगाबाद श्रीनिवास कुमार के नेतृत्व में औरंगाबाद के सभी लीडर्स की एक बैठक जिला प्रशिक्षण केंद्र बभंडी के परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत पाकिस्तान के बीच उत्पन्न स्थिति को देखते हुए औरंगाबाद जिला में लगभग 400 स्काउट गाइड को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा जो भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार आपदा विभाग एवं जिला प्रशासन को 24 घंटा अपनी सेवा देने के लिए तत्पर रहेंगे। आपात बैठक मैं यह निर्णय लिया गया कि दो दिनों के अंदर सभी अपने अपने प्रखंड से 18 वर्ष से अधिक एवं 40 वर्ष से कम उम्र के प्रशिक्षित स्काउट गाइड स्वयंसेवको की सूची उपलब्ध कराएंगे, ताकि उस सूची को राज्य सरकार को सौंपा जा सके जिससे किसी भी आपात स्थिति में सरकार स्काउट और गाइड का डिफेन्स वालेंटियर के रूप में उपयोग कर सके। राज्य सचिव श्रीनिवास कुमार ने बताया की भारत स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण भी सैन्य प्रशिक्षण का एक लघु रूप है। जिसमे स्काउट और गाइड को प्राथमिक उपचार, गांठ विद्या, सीपीआर, टेंट पिचिंग सहित आपात स्थिति में बचने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में कार्यालय परिचारी के प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के अवसर पर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा के सुचारू एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में सभी सुविधाओं जैसे कि बैठने की व्यवस्था, बिजली, पानी, परीक्षा कक्ष, परीक्षा सामग्री, परीक्षार्थियों के प्रवेश और निकास की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

डॉ. सतार अहमद
श्यामपुर बाजार
आदापुर (पूर्वी चम्पारण)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

रणधीर कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
आदापुर (पूर्वी चम्पारण)

# श्री सीमेंट के सहयोग से विष्णु धाम मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

## जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** रविवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जम्होर स्थित ऐतिहासिक विष्णुधाम मंदिर परिसर का दौरा कर सौंदर्यीकरण कार्यों हेतु स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के समग्र विकास की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि श्री सीमेंट के सहयोग से मंदिर के अंदर लाल रंग के लखा ग्रेनाइट मार्बल लगाया जाएगा। साथ ही पूरे परिसर में उच्च गुणवत्ता का मार्बल फ्लोरिंग किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं रात्रिकालीन सौंदर्य के लिए हाई मास्क लाइट्स भी लगाई जाएंगी। इस अवसर पर विष्णु धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष, संरक्षक एवं सदस्यों ने जिला पदाधिकारी तथा अन्य अधिकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, जिला कला-संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, विष्णु धाम मंदिर समिति के पदाधिकारी, जम्होर पंचायत की मुखिया तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। स्थानीयजनों ने मंदिर सौंदर्यीकरण की इस पहल का स्वागत किया और प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। विष्णु धाम मंदिर का यह विकास कार्य न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगा।

# तीन साल बाद आयोजित परीक्षा में अभ्यर्थियों की भारी गैरहाजिरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा कार्यालय परिचारी के पदों के लिए आयोजित की गई बहुप्रतीक्षित परीक्षा में अभ्यर्थियों की भारी अनुपस्थिति दर्ज की गई। कुल 12,404 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से मात्र 3,014 ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि शेष 9,390 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। इस प्रकार कुल 75.70 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा जिले भर के 20 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस पद के लिए आवेदन वर्ष 2022 में आमंत्रित किए गए थे, लेकिन परीक्षा का आयोजन तीन वर्षों के लंबे इंतजार के बाद वर्ष 2025 में किया गया। इस विलंब ने ही परीक्षार्थियों के उत्साह पर पानी फेर दिया और बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। बेरोजगारी के दौर में जब एक-एक सरकारी पद के लिए हजारों युवा आवेदन करते हैं, वहां इतने बड़े पैमाने पर अनुपस्थिति कई सवाल खड़े करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि नियुक्ति प्रक्रिया में अत्यधिक विलंब युवाओं के विश्वास को कमजोर करता है। आवेदन के तीन साल बाद परीक्षा आयोजित करने से कई अभ्यर्थी या तो आयु सीमा पार कर गए, अन्य नौकरियों में लग गए या इस परीक्षा को लेकर रुचि खो बैठे।

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

मो. वसिक हुसैन
प्रखंड विकास पदाधिकारी
छौड़ादानो (पूर्वी चम्पारण)

नवबिहार टाइम्स के अत्याधुनिक प्रेस प्लांट के शुभारंभ के अवसर पर हार्दिक बधाई

अकबर देवान
मुखिया
ग्राम पंचायत- बड़ा औरैया
आदापुर (पूर्वी चम्पारण)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR
राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

भगवान बुद्ध का संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, करूणा और शांति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है तथा उनके द्वारा निर्दिष्ट अष्टांगिक मार्ग जीवन को सही और सार्थक दिशा प्रदान करता है। आज विश्व समुदाय जिन अनेकानेक समस्याओं और चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनका समाधान भगवान बुद्ध के दर्शन एवं उपदेशों में निहित है।

आइए, हम सब भगवान बुद्ध के संदेशों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर शांतिपूर्ण, समतामूलक और समावेशी समाज के निर्माण में अहम योगदान देने का संकल्प लें।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-002754 (Governor Secretariat)D. 2025-26


बिहार सरकार
मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं प्रदेश एवं देशवासियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

भगवान बुद्ध का जीवन हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। इनके जीवन–दर्शन से हमें प्रेम, शांति, सद्भाव, त्याग, अहिंसा एवं संयम जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। भगवान बुद्ध के बताये हुए अष्टांगिक मार्ग पर चलकर मनुष्य सम्यक और संतुलित जीवन–यापन करने में सक्षम हो सकता है।

मेरी मंगल कामना है कि भगवान बुद्ध की शिक्षा को आत्मसात कर हम आपसी प्रेम एवं सद्भाव की भावना को और मजबूत करें।

( नीतीश कुमार )

PR No.- 002803 (I & PRD)D. 2025-26